राष्ट्रीय मुख्यधारा PRINT | WEB | VIDEO

बोकारो, गुरुवार

23.01.2025

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 11, अंक : 348

हिन्दी दैनिक

mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी




राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- प्रत्येक बूथ पर 50 फीसदी से अधिक वोट हासिल करने को सभी नागरिकों का दिल जीतने का आह्वान
- केंद्रीय योजनाओं के प्रचार, आआपा सरकार के घोटालों को जन-जन तक पहुंचाने की बताई जरूरत




भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नमो एप के माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत दिल्ली भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद किया और पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जीत का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने बूथ कार्यकर्ता को पार्टी की असली शक्ति बताया और प्रत्येक बूथ पर मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने और हर बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही दिल्ली सरकार के घोटालों से भी अवगत कराने की जरूरत बताई। प्रधानमंत्री ने आबकारी घोटाले को लेकर कहा कि आज दिल्ली में शराब उपलब्ध है, लेकिन लोगों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता पर आआपा वालों की पोल खोलने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आप अपने बूथ की हर उस गली की तस्वीर खींचे, वीडियो बनाएं जहां गंदा पानी बह रहा है, नाली टूटी हुई है, गंदगी के जो ढेर हैं और उन तस्वीरों को आप लोकेशन के साथ लोगों से शेयर करें। दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने का श्रेय बूथ स्तर के कार्यकर्ता को देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में संगठन की ताकत की बदौलत हर बूथ पर यही शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी। इस चुनाव में केवल जीत ही पर्याप्त नहीं है। हमरा लक्ष्य दोहरा होना चाहिए। पहला प्रत्येक बूथ पर मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ने और दूसरा हर बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है। मोदी ने भाजपा की सफलता में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि वह स्वयं सालों तक पार्टी के बूथ कार्यकर्ता रहे हैं।

## 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान ने लैंगिक भेदभाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईः पीएम

**नई दिल्ली।** 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के आज 10 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह एक परिवर्तनकारी और जन-शक्ति से संचालित पहल बन गई है। इसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान लैंगिक भेदभाव को दूर करने और बालिकाओं को सशक्त बनाने में सहायक रहा है। मोदी ने कहा कि इस पहल से कम बाल लिंगानुपात वाले जिलों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस अभियान को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने वाले सभी हितधारकों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर सिलसिलेवार अपनी पोस्ट में लिखा, "आज हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की 10वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। पिछले एक दशक में यह एक परिवर्तनकारी, जन-संचालित पहल बन गई है और इसमें सभी क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी रही है। उन्होंने लिखा, "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान लैंगिक भेदभाव को दूर करने में सहायक रहा है और साथ ही इसने यह सुनिश्चित करने के लिए सही माहौल तैयार किया है कि बालिकाओं को शिक्षा और अपने सपनों को पूरा करने के अवसरों तक पहुंच मिले। प्रधानमंत्री ने लिखा, "लोगों और विभिन्न सामुदायिक सेवा संगठनों के समर्पित प्रयासों के कारण #बेटीबचाओबेटीपढ़ाओ ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कम बाल लिंग अनुपात वाले जिलों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और जागरूकता अभियानों ने लैंगिक समानता के महत्व की गहरी समझ पैदा की है। उन्होंने लिखा, "मैं उन सभी हितधारकों की सराहना करता हूं, जिन्होंने इस आंदोलन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाया है।

## तुर्की के होटल में आधी रात को चल रही पार्टी के दौरान लगी आग 76 की मौत

**एजेंसी। अंकारा**



तुर्की में स्की रिसॉर्ट होटल में लगी आग में कम से कम 76 लोगों की मौत हो गई और 51 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बोलू प्रांत के कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट में स्थित एक होटल में आधी रात के बाद आग लग गई। इमारत में एक मंजिल पर रेस्त्रां चलता है। आग रेस्तरां में लगी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया, कई लोग घबराहट में होटल की इमारत से कूद गए, जिससे उनकी मौत हो गई। कार्तलकाया रिसॉर्ट तुर्की के प्रमुख शीतकालीन पर्यटन स्थलों में से एक है, जो स्की सीजन में हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह होटल 1978 से तुर्की के स्कीयर के लिए एक प्रमुख केंद्र रहा है। बोलू शहर, अंकारा और इस्तांबुल के बीच स्थित एक प्रमुख शहर है, और यह क्षेत्र स्की पर्यटन के लिए जाना जाता है। कोरोग्लू पर्वत की चोटी पर स्थित, बोलू शहर के केंद्र से 38 किमी दूर, अंकारा और इस्तांबुल से 180 किमी दूर, स्की एंड माउंटेन होटल 60,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। बोलू प्रांत के गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन आग की लपटों ने बहुत तेजी से होटल को अपनी चपेट में ले लिया।आग लगने की सूचना मिलने पर अग्निशमन दल, खोज एवं बचाव इकाइयां तथा चिकित्सा दल शहर मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और बचाव टीमों ने मिलकर लगभग 230 लोगों को सुरक्षित निकाला। तुर्की के न्याय मंत्री यिलमाज़ टुनक ने बताया कि इस हादसे की जांच के लिए बोलू प्रांत के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा एक न्यायिक जांच शुरू की गई है। इस जांच में छह लोक अभियोजक और पांच विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पर्यटन मंत्री मेहमत नूरी एर्सॉय ने संवाददाताओं को बताया कि होटल का 2021 और 2024 में निरीक्षण किया गया था, उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि क्षमता के संबंध में कोई नकारात्मक स्थिति" दर्ज नहीं की गई थी। कुछ गवाहों और रिपोर्टों ने सुझाव दिया कि होटल की आग का पता लगाने वाली प्रणाली काम नहीं कर रही थी। तीसरी मंजिल पर रहने वाले एक अतिथि अताकन येलकोवन ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने में दमकलकर्मियों को लगभग एक घंटा लग गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्तव्य पथ पर नौसेना की झांकी में दिखेंगे दो युद्धपोत और पनडुब्बी वाग्शीर



**नई दिल्ली।** कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने में सक्षम 144 नौसैनिक कंधे से कंधा मिलाकर मार्च करेंगे। नौसेना की इस मार्चिंग टुकड़ी को दो महीने से अधिक का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।नौसेना की झांकी में स्वदेशी फ्रंटलाइन जहाजों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को दिखाया जायेगा, जिन्हें हाल ही में भारत के समुद्री बेड़े में शामिल किया गया है। इसके अलावा नौसेना बैंड गर्व और सम्मान के साथ दिल को छू लेने वाली और पैर थिरकाने वाली धुनें बजाएगा। मार्चिंग टुकड़ी के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर साहिल अहलूवालिया ने बताया कि इस बार भाग लेने वाली नौसेना टुकड़ी में 144 युवा कार्मिक शामिल होंगे, जो ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर कंधे से कंधा मिलाकर मार्च करेंगे। टुकड़ी के सदस्यों की औसत आयु 25 वर्ष है। इन कर्मियों को भारतीय नौसेना की सभी शाखाओं से चयनित करके दो महीने से अधिक का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। टुकड़ी का नेतृत्व प्लाटून कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट कमांडर इंद्रेश चौधरी, लेफ्टिनेंट कमांडर काजल भारवी और लेफ्टिनेंट दिविंदर कुमार करेंगे। उन्होंने बताया कि नौसेना की मार्चिंग टुकड़ी भी लघु भारत का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी और नाविक शामिल हैं।

### सभी धर्मों की धर्मिक संपत्तियों के बंदोबस्त के लिए एक ही कानून बनाएंः विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर विचार के लिए बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति को सुझाव दिया है कि सिर्फ मुसलमानों के लिए नहीं, देश में सभी धर्मों की संपत्तियों के लिए एक ही कानून बनाया जाना चाहिए। विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार के माध्यम से भेजे गए पत्र में सुझाव दिया गया है कि विभिन्न धार्मिक समुदायों की संपत्तियों के नियंत्रण और प्रबंधन के लिए अलग-अलग कानूनों के बजाय, देश में सभी धार्मिक संपत्तियों की बंदोबस्ती के लिए एक ही कानून होना चाहिए। जेपीसी को लिखे पत्र में विहिप ने सुझाव दिया है कि 'वक्फ को पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी चल या अचल संपत्ति के स्थायी समर्पण के रूप में परिभाषित किया गया है। यह समर्पण अल्लाह, सर्वशक्तिमान को किया जाता है। एक बार जब कोई संपत्ति इस तरह समर्पित हो जाती है, तो वह सर्वशक्तिमान की संपत्ति बन जाती है और उसमें निहित हो जाती है। पत्र में आगे लिखा है कि इसी तरह हिंदू अपने मंदिरों के रख-रखाव और धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए देवताओं को चल या अचल संपत्ति समर्पित करते हैं। ईसाई, बौद्ध, जैन और सिख सहित दूसरे धर्मों के अनुयायी भी अपनी संपत्ति को अपने धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त उद्देश्यों के लिए समर्पित करते हैं। भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में यह प्रावधान है कि स्टेट पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले पांच सालों तक जारी रखने को मंजूरी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत देश में प्राप्त उपलब्धियों को स्वीकारते हुए आज इसे अगले पांच वर्षों तक जारी रखने को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मिशन के तहत देश ने कई ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। इससे देशभर में करीब 12 लाख स्वास्थ्यकर्मी जुड़े हैं। कोविड के भयावह काल का सामना करने में मिशन ने बड़ी भूमिका निभाई है और देश को 2.20 अरब कोविड टीके लगाए तथा सर्टिफिकेट बांटे गए हैं। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रिमंडल को वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रगति से अवगत कराया गया। मंत्रिमंडल को मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, मृत्यु दर और कुल प्रजनन दर में त्वरित गिरावट तथा टीबी, मलेरिया, कालाजार, डेंगू, तपेदिक, कुष्ठ रोग, वायरल हेपेटाइटिस आदि जैसे विभिन्न रोगों के कार्यक्रमों के संबंध में प्रगति और राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन जैसी नई पहलों से भी अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत 2005 में की गई थी, जिसका उद्देश्य जिला अस्पताल (डीएच) स्तर तक ग्रामीण आबादी, विशेष रूप से कमजोर समूहों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना था। वर्ष 2012 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की अवधारणा बनाई गई और एनआरएचएम को दो उप-मिशनों यानी एनआरएचएम और एनयूएचएम के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रूप में पुनः नामित किया गया।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्राप्त उपलब्धियां

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत देशभर में 220 करोड़ कोविड-19 वैक्सीन की खुराकें दी गईं।
- वर्ष 1990 के बाद से मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है।
- वर्ष 1990 के बाद से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 75 प्रतिशत से अधिक गिरावट आई है।
- टीबी के मामले 2015 में प्रति एक लाख में 237 से घटकर 2023 में 195 हो गए हैं। वहीं इससे मृत्यु दर 28 से घटकर 22 हो गई है।
- प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 1.56 लाख निक्षय मित्र स्वयंसेवक 9.4 लाख से अधिक टीबी रोगियों की सहायता कर रहे हैं।
- वित्त वर्ष 2023-24 तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्रों की संख्या 1.72 लाख तक पहुँच जाएगी।
- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन ने 2.61 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की।
- भारत ने खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान में 97.98 प्रतिशत कवरेज हासिल किया।
- मलेरिया नियंत्रण प्रयासों से मृत्यु दर और मामलों में कमी आई है।
- कालाजार उन्मूलन लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम ने वित्त वर्ष 2023-24 में 4.53 लाख से अधिक डायलिसिस रोगियों को लाभान्वित किया है।

## 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों रिपोर्ट दाखिल करें : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रोड सेफ्टी उपाय और मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर सुनवाई



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्यों में रोड सेफ्टी उपाय और मोटर व्हीकल एक्ट (एमवी कानून) के नियमों को लागू करने के मामले में सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों को इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और रोड सेफ्टी उपायों से संबंधित कानूनी प्रावधानों और नियमों के अनुपालन वाली रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि 5 राज्यों जिसमें पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, एक केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली ने अनुपालन रिपोर्ट भेज दी है। बाकी बचे 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों से जवाब मांगा गया है। ये रिपोर्ट रोड सेफ्टी पर बनी सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के पास भेजी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि राज्य सरकारों को एक्सीडेंट होने वाली जगहों, जंक्शनों और 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगाने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को जल्द अनुपालन के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश भेजने का निर्देश भी दिया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2 सितंबर 2024 को सभी राज्य सरकारों को मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 136ए को लागू करने का निर्देश दिया था। जो तेज गति से चलने वाले वाहनों की इलेक्ट्रॉनिक रूप से निगरानी करने की परमिशन देता है। इस एक्ट के नियम 167ए के तहत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फुटेज के आधार पर चालान जारी होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों को इस लेकर सख्त कदम उठाने का भी निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने बताया कि रोड सेफ्टी पर बनाई गई कमेटी द्वारा 25 मार्च को इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद केंद्र इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और रोड सेफ्टी के उपायों की संचालन प्रक्रिया तैयार करने में विचार कर सकता है। पैनल रोड सेफ्टी रिपोर्ट पर विचार-विमर्श के लिए 6 राज्यों की सहायता ले सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों द्वारा पहने जाने वाले बॉडी कैमरे से यातायात नियमों तोड़ने वालों की रिकॉर्डिंग होगी। इसके बाद फोटो, डेट, टाइम और जगह के सबूत के साथ चालान जारी हो जाएंगे। दरअसल देश में 5 साल में सड़क हादसों में 7.77 लाख मौतें हुई हैं।

## जूट के एमएसपी में 315 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जूट के एमएसपी को मंजूरी प्रदान की है। 2025-26 के सीजन के लिए कच्चे जूट का एसपी 5650 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। पिछले सीजन 2024-25 के मुकाबले जूट के मूल्य में 315 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि 2014-15 के बाद से 2025-26 के दौरान जूट के खरीद मूल्य को 2400 रुपये से बढ़ाकर 5650 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यानि इन सालों में एमएसपी में 2.35 गुना की वृद्धि की गई है।

## शौचालयों का पानी बेचकर हर साल होती है 300 करोड़ की आमदनीः केंद्रीय मंत्री गडकरी

**एजेंसी। पणजी**



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी विवादों से दूर और बेहतर काम करने वाले नेता के तौर पर जाने जाते हैं। उनके कई कामों ने देश दुनिया को हैरान किया है। गोवा में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने शौचालयों को जिक्र करते हुए कहा कि मेरे क्षेत्र में पिछले 8 साल से हम शौचालयों का पानी बेच रहे हैं, जिससे हमें हर साल 300 करोड़ रुपये की आय हो रही है। इसके साथ ही, हम कचरे को अलग करके प्लास्टिक, धातु, और कांच जैसे रिसाइकिल होने वाले पदार्थों को निकाल रहे हैं। हम जैविक कचरे से बायो सीएनजी भी बना रहे हैं, और 28 टन बायो सीएनजी का उत्पादन कर रहे हैं। हमारा यह प्रोजेक्ट सिर्फ 2 महीने में पूरा होने वाला है, जो पारिस्थितिकी के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। गडकरी ने सार्वजनिक मंच से बताया कि मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में है। मुझे 11 डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है और उनमें से 6 उपाधियां कृषि और जल संरक्षण से संबंधित हैं। यह मेरे लिए एक जुनून है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने ये भी बताया कि जिस विषय में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है उसके प्रति वो जुनूनी हैं। उन्होंने ये बातें गोवा में फैशन डिजाइनर रितू बेरी के फंक्शन में अपने संबोधन के दौरान कही। गडकरी ने कहा, जहां एक तरफ दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में आबादी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ सुकून की तलाश के लिए लोग बड़ी संख्या में गोवा का रुख कर रहे हैं, लेकिन अब यहां पर भी लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। इसके बाद उन्होंने अपनी रुचि पर बात की। बोले, गोवा में बुनियादी ढांचे का विकास मेरे जिम्मे है, और मैं इस काम के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं। हालांकि, मेरी असली रुचि जैविक खेती, कृषि, और जल संरक्षण में है। मुझे 11 डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है और उनमें से 6 उपाधियां कृषि और जल संरक्षण से संबंधित हैं। यह मेरे लिए एक जुनून है।

## अंग्रेजों ने 200 साल में 64.82 खरब अमेरिकी डॉलर पैसा भारत से लूटा

**एजेंसी। लंदन**




ब्रिटेन द्वारा भारत पर किए गए 200 साल के औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत से अविश्वसनीय रूप से धन की लूट हुई। हाल ही में ब्रिटेन के अधिकार समूह की रिपोर्ट ने चौंकाने वाले आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 1765 से 1900 तक ब्रिटेन ने भारत से 64.82 खरब अमेरिकी डॉलर का शोषण किया। इस धन का बड़ा हिस्सा ब्रिटेन के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों तक पहुंचा। यह राशि इतनी बड़ी है कि इससे लंदन की भूमि को 50 ब्रिटिश पाउंड के नोटों से चार बार ढक सकते है। रिपोर्ट के अनुसार, उपनिवेशवाद के दौरान भारत वैश्विक औद्योगिक उत्पादन में 25 प्रतिशत योगदान देता था, लेकिन 1900 तक यह घटकर 2 प्रतिशत बचा। ब्रिटेन की संरक्षणवादी नीतियों ने भारत के औद्योगिक विकास को बाधित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि 1700 में भारत दुनिया की 22.6 प्रतिशत दौलत उत्पन्न करता था, जो 1952 तक घटकर केवल 3.8 प्रतिशत रह गई। रिपोर्ट में दावा किया गया कि औपनिवेशिक युग की बहुराष्ट्रीय कंपनियों, जैसे ईस्ट इंडिया कंपनी, ने उपनिवेशित देशों का जमकर दोहन किया। भारत से लूटे गए धन का उपयोग ब्रिटेन में नई व्यापारिक और औद्योगिक व्यवस्थाओं को खड़ा करने में किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि 1765 और 1900 के बीच ब्रिटेन के शीर्ष 10 प्रतिशत धनी व्यक्तियों ने सिर्फ भारत से 33.8 खरब डॉलर का लाभ कमाया। इसके अलावा, नए उभरते मध्यम वर्ग ने भी लूट का 32 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त किया।

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने कर्नाटक बस दुर्घटना पर जताया शोक, अनुग्रह राशि की घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ में हुई बस दुर्घटना में जनहानि पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये तथा घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, "कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में सड़क दुर्घटना में हुई दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु से मैं दुखी हूं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा, "कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में हुए हादसे में लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।

## ए राजा ने वक्फ पर जेपीसी की बैठक को आगे बढ़ाए जाने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएम) नेता ए राजा ने वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल से विपक्षी पार्टियों के सदस्यों की ओर से आगामी 24 और 25 जनवरी को आयोजित बैठक को 30 से 31 जनवरी तक आगे बढ़ाए जाने के लिए पत्र लिखा है। ए राजा ने जगदंबिका पाल को लिखा है कि हाल ही में जेपीसी सदस्यों ने पटना, कोलकाता और लखनऊ में हितधारकों से उनकी राय जानने के लिए कल (21 जनवरी) को ही अपना टूर पूरा किया है। साथ ही वहां के हितधारकों को एक सप्ताह का समय दिया है कि वे अपने सुझाव लिखित तौर पर भेजें। इसके अलावा सदस्यों की अपने क्षेत्र से जुड़ी कुछ स्थानीय प्रतिबद्धताएं भी हैं, जिन्हें हमें पूरा करना है। इन्हें देखते हुए वे सकारात्मक रूप से विचार करें और समिति की अगली बैठक को 30 जनवरी पूरे दिन और 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद के समय के लिए आगे बढ़ा दें। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया था कि वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति 24-25 जनवरी को प्रस्तावित संशोधनों पर खंड-दर-खंड चर्चा शुरू करेगी।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 23 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### बेड़ो से 74 वर्षीय बुजुर्ग हुआ लापता



Bबेड़ो थाना क्षेत्र के तेतरटोली बेड़ो से एक 74 वर्षीय बुजुर्ग गुरुचरण लोहरा के अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित चचरे भाई कृष्णा लोहरा ने बेड़ो थाना में अपने चचरे भाई की गुमशुदगी का एक मामला दर्ज कराया है। कृष्णा लोहरा ने बताया कि मेरा चचेरा भाई गुरुचरण लोहरा 15 जनवरी 2025 को पश्चिम बंगाल के मलांगी चाय बागान हसीमारा जलपाईगुड़ी काल चीनी से मेरे घर आया था। मेरे घर पर एक दिन रहने के बाद 17 जनवरी को बेड़ो तेतर टोली अपने फुआ दुखनी देवी के घर पहुंचा। वहीं 18 जनवरी को फुआ के घर से गाड़ी भाड़ा का पैसा लेकर जलपाईगुड़ी जाने के लिए निकला। लेकिन वह अभी तक अपने घर नहीं पहुंचा है।

मेरे चचरे भाई के स्वजनों ने काफी खोजबीन किया परंतु गुरुचरण का पता नहीं लगा। इधर वहीं मंगलवार को कृष्णा लोहरा ने बेड़ो थाना में अपने चचरे भाई के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। वहीं गुरुचरण के नहीं मिलने से स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी।

### लापुंग में जंगली भालू के हमले से वृद्ध महिला घायल



**संवाददाता लापुंगः-** लापुंग प्रखंड के चंपाडिह निवासी वृद्ध महिला सुलामी हेरेंज को बुधवार को जंगली भालू ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना बुधवार की दोपहर की है। जहां महिला चंपाडिह टोंगरी के नीचे स्थित अपने बारी में झाड़ी की कटाई कर रहीं थीं। इसी दौरान जंगली भालू ने वृद्ध महिला पर अचानक हमला कर घायल कर दिया। महिला ने अपने पास रखें दौली भांजी तब जाकर जंगली भालू भाग गया। घटना के बाद घायल महिला को स्वजनों ने पहले दवा दिया लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इलाज कराए।

### नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी के घर एसीबी की छापेमारी

**एजेंसी । रांचीः** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में बुधवार की सुबह से कार्रवाई कर रही है। एसीबी की टीम नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के मोरहाबादी के रामकृष्ण मिशन के पास स्थित आवास और गुमला के घाघरा में स्थित आवास पर पहुंचकर छापेमारी कर रही है। इसकी पुष्टि निगरानी के एसपी ने की है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए रांची के सदर सीओ को 37 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया था।

### रोजी रोजगार के लिए यूपी के ईंट भट्ठा मे गए युवक की मौत

**एजेंसी । लोहरदगा।** रोजी रोजगार के लिए यूपी के ईंट भट्ठा मे गए युवक की मौत लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड मुख्यालय आदिवासी मुहल्ला निवासी महाबीर उरांव के पुत्र बाबे उरांव (25) की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। बाबे छह माह पहले उतर प्रदेश के गोरखपुर ईट भठे में काम करने गया था। बाबे ट्रैक्टर ईट ढुलाई करता था। ईट ले जाने के दौरान बाबे अचानक ट्रैक्टर के ट्रॉली से गिर गया, जिसके बाद ट्रॉली का पहिया बाबे के उपर चढ गया। इससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। बाबे उरांव का शव बुधवार को पैतृक गांव कैरो लाया गया। शव के पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। बाबे बहुत ही गरीब परिवार से हैं बाबे का बड़ा भाई विगत चार माह पूर्व फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया था। झाटना के बाद मृतक के पिता महाबीर उरांव के सामने दुखो का पहाड टूट पड़ा है। उसके सामने बाबे उरांव की पत्नी पूनम उरांव ,एक पुत्र,एक पुत्री के लालन पालन की जिम्मेवारी आन पड़ी है।

### मकान निर्माण के क्रम में छज्जा गिरने से एक मजदूर की मौत, दो घायल

**एजेंसी । लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के जमगई पंचायत के बीटपी गांव में मकान निर्माण के क्रम में छज्जा टूटकर गिरने से एक मिस्त्री की बुधवार को घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दो अन्य मजदूर घायल है। घायलों का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बिटपी निवासी राजेश उरांव अपना निजी मकान बना रहा है। इस मकान के निर्माण के लिए छज्जा के ऊपर जोड़ाई का काम चल रहा था। मिस्त्री और मजदूर छज्जा के ऊपर चढ़कर काम कर रहे थे। इसी क्रम में छज्जा टूट कर गिर गया और मिस्त्री चंपा उरांव छज्जा से दब गया। छज्जा से दबने से घटनास्थल पर ही चंपा की मौत हो गई । अन्य दो लोगों को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घायलों में मजदूर चंद्र किशोर उरांव एवं राजू उरांव शामिल है। घटना के बाद शव को पुलिस के जरिय जांच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना में मृतक मजदूर की हर संभव मदद की जाएगी । प्रावधान के अनुकूल कार्रवाई की जा रही है।

### अपराधियों ने चलाई पुल निर्माण कार्य स्थल पर गोली

**एजेंसी । लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत दुमुहान नदी के पास पुल निर्माण कार्य के साइडिंग पर बुधवार को अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की । इस घटना में साइडिंग इंजीनियर के पैर को छूते हुए गोली निकल गई। जानकारी के अनुसार फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को लेकर पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी दौरान बुधवार की दोपहर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अपराधी निर्माण स्थल के पास पहुंचे और वहां खड़े लोगों को निशाना बनाकर फायरिंग शुरु कर दी। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक अपराधी फायरिंग करके वहां से फरार हो गए। इस गोलीबारी की घटना में इंजीनियर सुधांशु के पैर को छूते हुए गोली निकल गई । इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के जरिये घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन आरंभ की गई और फरार हुए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी कर छापेमारी भी की जा रही है। घटना की पुष्टि करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गयी। उन्होंने बताया कि पुल निर्माण के संवेदक को किसी प्रकार की कोई धमकी दिए जाने की कोई सूचना पुलिस को नहीं है। उन्होंने कहा कि गोली चलाने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं खेलकूदः सुदीप गुड़िया

**एजेंसी । खूंटी।** रनिया प्रखंड के आरसी प्राथमिक मध्य विधायल सोदे में बुधवार को वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन स्कूल प्रबधन की ओर से किया गया। महोत्सव में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अंगवसत और गुलदस्ता देकर विधायक का स्वागत किया गया। मौके पर विधायक ने ऐसे कार्यक्रमों के लिए आयोजन समिति और विद्यालय प्रबंध समिति को धन्यवाद दिया। मौके पर विधायक ने बच्चों से कहा कि आप मन लगकर पढ़ाई करें और अनुशासन में रहकर सभी काम करें, आपको सफलता जरूर मिलेगी।

## रांची के मोरहाबादी मैदान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की दिलाई शपथ





**एजेंसी । रांची**

शहर के मोरहाबादी मैदान में बुधवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लड़कियों, उनके अभिभावकों और आंगनबाड़ी सेविकाओं को उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई। साथ ही हरी झंडी दिखाकर बाईक रैली को रवाना किया। कार्यक्रम में उपस्थित लड़कियों को सैनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, वन स्टॉप सेंटर, रांची के केंद्र प्रशासक एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय, रांची के कर्मी आदि उपस्थित रहे। इससे पहले रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार ने बुधवार को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग से संचालित सम्प्रेक्षण गृहों का निरीक्षण किया। इन सम्प्रेक्षण गृहों में सम्प्रेक्षण गृह डुमरदगा, राजकीय नेत्रहीन एवं मुकबधिर मध्य विद्यालय हरमू और सहयोग विलेज, विशेष दत्तक ग्रहण संस्था शामिल हैं। उप विकास आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान कर्मियों को सतर्कता के साथ नियमानुसार कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रांची भी उपस्थित थे।

## हटिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के दिव्यांग कोच से सात किलो गांजा बरामद



**एजेंसी । रांची**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से सात किलो गांजा जब्त किया है। यह गांजा एक्सप्रेस ट्रेन के दिव्यांग कोच से बरामद किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रुपये है। हटिया के उप निरीक्षक दीपक कुमार ने बुधवार को बताया कि आरपीएफ के मण्डल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट हटिया और जीआरपी हटिया ने हटिया स्टेशन पर संयुक्त जांच अभियान चलाया, जिसमें एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15027 के दिव्यांग कोच में एक भारी ट्रॉली बैग बर्थ के नीचे पड़ा मिला। सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ अशोक कुमार सिंह की मौजूदगी में बैग में दो पैकेट में सात किलो गांजा बरामद किया गया। गांजा को जीआरपी हटिया ने जब्त कर लिया। इस मामले में जीआरपी हटिया ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा मामले में झारखंड हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 26 मार्च को, कोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट




**एजेंसी । रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या न्यायिक जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 मार्च की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में सीआईडी के अनुसंधान जारी है। मोबाइल सहित कुछ डिजिटल उपकरण को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट में चार सप्ताह का समय लगेगा। इस पर कोर्ट ने सरकार को समय प्रदान करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 26 मार्च निर्धारित की। साथ ही राज्य सरकार को अनुसंधान की अपडेट रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक बरकरार रखा है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा। पिछली सुनवाई में झारखंड हाई कोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम-2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करें और अनुसंधान कर अपनी रिपोर्ट दे। उल्लेखनीय है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा मामले की जांच सीआईडी कर रही है। सीजीएल परीक्षा-2023 में गड़बड़ी के आरोप में सीआईडी ने दो केस दर्ज कर लिए हैं। इस मामले के अनुसंधान के लिए डीजीपी सह सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने एसआईटी भी गठित कर दी है।

## डीटीओ ने चलाया जांच अभियान, 2.97 लाख का लगाया जुर्माना

**एजेंसी । रामगढ़**



रामगढ़ जिले में परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को डीटीओ मनीषा वत्स ने ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जांच अभियान चलाया। विभिन्न चौक चौराहों पर चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान में 2.97 लाख रुपए का जुर्माना गाड़ियों पर लगाया गया है। डीटीओ ने भारी मालवाहक वाहनों सहित अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग की जांच की। इस दौरान वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जांच के दौरान कुल 20 से 25 बड़े वाहनों की जांच की गई। इसमें 14 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए। उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई। इसमें लगभग कुल 2,97,507 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 14 बड़ी वाहनों का पेपर फ़ेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 2,97,507 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया और दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई। जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई। मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे। जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें।

## जिले में लगे जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में फरियादियों की सुनी गई फरियाद

**एजेंसी । दुमका**



उपराजधानी दुमका की जनता की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के साथ-साथ पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर दुमका जिला के चार जगहों पर बुधवार को जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चारों जगहों के जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में करीब 58 आवेदन आए हुए है। कई मामलों का निपटारा भी कर दिया गया है और कई मामले अनुसंधान के बाद कार्रवाई की जाएगी। दुमका शहर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में छह स्टॉले लगी थी। एक स्टॉल नगर थाना, दूसरी मुफस्सिल थाना, तीसरी दिग्घी ओपी, चौथी मसानजोर ओपी, पांचवीं काठीकुंड व छठीं गोपीकांदर थानों की स्टॉल लगी थी। सभी काउंटरों में फरियादों की फरियादे सुनी गयी और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। कई मामले अनसुलझी पायी गयी। उक्त मामले को अनुसंधान करने के बाद ही सुलझायी जाएगी। जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से फरियादी पहुंचे हुए थे। जनशिकायत समाधान केन्द्र में डीआईजी सह नोडल पदाधिकारी प्रियदर्शी आलोक, एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, एसडीओ कौशल किशोर, एसडीपीओ विजय कुमार महतो के अलावे सभी स्टॉलों में थाना प्रभारी के अलावे पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। इंडोर स्टेडियम में आयोजित जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में दुमका शहर की एक शादीशुदा महिला पहुंची और शिकायत करते हुए कहा कि उसे रांची के एक युवक मोबाइल पर फोन कर और मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। उक्त महिला का कहना है कि वह जब कुंवारी थी तो रांची में पढ़ाई पूरी करने के लिए गयी थी। कॉलेज में ही उक्त युवक से दोस्ती हुई थी। इस बीच वह दुमका आ गयी और उसकी शादी भी हो चुकी है। शादी के बाद भी उक्त युवक मोबाइल पर मैसेज और फोन कर परेशान कर रहा है। कई बार उक्त युवक दुमका उसके आवास पर भी आ धमका था। महिला ने उक्त युवक के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए एक आवेदन दी है। पुलिस ने महिला के आवेदन को लेकर जांच पड़ताल करने में जुट गयी है। शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के ढाका गांव के कार्तिक पाल काठीकुंड के आमगाछी में कार्यरत पोस्टमास्टर दिवाकर साहा की शिकायत को लेकर जनशिकायत समाधान केन्द्र में पहुंचा। कार्तिक पाल का आरोप है कि उसने दिवाकर साह के पास आरडी, एफडी, टीडी व एसएसवाई खातों में कुल 6 लाख 52 हजार रुपए जमा किया था। उक्त खातों में जमा राशि की जांच मुख्य डाकघर में करवाई गई तो पता चला कि उक्त खातों में कोई राशि जमा ही नहीं है। उनका कहना है कि सरकारी संस्था में अपना पैसा जमा किया,लेकिन सरकारी कर्मी ने ही उनके रुपए को गबन कर लिया है। इस मामले की शिकायत वरीय डाक अधीक्षक से भी की गई,पर कोई न्याय अब तक नहीं मिला है। वह पुलिस ने न्याय दिलाने की मांग की है।

## हैप डेली 'अरुण आइसक्रीमस' कॉर्नर का शुभारंभ



**एजेंसी । रामगढ़**

शहर के रामगढ़ महाविद्यालय के निकट बुधवार को हैप डेली 'अरुण आइसक्रीमस' शोरूम का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास करवा कर किया। इसके बाद भाजपा नेत्री इलारानी पाठक, बलजीत कौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर संचालक हरमीत सिंह कालरा और कीर्ति गौरव ने बताया कि गुणवत्ता के मामले में यह आइसक्रीम अन्य आइसक्रीम से बेहतर है। इस अवसर पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मनपाल सिंह, तेजिंदर सिंह सोनी, रविंद्र सिंह, अनिल गोयल, हरजाप सिंह, जितेंद्र पवार, बलविंदर सिंह पवार, राजू कालरा, जसमीत कौर सोनी, रिंकल कालरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन के टिकट सेल का 2 करोड़ से अधिक राशि का घोटाला

**एजेंसी । पलामू**

पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी रेलवे से बड़े घोटाले का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। रेलवे स्टेशन में टिकट बिक्री के 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 गायब कर दिये गए हैं। यह गड़बड़ी वर्ष 2023 में हुई है। इस संबंध में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया। बुधवार से जांच शुरू कर दी गई। घोटाले का आरोप एसबीआई द्वारा स्टेशन से बैंक तक पैसा लाकर जमा करने के लिये अधिकृत एजेंसी राईटर सेफ गार्ड लिमिटेड (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर (कर्मियों) अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति पर लगाया गया है। इसका खुलासा रेलवे के बैंक खाते के स्टेटमेंट की जांच पड़ताल के पश्चात हुआ। इतनी बड़ी राशि का घोटाला होने पर रेल अधिकारियों के कान खड़े हो गये। रेलवे के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार ने नगर ऊंटरी थाना में बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद कुमार प्रजापति के विरुद्ध राशि गबन करने का मामला दर्ज कराया है। दोनों भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा गांव के रहने वाले हैं। फिलहाल दोनों कर्मी फरार चल रहे हैं। बताया जाता है कि रेलवे स्टेशन आय की रकम को स्टेशन से लेकर बैंक में जमा करने के लिये रेलवे एवं एसबीआई के द्वारा 31अक्टूबर 2020 को एग्रीमेंट किया गया है। उसके बाद से एग्रीमेंट के तहत बैंक के द्वारा अधिकृत एजेंसी (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर के द्वारा ही स्टेशन से टिकट बिक्री के पैसे को ले जाकर बैंक में रेलवे के खाता संख्या 32595570076 में जमा किया जाता है तथा बैंक से प्राप्त प्राप्ति रसीद को स्टेशन में जमा की जाती है, लेकिन एजेंसी के जरिये नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के वर्ष 2023 में हुई टिकट बिक्री का पैसा लगभग 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये को एजेंसी के बाईकर अजय कुमार गुप्ता एवं प्रेमचंद्र प्रजापति ने बैंक में जमा नहीं किया, जबकि बैंक में राशि जमा करने की फर्जी प्राप्ति रसीद स्टेशन प्रबंधक को लाकर जमा कर दिया। यह क्रम एक वर्ष तक चलता रहा,लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी।



## संक्षिप्त समाचार

### कसमार में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में उमड़ी मरीजों की भीड़

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमार में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति दे, स्थानीय जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रफुल्ल महतो, पंसस वर्षा देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि धनलाल कपरदार ने दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया। इस दौरान स्वास्थ्य मेले में एलोपैथी, यूनानी एवं होमियोपैथी से जुड़े अलग अलग बीमारियों के इलाज एवं चिकित्सीय सलाह के लिए 22 स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य मेला में महिला एवं शिशु, मलेरिया, फाइलेरिया, टीबी, कुष्ठ, आयुष्मान एवं आभा कार्ड, नेत्र जांच, दंत चिकित्सा, ओपीडी, सामान्य ओपीडी समेत अन्य कई बीमारियों के स्टॉल लगे थे। शिविर में 536 मरीजों की स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें आवश्यक दवाइयां दी गयी। शिविर में 30 मरीजों को आयुष्मान एवं आभा कार्ड बनाकर उन्हें वितरित की गई। शिविर के उद्घाटन के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करतीं प्रमुख नियोति दे ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की यह पहल सराहनीय है, क्योंकि शिविर में एक साथ दर्जनों तरह के स्टॉल में मरीजों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिल जाती है। उन्होंने कसमार सीएचसी के सभी डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों की सेवा में किसी तरह की कोताही न करने एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अस्पताल पहुंचनेवाले वाले सभी मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य जांच व समुचित इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने कहा कि सिर्फ शिविर लगाने से स्वास्थ्य व्यवस्था में बदलाव नहीं होगा, बल्कि कसमार प्रखंड के सीएचसी, पीएचसी, स्वास्थ्य उपकेंद्रों में भी हर समय चिकित्सा सुविधा आम लोगों को मिले, इसके लिए सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। मौके पर जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, प्रमुख नियोति दे, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार, पंसस वर्षा देवी, मुखिया प्रतिनिधि धनलाल कपरदार, डॉ प्रफुल्ल महतो, डॉ पवन कुमार, डॉ रेखा कुमारी, डॉ अर्चना कुमारी, डॉ परमेश्वर महतो, डॉ मानस कपरदार, डॉ हरिपद सोरेन, डॉ तनवीर फातमा, संतोष महतो, देवनंदन सोरेन, आलोक चंद्र झा, बंकिम चंद्र महतो, सिराजुद्दीन, राजू चटर्जी, मनीष जायसवाल, शैलेश ठाकुर, रोशन कुमार,




अमित विक्रम, नयनेन्दू शेखर मुखर्जी, अविनाश कुमार, प्रवीर कुमार मल्लिक, धर्मनाथ मेहता, मिहिर रजवार, दीपक उरांव, अनिल गोराई, गीता कुमारी, सचिता कुमारी, रेणु सिंह, रेखा मसीह, मंजू कुमारी, ममता देवी, रिजवान अंसारी, राजपति साहू व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### स्थानीय को 75 फीसदी रोजगार के निर्देश का कंपनियां कर रहीं उल्लंघन : देव

**सुखदेव भगत से मिले युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष, समस्याओं से कराया अवगत**



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोहरदगा से सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात की और बोकारो की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। खास तौर से औद्योगिक क्षेत्र के होने के बावजूद बेरोजगारी और विस्थापितों की समस्याओं को रखा। श्री शर्मा ने सांसद को बताया कि एक ओर जहां बोकारो को इस्पातनगरी के नाम से जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर यहां के युवा छोटी-मोटी रोज़गार के लिए भी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

देव ने बताया कि बोकारो में स्थित प्रमुख कंपनियां, जैसे बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल), सीसीएल, ओएनजीसी, ईएसएल, जिंदल और अन्य बड़ी व छोटी कंपनियां स्थानीय लोगों को नौकर समझकर उनके अधिकारों का उल्लंघन कर रही हैं। उन्होंने सांसद को स्मरण दिलाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत रोजगार में प्राथमिकता देने की बात कही गई थी, लेकिन कई कंपनियां इसे नजरअंदाज कर रही हैं, जिसके कारण स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश बढ़ रहा है।

शर्मा ने यह भी कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद से बड़े उद्योगपतियों द्वारा मजदूरों और आमलोगों का खुलेआम शोषण हो रहा है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि देश के बड़े उद्योगपति ही देश की दिशा-निर्देश चला रहे हैं। इसके साथ ही, बीएसएल द्वारा विस्थापित गांवों के लिए निर्धारित पेरीफेरल डेवलपमेंट फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे विस्थापित गांवों की स्थिति अत्यधिक दयनीय हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जबकि शहर में क्वार्टरों की पर्याप्त उपलब्धता है, फिर भी विस्थापितों को क्वार्टर आबंटन में बीएसएल द्वारा कोताही बरती जा रही है। बोकारो के लोग समान काम के लिए समान वेतन की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उचित भुगतान नहीं मिल रहा है। सांसद सुखदेव भगत ने देव शर्मा की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे इन समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र पहल करेंगे।

# पेंक नारायणपुर के जड़वा जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ः पुलिस की ऐतिहासिक सफलता

राष्ट्रीय मुख्यधारा






**बोकारोः** झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने नक्सल विरोधी अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। पेंक नारायणपुर के जड़वा जंगल में हुए मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया गया। इनमें से एक महिला नक्सली शांति देवी, जो 15 लाख के इनामी नक्सली रणविजय महतो की पत्नी थी, और दूसरा नक्सली मनोज टुडू शामिल हैं। इस अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए।

**रणविजय महतो की गिरफ्तारी से मिली अहम सूचना-** मुठभेड़ से पहले चंद्रपुरा में 15 लाख के इनामी नक्सली रणविजय महतो को गिरफ्तार किया गया था। उससे प्राप्त जानकारी के आधार पर, बोकारो पुलिस ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि रणविजय महतो का गिरोह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था और एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक से मिलने की तैयारी में था।

**बरामद हथियार और गोला-बारूद-** मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया, जिनमें एक एके-47 राइफल, दो इंसास राइफल, एक एलएमजी मैगजीन, दो इंसास मैगजीन, दो एके-47 मैगजीन, 158 राउंड कारतूस, और अन्य सामान शामिल हैं।

## बोकारो SP मनोज स्वर्गियारी ने किया अभियान का नेतृत्व



पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के बंशी और जड़वा के पहाड़ी इलाकों में चार से पांच नक्सलियों के होने की सूचना मिलने पर बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी के नेतृत्व में ऑपरेशन शुरू किया गया। इस अभियान में कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ, जगुआर और जिला बल की टीमें शामिल थीं। घेराबंदी के दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू की, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला। घंटों चली मुठभेड़ के बाद, दो नक्सलियों के शव बरामद किए गए।





**डीजीपी ने किया ऑपरेशन का निरीक्षण-** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता मुठभेड़ के बाद बोकारो पहुंचे। उन्होंने सीआरपीएफ आईजी साकेत कुमार सिंह, पुलिस प्रवक्ता एबी होमकर, और उत्तरी छठ नागपुर के आईजी माइकल राज के साथ स्थिति की समीक्षा की। डीजीपी ने कहा कि झारखंड से नक्सलियों का खात्मा लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी देते हुए कहा, "हथियार छोड़ें और मुख्यधारा में लौटें।"

**आगे की रणनीति-** सीआरपीएफ आईजी साकेत कुमार सिंह ने बताया कि एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक का दस्ता अभी झुमरा पहाड़ और गिरिडीह के पारसनाथ इलाके में सक्रिय है। इसके विरुद्ध जल्द ही बड़े अभियान की योजना बनाई जा रही है।

**पुलिस की प्रतिबद्धता की मिसाल-** बोकारो में यह ऑपरेशन नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सुरक्षाबलों की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ ने न केवल नक्सलियों की योजनाओं को विफल किया, बल्कि स्थानीय जनता में सुरक्षा और विश्वास की भावना भी मजबूत की।

इस ऑपरेशन की सफलता से यह स्पष्ट हो गया है कि झारखंड पुलिस और सुरक्षाबल नक्सल समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह कार्रवाई सुरक्षाबलों की बहादुरी और रणनीतिक दक्षता की मिसाल है।

# कसमार सीओ की गलती से हुआ फर्जीवाड़ा, बेची जमीन पर मिला मुआवजा

**जमाबंदीधारक ने 73 डिसमिल अधिक जमीन बेची, फिर भी भूमि अधिग्रहण मुआवजा हड़प लिया**

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार अंचल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां तत्कालीन अंचल अधिकारी ने एक प्लॉट के संपूर्ण रकवा से 73 डिसमिल अधिक जमीन की बिक्री होने के बावजूद जमाबंदीधारक को गलत तरीके से भूमि स्वामित्व प्रमाणपत्र (एलपीसी) जारी कर दिया। इस आधार पर जमाबंदीधारक ने भारतमाला परियोजना (फेज-2) के तहत भूमि अधिग्रहण मुआवजा राशि प्राप्त कर ली।

**कैसे हुआ फर्जीवाड़ाः-** मामला रांगामाटी मौजा, खाता नंबर 1, प्लॉट नंबर 364 का है, जिसकी कुल रकवा 1 एकड़ 43 डिसमिल है। यह जमीन बकास्त खाते में दर्ज थी और शिशिर कुमार ठाकुर के नाम जमाबंदी थी। लेकिन, जमाबंदीधारक ने जमीन की कुल रकवा से 73 डिसमिल अधिक भूमि बेच दी।

**बेची गई जमीन का विवरणः-** 1999 से 2022 के बीच कई व्यक्तियों को यह जमीन बेची गई। इनमें मंगल महतो (26 डिसमिल), अमरेश कुमार महतो व अन्य (47 डिसमिल), रामकिशुन महतो व हीरालाल महतो (1 एकड़ 2 डिसमिल) समेत कुल 2 एकड़ 16 डिसमिल जमीन बेच दी गई।

फर्जीवाड़ा यहीं नहीं रुका। जमाबंदीधारक ने जमीन बेचने के बावजूद, अंचल अधिकारी की मदद से एलपीसी हासिल की और भारतमाला परियोजना के तहत अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भी ले लिया।

**कानूनी प्रक्रिया की अनदेखीः-** जमीन अधिग्रहण मुआवजा प्राप्त करने से पहले दावेदारों को बंधपत्र देना होता है, जिसमें यह आश्वासन होता है कि जमीन विवादित नहीं है, न ही बेची गई है। लेकिन, जमाबंदीधारक ने इस प्रक्रिया को नजरअंदाज कर मुआवजा राशि हड़प ली।

**शिकायत और जांच की मांगः-** जमीन के खरीदारों ने जिला उपायुक्त, अपर समाहर्ता, और भू-अर्जन पदाधिकारी से मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन अंचल अधिकारी ने जानबूझकर गड़बड़ी की और जमाबंदीधारक को फायदा पहुंचाया।

**न्याय की उम्मीदः-** मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पक्षों ने प्रशासन से फर्जीवाड़े की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## प्रशासन की प्रतिक्रिया

- **प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी, कसमार-** "यह मामला मेरे कार्यकाल का नहीं है। पंजी-2 के आधार पर ही एलपीसी निर्गत किया गया होगा।"
- **द्वारिका बैठा, जिला भू-अर्जन अधिकारी, बोकारोः-** "मुआवजा भुगतान से पहले रिकॉर्ड की जांच की जाती है। गड़बड़ी की पुष्टि के लिए जांच आवश्यक है।"

# अनियंत्रित कार पोल को मारी टक्कर, बेटी दामाद सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**पेटरवार** : पेटरवार थाना क्षेत्र के उतासारा गांव के निकट एन एच 23 पर एक अनियंत्रित कार बिजली के पोल से जा टकराई। जिससे कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बुधवार दोपहर 3 बजे की है। बताया जाता है कि बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो से एक कार में बेटी दामाद के साथ सभी परिवार रांची शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे। झपकी लग जाने के कारण उतासारा के निकट चालक अनियंत्रित होकर पोल में टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार कैदार सिंह (66) वर्ष को माथा में, प्रियंका सिंह (32) वर्ष दाहिना पैर फैक्चर है , अरबिंद प्रताप सिंह (35) छाती में वर्ष, एवं अनामिका (30) वर्ष को माथा में ज्यादा चोट है सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार लाया गया, जहां पर डॉ रीता कुमारी ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर हॉस्पिटल बोकारो रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में घायल सभी के माथे एवं शरीर में अंदरूनी चोटे आयी है।

# बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण का शिलान्यास किया




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : बुधवार को बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने चास प्रखंड के कार्तिक चंद्र शर्मा प्लस टू उच्च विद्यालय, चिकसिया के गेट से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट योजना (डीएमएफटी) के तहत किया जा रहा है।

**ग्रामीणों की मांग को दिया गया स्वरूप-** शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, "ग्रामवासियों की लंबे समय से मांग थी कि इस क्षेत्र में एक सड़क बनाई जाए। उनकी इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग को इस परियोजना को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया गया था। आज यह मांग पूरी हो रही है, जिससे गांववासियों को बड़ी राहत मिलेगी।"

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि उनके नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण न केवल आवागमन को आसान बनाएगा, बल्कि यह ग्रामीणों के जीवनस्तर को भी बेहतर बनाएगा।

इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें जिला परिषद सदस्य रिया चक्रवर्ती, मुखिया दिनेश रजक, मुखिया संतोष केवट, चुन्ना मिश्रा, जावेद अंसारी, शिवपाल केवट, मिथिलेश शर्मा, सौरव शर्मा, गौतम शर्मा, अमरेंद्र झा, इमरान अंसारी, और नीतेश महथा शामिल थे।

# विधायक श्वेता सिंह ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण, शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जोर

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारोः** बुधवार को बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान उत्क्रमित कार्तिक चंद्र शर्मा प्लस 2 विद्यालय, चिकिसीया का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया, उनकी शिक्षा की स्थिति का जायजा लिया, और स्वयं ब्लैकबोर्ड पर लिखकर बच्चों को पढ़ाया।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर-** निरीक्षण के दौरान विधायक ने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बैठक की और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। छात्रों से हुई बातचीत में शिक्षा के स्तर में कुछ कमियां नजर आईं, जिन्हें दूर करने के लिए उन्होंने शिक्षकों को जिम्मेदारीपूर्वक काम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा, "हर विषय के साथ-साथ नैतिक शिक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी है ताकि बच्चों में जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व का विकास हो। शिक्षा प्रदान करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"

**लाइब्रेरी और उपस्थिति पर निर्देश-** विधायक ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे समय पर विद्यालय आएं और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने लाइब्रेरी की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की बात कही ताकि बच्चों को पढ़ने के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सकें।

**मिड-डे मील और स्वच्छता पर सराहना-** विधायक ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा मिड-डे मील की अच्छे से व्यवस्था के लिए प्रशंसा की। साथ ही, विद्यालय में स्वच्छता बनाए रखने और शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे केवल कल के नहीं, बल्कि आज के नागरिक हैं, और उनकी शिक्षा पर ध्यान देना देश के भविष्य को मजबूत करना है।

**समस्याओं के समाधान का आश्वासन-** विधायक ने विद्यालय प्रबंधन से कहा कि यदि विद्यालय के उत्थान में किसी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें अवगत कराया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

**शिक्षा क्षेत्र में बोकारो को अग्रणी बनाए रखने का लक्ष्य-** श्रीमती श्वेता सिंह ने कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा के स्तर को और ऊंचा उठाने की जरूरत है ताकि बोकारो के बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रौशन कर सकें।

शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए विधायक के इस पहल से विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक और छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है। उम्मीद है कि इस निरीक्षण और दिए गए निर्देशों से विद्यालय में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### रंगारंग कार्यक्रमों के साथ कल मनाया जाएगा सेल स्थापना दिवस, तैयारी में जुटा बोकारो स्टील प्लांट

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** 24 जनवरी सेल स्थापना दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए बोकारो स्टील प्लांट की ओर से तैयारी की जा रही है। पूर्वाहन 7:30 बजे सर्वप्रथम 'हैप्पी स्ट्रीट' कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बोकारो स्टील प्लांट की विशेष पहल 'हैप्पी स्ट्रीट' द्वारा इस्पातनगरी में सकारात्मकता, स्वास्थ्य, और खुशहाली को बढ़ावा देने की मुहिम में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया। हैप्पी स्ट्रीट के समापन समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चे, शहर के स्वयंसेवी संस्थान, सामाजिक संस्थाएं और बड़ी संख्या में जनसामान्य की भागीदारी होगी। बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी श्री बी. के. तिवारी, अधिशासी निदेशक और अन्य अधिकारी भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से लोगों का उत्साहवर्धन करेंगे।

24 जनवरी को अपराह्न स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बोकारो क्लब के सिनेमा एरिना में एक भव्य संगीत संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा कई मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जिनमें नृत्य, संगीत, और अन्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी। इस सांस्कृतिक संध्या में बोकारो के स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जाएगा, जो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सभी सेल कर्मी एवं उनके परिवार के सदस्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगीत संध्या में सादर आमंत्रित हैं। यह आयोजन न केवल महारत्न सेल के स्थापना दिवस की खुशी को साझा करने का एक अवसर होगा, बल्कि इसे सभी के लिए एक यादगार अनुभव बनाने का प्रयास भी होगा।

### कसमार में एक ही रैयत को मुआवजा भुगतान पर उपायुक्त से की शिकायत

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** कसमार प्रखंड के गर्री स्थित पुराने पोस्ट ऑफिस के पास जमीन पर बने संरचना पर एक ही रैयत को भू-अर्जन द्वारा राशि भुगतान करने की शिकायत उपायुक्त से की गई है। मामले में अन्य रैयतों ने भू अर्जन में कार्यरत अमीन पर गलत तरीके से एक ही रैयत को मुआवजा राशि भुगतान कराने का आरोप लगाया है। रैयतों ने उपायुक्त, बोकारो को शिकायत करते हुए बताया है कि बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ के समीप स्थित गर्री मेन रोड में कुल 26 डिसमिल जमीन पर एक ही रैयत मुर्शीद अनवर ने अपने नाम से जमीन अधिकृत कर कुल 11 लाख 92 हजार की राशि फर्जी प्रतिवेदन प्रस्तुत करके निकाल ली है। रैयतों ने भू-अर्जन के एक अमीन पर इस कार्य के एवज में एक लाख रुपए घूस लेने व अन्य रैयतों को दरकिनार करते हुए बिना सहमति का भुगतान कर देने का आरोप लगाया है। जबकि संरचना में अन्य रैयतों की सहमति तक नहीं ली गई है। रैयतों ने आरोप लगाया है कि संरचना का पंचाट भी घोषित नहीं किया गया। जिस कारण एक रैयत ने अमीन से मिलकर गुपचुप तरीके से भू अर्जन विभाग को धोखे में रखकर अमीन ने भुगतान करा दिया। रैयत इंतेखाबूर रहमान, मरगुब आलम, खालिद अंसारी, खुर्शीद अंसारी, इमामूल हक, जक्की अंसारी, अशफाक आलम, शेरे आलम ने लिखित शिकायत में एक ही रैयत को मिली राशि को सभी रैयतों को बंटवारे की बात कही है। तभी अन्य संपत्तियों में हिस्सेदारी व मुआवजा राशि का भुगतान करने की बात उपायुक्त से कही गई है। साथ ही गलत तरीके से मुआवजा राशि का भुगतान करने वाले अमीन पर भी कारवाई करने की मांग की है।

### बोकारो में शांतिपूर्वक शुरू हुई जेईई मेन- 1 की परीक्षा, पहले दिन 33 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) बुधवार को बोकारो में शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। पहले दिन यहां बनाये गए दोनों ही केंद्रों पर दोनों पालियों को मिलाकर कुल 658 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 33 कैंडिडेट अनुपस्थित रहे। एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने कहा कि परीक्षा पूरी तरह से कदाचार-मुक्त शुरू हुई है। कहीं से भी किसी गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं है।

चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 111 में 105 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि छह अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र में दूसरी पाली में कुल 140 में 136 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और चार अनुपस्थित रहे। वहीं, चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 220 में 208 कैंडिडेट ने परीक्षा दी। जबकि, 12 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल 220 में 209 ने परीक्षा दी और 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डॉ. गंगवार ने परीक्षा के सुचारू एवं शांतिपूर्ण शुरुआत को लेकर केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं जिला प्रशासन के सहयोग के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।

### डीपीएस चास के 17 विद्यार्थी मैथ्स ओलंपियाड के शीर्ष 30 में शामिल

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** डीपीएस चास बोकारो के विद्यार्थियों का गणित के क्षेत्र में जलवा देखने को मिला, जब विद्यालय के 17 विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन मैथ्स ओलंपियाड में राज्य में शीर्ष 30 रैंक के अंदर स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित की। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों में कक्षा-सातवीं के आलोक आनंद ने छठा, आदित्य कुमार ने आठवां, अनीश पांडेय तथा अरमान कुमार ने नौवां, आदित्य कुमार ने 11वां, आराध्या खंडेलवाल ने 12वां, सूरज कुमार दास ने 13वां, अनिकेत कुमार सिंह तथा कक्षा 12 के ऋषभ कुमार सिंह ने 14वां, कक्षा-आठवीं के हृषिकेष राज ने पंद्रहवां, कक्षा 12 के अंचित साहनी ने 18वां, सातवीं कक्षा के श्रेष्ठ रंजन ने 19वां, छठी के कुमार पृथ्वी सिंह ने 20वां, आठवीं के केशव डे, राजऋषि चक्रवर्ती, राजदीप मंडल तथा विराज अग्रवाल ने 25वां स्थान हासिल किया है। विद्यार्थियों की इस प्रकार की सफलता पर चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि ऐसी परीक्षाएं छात्रों की कल्पना को प्रज्ज्वलित करती हैं और उन्हें अपनी वास्तविक क्षमता दिखाने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का अवसर प्रदान करती हैं। विद्यालय की निदेशिका डॉ. मनीषा तिवारी ने कहा कि ओलंपियाड परीक्षाएं विद्यार्थियों को गणित के क्षेत्र में अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती हैं। विद्यालय अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है और ये उपलब्धियां उन्हीं प्रयासों का परिणाम है।

### झामुमो ने खुटरी में बनाए नए सदस्य



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** जरीडीह प्रखंड खुटरी पंचायत के दर्जनों युवाओं और महिलाओं ने बुधवार को संयोजक मंडली के सदस्य मोहन मुर्मू के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। नए सदस्यों से बात करते हुए मुर्मू ने कहा कि पूरे जिले से 50 हजार युवा साथी पार्टी से जुड़ रहे हैं। सभी लोग आगामी 4 फ़रवरी को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में पहुंचकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाएं। कहा कि प्रखंड के 17 पंचायतों में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिला और प्रखंड संयोजक मंडली उत्साहित नये सदस्यों का स्वागत कर रही है। मौके पर पंसस राजाराम सोरेन, तुलसी मरांडी, आजाद अंसारी, सोनाराम मांझी, विभीषण मुर्मू , कार्तिक मांझी आदि मौजूद रहे।

# नरकोपी में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बेड़ोः-** नरकोपी थाना परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन उपप्रमुख मोदस्सिर हक,प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुमित्रा कुमारी व मुखिया सरिता एक्का ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया। मेले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 20 अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। मेले में टीबी के एक, मधुमेह के 20, आंख के 45, फाइलेरिया के एक, मानसिक रोग के दो, दांत के 12,परिवार नियोजन के 34,सिकल सेल के 134, युवा मातृ 10, एनसीडी के 163, स्किन के 5 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दीं गईं। ओपीडी के लिए 178 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराकर दवाइयां लिया। मौके पर उपप्रमुख ने कहा कि मरीज को डाक्टर से अपनी बीमारी को छिपाना नहीं चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से सही समय में अपना इलाज कराने की बात कही। जिससे उन्हें भविष्य में दिक्कत नहीं होगी। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह के मेले के आयोजन से एक ही प्रांगण में सभी प्रकार की सुविधा आसानी से लोगों को मिल जाती है। मेला को सफल बनाने में बेड़ो सीएचसी के सभी डॉक्टर, नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, सीएचओ, नर्स, एएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, डेंटल असिस्टेंट, सहिया, बीटीटी, सहिया साथी, बीपीएम अमित लाल, लैब प्रबंधक प्रेम कुमार, बीडीएम राजीव कुमार व सफाई कर्मी समेत सभी चिकित्सा कर्मी आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## बेड़ो थाना परिसर में जनशिकायत समाधान शिविर का आयोजन




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बेड़ोः-** बेड़ो थाना परिसर में बुधवार को जनशिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बेड़ो थाना के 16 व नरकोपी थाना के एक मामला पर छानबीन करते हुए समाधान किया गया।शिविर में बेड़ो एवं नरकोपी थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने पदाधिकारियों के समक्ष विभिन्न मामलों को लेकर अपने जनशिकायतों के समाधान के लिए बेड़ो थाना पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराया। जिसका पदाधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। वहीं शिविर में बेड़ो के डीएसपी अशोक कुमार राम, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह व नरकोपी थाना के एएसआई कंचन कुमार सिंह,अक्षय कुमार सिंह व मुखिया सुशांति भगत समेत दर्जनों पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## पुरस्कार-वितरण के साथ बीएसएल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का समापन

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशानिर्देश में सड़क सुरक्षा के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह हर साल जनवरी माह में मनाया जाता है। बीएसएल में मनाए गए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का समापन अधिशासी निदेशक (संकार्य) के कांफ्रेंस रूम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी. आर. महापात्रा के साथ संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिशासी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

समारोह के प्रारंभ में दिनांक 13-21 जनवरी तक मनाए गए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत किए गए गतिविधियों को वीडियो फिल्म के द्वारा दिखाया गया। तत्पश्चात सभी विभागों के पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार, सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) के द्वारा किया गया तथा मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बी. के. सरतापे के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं विभाग के सहायक महाप्रबंधक नेहाल पासवान तथा सहायक प्रबंधक शशि सुमन का महत्वपूर्ण योगदान था।

## डालमिया भारत फाउंडेशन ने एक हजार से अधिक ग्रामीणों में बांटे कंबल



राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : सामाजिक कल्याण के प्रति अपनी सशक्त प्रतिबद्धता की कड़ी में भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने बुधवार को बोकारो में एक सामुदायिक कल्याण को ले एक और कदम आगे बढ़ाया। डीबीएफ, डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) शाखा है। इस पहल के तहत, गोड़ाबली उत्तर और दक्षिणी पंचायत, कनारी पंचायत, नरकारा पंचायत, जिला परिषद और ब्लॉक प्रमुख के गांववासियों के बीच 1,000 से अधिक कंबल वितरित किए गए, ताकि कड़ाके की ठंड से उन्हें राहत मिल सके।

कंबल वितरण सुनील कुमार के भुसारी, यूनिट हेड, डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, बोकारो और जिला परिषद सदस्य निशा हेम्ब्रम के नेतृत्व में किया गया। यह पहल डालमिया भारत फाउंडेशन की ग्रामीण समुदायों के सामाजिक-आर्थिक भलाई को सुधारने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो इसके संचालन क्षेत्रों में सतत आजीविका कार्यक्रमों और समर्थन उपायों के माध्यम से की जा रही है।

## मकान किराये पर देने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य, बिना वेरिफिकेशन के होगी सख्त कार्रवाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**धनबादः** किसी भी व्यक्ति को मकान किराये पर देने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य है। अधिक पैसों के लालच में बिना वेरिफिकेशन के मकान किराये पर देने वाले मकान मालिकों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। यह कदम सुरक्षा को बढ़ावा देने और अपराधों को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

धनबाद के साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने बुधवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने सभी मकान मालिकों से अपील की कि वे अपने किरायेदारों का वेरिफिकेशन करवाकर पुलिस का सहयोग करें। आम जनता से भी सतर्क रहने और साइबर अपराधियों के झांसे में न आने की अपील की गई है। अगर किसी को साइबर अपराधी की संदिग्ध कॉल मिलती है, तो तुरंत साइबर थाना को सूचित करने की सलाह दी गई है। डीएसपी ने कहा कि पुलिस का यह अभियान साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार जारी रहेगा।

**मंगलवार की रात पकड़े गए 6 साइबर अपराधी-** प्रेसवार्ता के दौरान डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर शाम बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के जोड़ा फाटक स्थित नंदलोक अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 303 से छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में एन विजय, पी अनिल कुमार, एम श्रीनू, रमेश रातोड़ (सभी तेलंगाना के निवासी) और राहुल कुमार पासवान तथा राजीव रंजन (दोनों बिहार के निवासी) शामिल हैं।

यह गिरोह बजाज फाइनेंस से लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसा देता था और प्रोसेसिंग फीस, रजिस्ट्रेशन चार्ज, तथा अन्य शुल्कों के नाम पर ठगी करता था। उनके पास से 13 मोबाइल, 14 सिम कार्ड, और चार कागजात बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने आम जनता को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। इस तरह की सख्त कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## लापुंग के देवगांव में दो दिवसीय उरांव सांस्कृतिक कार्यशाला का समापन




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**लापुंगः** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के देवगांव पंचायत सभागार में दो दिवसीय उरांव सांस्कृतिक कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया । इस दौरान विभिन्न गांव के नृत्य दल ने नृत्य कर अदभुत समा बांधा ।वही पर सरसा गांव निवासी झिरगा भगत जी ने अपने शहनाई के धुन में व मंगरी भगताईंन ने अपने लोक गीतों से सबको झुमाया। वही पर आगामी 23 जनवरी को नवाटोली महावीर मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय सांस्कृतिक जतरा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। मौके पर मुखिया दुर्गा उरांव, सुनील उरांव मौजूद रहें। वही सभा का संचालन समाजसेवी फगुआ भगत ने किया। मौके पर देवगांव के ग्राम प्रधान करमा उरांव , झिरगा भगत , मंगरा उरांव , झिरगा टाना भगत , बुद्धदेव उरांव , गन्दूर उरांव , पवन उरांव , सोमरा उरांव , किरण कुमारी , पांचो कुमारी , सोनी कुमारी , चीलों उरांव , सुनील उरांव , सिमोन, कमल के साथ दर्जनों पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

## लापुंग के लतरातु डैम में बोरे में बंद मिला महिला के हाथ, पैर, सर कटा शव, क्षेत्र में सनसनी

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**लापुंगः** लापूंग थाना क्षेत्र के लतरातु डैम के किनारे एक बोरे में बंद महिला का शव मिलने की खबर के बाद आसपास के क्षेत्र में यह खबर आग की तरह फैल गई। इधर ग्रामीणों ने बंद बोरा में मिले महिला की शव की जानकारी लापुंग थाना पुलिस को दिए इसके बाद लापुंग थाना के पुलिस पहुंचकर लतरातुड डैम के किनारे बंद बोर में मिले महिला केशव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। महिला के शव पत्थर से बंधे बंद बोरा में था। वही शव मिलने की जानकारी के बाद आसपास के पहुंचे लोगों ने बताया कि महिला के शव को पहले कुछ चरवाहो ने देखा इसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली। इधर पुलिस प्रशासन के आने के बाद महिला के शव को जब बंद बोरा से बाहर निकल गया तो आसपास के मौजूद लोग महिला के शव को देखते ही रह गए। बोर में बंद मिले महिला के शव के हाथ, पैर व सर नहीं थे। जिससे आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इधर समाचार लिखे जाने तक और महिला के हाथ, पैर और सर नहीं होने के कारण महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

## जलछाजन यात्रा की सफलता को लेकर बेड़ो प्रखंड में हुई बैठक



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बेड़ोः** जलछाजन यात्रा की सफलता को लेकर बुधवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसकी शुरुआत झारखंड में बेड़ो प्रखंड से किया जा रहा है। हमारा सामुहिक प्रयास हो की यह कार्यक्रम सत प्रतिशत सफल रहे। इसकी सफलता हम सब की जिम्मेदारी है। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, मुखिया रमेश उरांव, लक्ष्मी कोया,सुशांति भगत, बुधराम बाड़ा,जेएसएल पीएस के मुकेश कुमार, कुलदीप उरांव,फारूक नदीम,सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कुमार रितेश,कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन,दुर्गा टाना भगत, अभय आशीष कोया, सुरेश लिंडा,पंचायत सेवक ,रोजगार सेवक,जन सेवक व प्रखंड के दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 23 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह एसपी ने खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र में की रात्रि गश्त

**गिरिडीह, एजेंसी।** पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार लगातार शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने शनिवार की रात खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान देर रात उन्होंने धनवार थाने का औचक निरीक्षण किया। साथ ही सड़कों पर मिलने वाले लोगों से पूछताछ भी की। इसके बाद एसपी गिरिडीह-जमुआ पथ पर निकल पड़े। रास्ते में पड़ने वाले हिरोडीह थाने का भी निरीक्षण किया। उन्होंने काफ़ी समय मंडरो बाजार और कोदबरी चौक पर बिताया। इस दौरान उन्होंने हीरोडीह थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हीरोडीह पुलिस से आवश्यक जानकारी ली। गश्त के दौरान एसपी ने देर रात ही देवरी के कई इलाकों का भी निरीक्षण किया। गश्ती के दौरान मिलने वाले पुलिस अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए।

### केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने बासुकीनाथ मंदिर में की पूजा

**दुमका, एजेंसी।** केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य, डेयरी विभाग के राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल सोमवार की देर शाम बासुकीनाथ पहुंचे। यहां उन्होंने बासुकीनाथ मंदिर में भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। पंडित कुंदन झा व सारंग झा सहित पांच पंडितों ने मंदिर के गर्भगृह में षोडशोपचार विधि से पूजा कराई। मंत्री ने मंदिर प्रांगण स्थित दस महाविद्या देवी की भी पूजा की। पंडितों ने मां बगलामुखी की विशेष पूजा कराई। इस दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

इससे पूर्व जरमुंडी के विधायक देवेंद्र कुंवर व दुमका जिला भाजपा अध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंत्री बघेल का जोरदार स्वागत किया। पूजा के बाद मंत्री ने मंदिर के कार्यालय में जरमुंडी विधायक व पार्टी जिलाध्यक्ष से संगठन के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया। मौके पर एसडीओ कौशल कुमार, बीडीओ कुंदन भगत, मंदिर न्यास पर्षद के सदस्य कुंदन पत्रलेख, मंदिर के सहायक प्रबंधक सुभाष राव, भास्कर पंडा आदि मौजूद थे।

### झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 27 को, महताब बने महासचिव के उम्मीदवार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन की चुनाव की तिथि 27 फरवरी को तय की गई है। इस चुनाव में एसोसिएशन के कई उम्मीदवार की घोषणा हो गई है। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महासचिव के पद के उम्मीदवार महताब आलम को मुस्लिम पुलिस ने महासचिव पद के नाम पर सहमति जतायी गई। हज़ारीबाग़ के इंस्पेक्टर शहीद राजा, फिरोज अंसारी व अब्दुल मनन की अध्यक्षता में एसोसिएशन चुनाव पर बैठक हुई। जिसमें अगामी महासंघ चुनाव-2025 के मुस्लिम समाज से मो महताब आलम को उम्मीदवार बनाया गया। सभी के सर्वसम्मति से मुस्लिम समाज से इन्हें चुना गया।

बैठक में शाहिद राजा, जाफरान शमी अहमद, ग्यास खान, मुमताज फिरोज अंसारी, मुस्लिम खान, मो नेमतुल्लाह खान, इस्लाम खान, सकील अहमद, जुल्फिकार अली, अब्दुल मनान, जमाल अख्तर, खुर्शीद खान, शौकत अली खान, मो इकबाल, निसार आलम अली, मो कमाल, जकी इमाम, परवेज आलम, नौशाद, मो एहसान, तबरेज आलम, ईरशाद काजी, कादिर अंसारी, रूस्तम अली, नमुत्ला खान, शोएब आलम एवं इस्तयाक अहमद, मो इरफान आलम, मो कुद्दूस, टिंकू खान, गुलाम रसूल, मो जमशेद खान, कादिर अंसारी, नासिर खान, मो इकबाल शामिल हुए।

### बूंद-बूंद के लिए तरस रहा धनबाद का अंबेडकर कॉलोनी, बीते 5 वर्षो से नहीं हो रही पानी की सप्लाई



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 54 इथित अंबेडकर कॉलोनी में पिछले 5 वर्षो से पानी की सप्लाई नहीं हुई। स्थानीय लोगो ने बताया कि कहने के लिए यहां दो पाइपलाइन लगाया गया। एक माडा और दूसरा नगर निगम के द्वारा। लेकिन एक से कुछ दिनों तक पानी की सप्लाई हुई तो वहीं माडा द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन से पानी की बूंद भी नसीब नहीं हुआ।शहरी क्षेत्र होने के साथ साथ वार्ड 55 व 54 के बीचों बीच यह कॉलोनी है। धनबाद नगर निगम से इसकी शिकायत कई बार शिकायत की गयी इसके बावजूद अंबेडकर कॉलोनी की सुधि लेने वाला कोई नहीं आया। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी से पहले यहां पानी की सप्लाई हो रही थी उसके बाद से यहां के लोगों को पानी नहीं मिला।

### मधुपुर में श्याम मंदिर से 20 लाख रुपये के जेवरात ले उड़े चोर, देर रात दिया गया घटना को अंजाम

**देवघर, एजेंसी।** देवघर के मधुपुर में पंच मंदिर रोड स्थित श्याम मंदिर व हनुमान मंदिर से चोरों ने करीब 20 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। मंदिर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर चोरों ने देर रात को घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि चोरों ने खाटू वाले बाबा श्री श्याम व बजरंगबली की प्रतिमा के ऊपर लगे चांदी के मुकुट, छत्तर, तीर- धनुष और हार समेत कीमती आभूषणों की चोरी कर ली।मंदिर के पुजारी रामनरेश शर्मा ने बताया कि रात के करीब दो बजे नींद खुली तो देखा कि मंदिर का दरवाजा खुला है।

# श्रीराम क्लब द्वारा भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारो** : भगवान श्री राम जी की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर निर्माण के एक वर्ष पुरा होने पर श्रीराम क्लब द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगनाथ शाही मौजूद रहे। मुख्य वक्ता श्री शाही ने कहा कि हम सब का परम सौभाग्य है कि भगवान श्री राम की मूर्ति को उसे जगह पर विराजमान देख रहे हैं। जहां उन्होंने अवतार लिया था। यहां उनके पुत्र कुश द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण किया गया था। कालांतर में भगवान विश्वकर्मा ने उस मंदिर का जीर्णोधार किया था। दीपोत्सव कार्यक्रम के उपरांत रात्रि भजनान्जली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति मय हो गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के संस्थापक रिंकू सिंह ने किया। ज्ञात हो कि भव्य, दिव्य और अद्भुत राम मंदिर निर्माण के शुभ अवसर पर क्लब द्वारा पिछले वर्ष 5 सौ दीपक से दीप प्रज्वलित किया गया था। इस वर्ष एक हजार दीप प्रज्वलित कर और आतिशबाजी कर रामलाल के अयोध्या में विराजमान होने के एक वर्ष पुर्ण होने पर फिर एक बार पुनः खुशियां मनाई गई। दीपोत्सव के सफल संचालन में सोमेश पाण्डेय,भरत यादव, संतोष वरनवाल, संतोष कुमार,रंजय कुमार,शिव कुमार, गौरव कुमार,जितेन्द्र ठाकुर, सिकन्दर कुमार, पिंटू (अयोध्या कुमार), श्री राम जी, उत्पल सिंह, उज्जवल कुमार,शैलेश कुमार, पप्पू कुमार,गोलू कुमार, रंजय, गौतम विशाल,अजय आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्लब के संस्थापक रिंकू सिंह ने कहा कि यह हम सभी सनातनी हिन्दू भाई को लिए गौरव का क्षण रहा। जिस से हम सभी बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज 5 सौ वर्षों बाद हमारे भगवान श्री राम अयोध्या में अपने घर विराजमान हुए और सौभाग्य से हम सब दीपोत्सव के रूप में भगवान राम के स्थापना की वर्षगांठ मना रहे हैं.

## तलाक होने पर संतान पर पिता का होगा अधिकार, झारखंड के इस आदिवासी समाज ने लिया फैसला

**चाईबासा, एजेंसी।** पिछले दिनों पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव प्रखंड के घोड़ाबांधा में आदिवासी हो समाज महासभा के दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन में तलाक पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसमें तय हुआ है कि यदि किसी कारणवश पति-पत्नी में संबंध विच्छेद होता है तो ऐसी स्थिति में संतान पर अधिकार पिता का ही होगा।



इस संबंध में जानकारी देते हुए आदिवासी हो समाज महासभा की केंद्रीय समिति के संयुक्त सचिव छोटेलाल तामसोय ने बताया कि आदिवासी हो समाज में तलाक की प्रक्रिया नहीं है। फिर भी यदि वैवाहिक जीवन कलहपूर्ण है।

शांतिपूर्ण और सुखमय नहीं है तो वैसी स्थिति में विवाहित जोड़ी के बीच गंभीर एवं विषम परिस्थिति उत्पन्न होने पर, दोनों इस संबंध को तोड़ना चाहे तो मामा एवं समाज के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में विचार विमर्श एवं समझाने के उपरांत भी बात नहीं बनती है तो ऐसी स्थिति में पति-पत्नी के बीच संबंध विच्छेद हो सकता है।

आदिवासी समाज में इसे बागे-बापागे के रूप में देखा गया है। सामाजिक चर्चा में निर्णय लिया गया कि यदि लड़का दोषी पाया जाता है तो अर्जित संपत्ति का हिस्सा जीवन यापन हेतु लड़की को देय होगा जो वास्तविक स्थिति के अनुसार समाज के लोग तय करेंगे परंतु पैतृक संपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा।

विवाह विच्छेद के कारण लड़का और लड़की दोनों में से कोई भी हो सकता है लेकिन विवाह विच्छेद के बाद बच्चों की जिम्मेदारी पति के ऊपर होगी। क्योंकि कुर्सी नामा के अनुसार हो समाज पितृ प्रधान समाज है जो बच्चों के भविष्य के लिए अत्यंत जरूरी है।

वार्षिक अधिवेशन में शादी से संबंधित दस्तूर को लिपिबद्ध करने को बनी समिति वार्षिक अधिवेशन के खुला सत्र में लिए गए निर्णयों को हो समाज के शादी से संबंधित दस्तूर के रूप में लिपिबद्ध करने के लिए एक समिति बनाई जिसमे केंद्रीय अध्यक्ष मुकेश बिरुवा के साथ, बमिया बारी, हरीश समड, रमेश जेराई, रमय पुरती, जदुनाथ तिऊ, छोटेलाल तामसोय, कालीचरण बिरुआ, अंजू समड, इन्दु हेम्ब्रम, गणेश पाट पिंगुआ, इपिल समड और गब्बरसिंह हेम्ब्रम शामिल होंगे। अगले छह महीने के अंदर में दस्तावेज को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया गया है। संयुक्त सचिव ने कहा कि आदिवासी हो समाज महासभा हो समाज के बीच काम करने वाली शीर्ष इकाई है। हो समाज से संबंधित दस्तूरों को बनाए रखने के लिए महासभा कृतसंकल्प है। इस प्रयास को सर्वप्रथम महासभा दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करके सफल बनाने का प्रयास करेगी, उसके बाद आने वाले समय में जन्मसंस्कार और मृत्यु संस्कार से संबंधित विषयों को भी लिपिबद्ध किया जाएगा। त्योहारों से संबंधित विधियां भी लिपिबद्ध की जाएगी।

## एजेंसी की सिक्योरिटी मनी से होगा कर्मियों के बकाया भुगतान

### विद्युत जीएम के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में निर्णय

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के बिजली विभाग के जीएम कार्यालय में मंगलवार को आउटसोर्सिंग कंपनी के अधीन कार्यरत अनुबंध कर्मियों के मुद्दे पर त्रिपक्षीय वार्ता हुई. वार्ता में जेबीवीएनएल के जीएम अशोक कुमार सिन्हा, कर्मियों की तरफ से झारखंड विद्युत कर्मी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुधांशु पांडेय शामिल हुए. सुधांशु पांडेय ने बताया कि पूर्व की एजेंसी प्रमोद पंडित कर्मियों का बकाया ईपीएफ, ईएसआई और छुट्टी का पैसा लेकर भाग चुकी है. इस पर जीम ने अश्वस्त किया कि विभाग के पास एजेंसी प्रमोद पंडित एजेंसी की जमा सिक्योरिटी मनी से कर्मियों के बकाए का भुगतान कर दिया जाएगा. वर्तमान एजेंसी रॉयल इंटरप्राइजेज के पास भी ईपीएफ, ईएसआई की राशि बकाया है, जिस पर प्रॉपराइटर प्रदीप गोराई ने सभी समस्याओं का 15 दिनों के भीतर निराकरण करने का आश्वासन दिया है.



वार्ता में बताया गया कि 10 दिनों के भीतर कर्मियों को सुरक्षा किट उपलब्ध करा दी जाएगी. संघ के सुधांशु पांडेय ने बताया कि विभाग में एजेंसी से हाइयर की गई गाड़ियां चल रही हैं, जिसके चालकों को भी मेंडेज का भुगतान किया जा रहा है, जबकि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है. ऐसे 9 चालकों को यह भुगतान हो रहा है. जीएम को इस मामले से अवगत कराया गय. इस बीच रॉयल इंटरप्राइजेज के प्रॉपराइटर प्रदीप ने बताया कि सुरक्षा किट पहले भी बांटी गई हैं, जल्द ही फिर वितरण की जाएंगी. उनकी एजेंसी में 500 कर्मी कार्यरत हैं और सभी का ईपीएफ, ईएसआई कट रहा है. जिनके साथ कोई समस्या आ रही है वे ऑनलाइन इसे भर सकते हैं. जीएम ने बताया कि सभी मुद्दे पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया है. एजेंसी को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं. चालकों को मेंडेज का भुगतान किए जाने के मामले में कहा कि इसकी जांच की जाएगी।

## मुठभेड़ में मारे गये 15 लाख के इनामी नक्सली की पत्नी सहित दो नक्सली

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिले में पुलिस और भाकपा माओवादी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गये. मारे गये नक्सलियों की पहचान एक दिन पहले गिरफ्तार हुए 15 लाख के इनामी नक्सली रणविजय महतो की पत्नी शांति और मनोज बास्की के रूप में हुई है. गौरतलब है, कि मंगलवार देर शाम झारखंड पुलिस की टीम ने बोकारो के चंद्रपुरा से रणविजय महतो को गिरफ्तार किया है. उसी के इनपुट पर नक्सलियों के खिलाफ तेजनारायनपुर थाना क्षेत्र के जरवा जंगल में अभियान चलाया गया. जिसके बाद यह मुठभेड़ हुई. मौके से भारी संख्या में गोला बारूद भी बरामद किया गया है. रांची से गयी पुलिस की टीम ने मंगलवार शाम में बोकारो के चंद्रपुरा बीएड कॉलेज मोड़ से 15 लाख के इनामी नक्सली रणविजय महतो को पकड़ा था. खुफिया एजेंसी और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है. रणविजय महतो नक्सली संगठन में जोनल कमांडर रैंक का है. रणविजय महतो वेश बदलकर चंद्रपुरा की ओर जा रहा था.



**रिवाल्वर के बल पर उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया:** मुंगो गांव के कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वे लोग नर्रा गांव से झारखंड मेला देखकर लौट रहे थे. द्वारसिनी के समीप रांची नंबर की एक एसयूवी पहले से रुकी हुई थी. मुंगो की ओर से आ रही बाइक जेएच 11एएस 6908 पर सवार युवक को एसयूवी पर बैठे पुलिसवालों ने रुकवाया और रिवाल्वर के बल पर उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया. इसी बीच पीछे से एक और गाड़ी आयी, जिसके आगे पुलिस का बोर्ड लगा हुआ था. इसमें सवार सभी पुलिसकर्मी उतरे. कुछ देर के बाद सभी नावाडीह की ओर तेज गति से निकल गये. बताया जाता है कि रणविजय की बाइक सड़क पर ही छोड़ दी गयी थी. वहां एक स्मार्टफोन भी गिरा मिला. ग्रामीणों ने इसे पुलिस को सौंप दिया है. पुलिस ने बाइक भी जब्त कर ली है.

## मुख्यमंत्री 15 दिनों में विस्तारीकरण योजना रिम्स-टू का शिलान्यास करेंगे: स्वास्थ्य मंत्री




**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की तर्ज पर एक और मेडिकल कालेज रिम्स-टू के निर्माण को लेकर खुशखबरी आई है। स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स-टू के शिलान्यास से लेकर निर्माण स्थल तक के बारे में ताजा अपडेट दिया है। उन्होंने सुविधाओं को लेकर भी जानकारी दी है।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स-2 का निर्माण कांके के रिनपास परिसर में होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री 15 दिनों में विस्तारीकरण योजना रिम्स-टू का शिलान्यास करेंगे।

इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उन्होंने इसे लेकर शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मेडिकल कालेज का निर्माण 1,074 करोड़ रुपये की लागत से होगा।

रिम्स अस्पताल के विस्तृत भवन रिम्स-टू के निर्माण के लिए उन्होंने स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राज कमल, मुख्य अभियंता और रिम्स प्रबंधन के साथ निरीक्षण किया।

इस मौके पर मंत्री ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था रांची स्थित रिम्स पर निर्भर करती है। पूरे राज्य से यहां मरीज आते हैं जिससे अस्पताल पर हमेशा भार रहता है। जनता द्वारा रिम्स के विस्तारीकरण को लेकर वर्षो से मांग की जा रही है। रिम्स-टू इस मांग को ही पूरा करने का राज्य सरकार का प्रयास है। मंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। इसके निर्माण से राज्य की जनता को रिम्स की उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में और भी आसानी होगी। उन्हें बेहतरीन सुविधाएं भी मिलेंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने निरीक्षण के क्रम में मीडिया से बात करते हुए कहा कि शिलान्यास के दो वर्ष के भीतर इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके प्रारूप में कुछ बदलाव की आवश्यकता है, जिसको 15 दिनों में तैयार कर लिया जाएगा। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि इस मेडिकल कालेज में 700 बेड की सुविधा होगी। इसमें विभिन्न स्पेशियलिटी के साथ चार सुपर स्पेशियलिटी होगी। इसमें न्यूरो, नेफ्रोलोजी, कार्डियोलाजी तथा न्यूरोनेटल सम्मिलित हैं। इसके 200 से 250 बेड होंगे।

इस मेडिकल कालेज में 100 यूजी तथा 50 पीजी के साथ सुपर स्पेशियलिटी विषय की सीटें भी होंगी। इसमें पुरुष-महिला छात्रावास, चिकित्सक तथा कर्मी के आवास आदि भी होंगे। इस अस्पताल के बनने से झारखंड वासियों की परेशानी दूर हो जाएगी।

## दुमका वालों की बल्ले-बल्ले, हवाई अड्डे को लेकर आ गई खुशखबरी, हेमंत सरकार ने ले लिया फैसला

**रांची, एजेंसी।** केंद्र सरकार की योजना रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत झारखंड की उपराजधानी दुमका से हवाई सेवा शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राज्य कैबिनेट ने उड़ान योजना के तहत नियमित उड़ान सेवा प्रारंभ करने को लेकर खुशखबरी दे दी है।



दुमका हवाई अड्डा पर कम्युनिकेशन, नेविगेशन और सर्विलांस सेवाएं शुरू करने के साथ-साथ एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए कोस्ट रिकवरी के आधार पर सेवा शुरू करने को लेकर अपनी सहमति दे दी है। मनोनयन के आधार पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ एकरारनामा के प्रस्ताव तथा प्रारूप पर स्वीकृति दी गई।

नार्कोटिक एक्ट के तहत चतरा जिला न्यायाधीश स्तर के एक विशेष न्यायालय के गठन को स्वीकृति प्रदान की गई है। ऐसे मामनों में दर्ज वादों को संज्ञान लेने एवं त्वरित निष्पादन के लिए यह कोर्ट काम करेगा। तमाड़ की तत्कालीन बीडीओ कुमकुम प्रसाद के विरुद्ध असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक के दंड को विलोपित करने की स्वीकृति दी गई।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत झारखंड पारा मेडिकल जिला स्तरीय संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई

**भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार से मांगा हिसाब:** भाजपा ने राज्य सरकार से केंद्र सरकार द्वारा दिए गए पैसे का हिसाब मांगा है। प्रदेश प्रवक्ता एवं गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि सरकार वर्ष 2019 से अब तक राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से खर्च हुए 1300 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं दे पा रही है। 15वें वित्त आयोग की सिफारिश पर राज्य सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में 2370 करोड़, ग्रामीण स्थानीय निकायों (पंचायत) को 6585 करोड़, नगर निकायों को 3367 करोड़ और आपदा प्रबंधन विभाग को 3138 करोड़ रुपये की राशि 2026 तक मिलेगी।

आयोग का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। 16वें वित्त आयोग के गठन से पहले भारत सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे अपना डाटा अपडेट करें। विभागों द्वारा ब्योरा नहीं देने के कारण पोर्टल अपडेट नहीं हो पा रहा है।

मंडल ने कहा कि कृषि विभाग ने सूखा राहत के लिए आपदा फंड का इस्तेमाल किया, लेकिन इसका हिसाब अभी भी लंबित है।

# महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम कैसे

भारत के शीर्ष तीन शहरों में बेंगलूरु को महिलाओं के लिए सामाजिक व औद्योगिक समावेश में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाला माना गया है। तमिलनाडु के आठ शहरों को इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें कामकाजी महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित, समावेशी शहरों में दूसरे नंबर में राज्य की राजधानी चेन्नई है। जो बीते साल के सर्वेक्षण में पहले पायदान पर थी। लिंग समावेशी क्षेत्र के तौर पर 25 में से 16 शहर दक्षिण भारत के हैं। यह सर्वेक्षण महिलाओं के कामकाज, उनकी रहने की जगहों, आगे बढऩे के तरीकों के आधार पर किया गया। कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, वेल्लोर, मदुरै, सेलम, इरोड, तिरुप्पुर भी इस सूची में शामिल हैं। देश में महिलाओं के लिए शीर्ष शहरों के सूचकांक, आदर्श शहरों व सवरेत्तम चलन की पहचान करता है। महिलाओं की प्रगति और उन्हें आग बढऩे के मार्ग प्रशस्त करने में शहरों के मूल सिद्धांतों व सांस्कृतिक ताने-बाने की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। मुख्मंत्री एमके स्टालिन का दावा है कि भारत की औद्यौगिक महिला कार्यबल का चालीस प्रतिशत हिस्सा तमिलनाडु से आता है। देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम कसने में बुरी तरह असफल सरकारों के लिए इस तरह के अध्ययन फौरी तौर पर राहत दे सकते हैं। मगर हकीकत यही है कि देश भर में प्रतिवर्ष तकरीबन चार लाख से अधिक मामले महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के दर्ज होते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार हर पंद्रहवें मिनट में बलात्कार की घटना दर्ज होती है, जिसमें राजस्थान शीर्ष पर है, उप्र-मप्र क्रमशः दूसरे-तीसरे स्थान पर हैं। कामकाजी महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर होने वाले शोषण के खिलाफ कानून लागू होने के बावजूद सुरक्षित वातावरण मिलना बेहद दुष्कर है। हालांकि उक्त सर्वेक्षण में अध्ययन के लिए चुने गए शहरों के परिवेश व सांस्कृतिक महत्त्व को भी देखा जाना जरूरी है। क्योंकि दक्षिण के राज्यों में उत्तर की बनिस्पत शिक्षा अधिक है और लैंगिक विषमता भी कम है। असल सवाल यह होना चाहिए कि महिलाओं के लिए सुरक्षित शहरों के तौर-तरीकों को अन्य राज्य सरकारें भी अपनाने का प्रयास करें। इससे महिला कार्य-बल की क्षमता भी बढ़ सकती है, वे उत्कृष्टतापूर्ण नतीजे देने में सफल होंगी, जो राष्ट्र की उन्नति व समृद्धि में महती भूमिका निभा सकता है।

# जैव विविधता का महत्त्वपूर्ण हिस्सा पेंगुइन

पेंगुइन ऐसा खूबसूरत पक्षी है जो पंखों के बावजूद उड़ नहीं पाता लेकिन पानी में बेहद तेज तैराक होता है। माना जाता है कि पेंगुइनों ने लाखों वर्ष पहले उडऩे की क्षमता खो दी थी। शक्तिशाली फ्लिपर्स और सुव्यवस्थित शरीर उन्हें बहुत अच्छा तैराक बनाते हैं। यह सबसे तेज तैरने और सबसे गहरा गोता लगाने वाली पक्षी प्रजाति है। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण तथा मानव गतिविधियों के कारण इस खूबसूरत पक्षी की कई प्रजातियां भी संकटग्रस्त हैं। दुनिया भर में पेंगुइन की कुल 18 प्रजातियां पाई जाती हैं, जो स्फेनिस्कीनाई उप-परिवार के अंतर्गत आती हैं। इनमें 'एडेली पेंगुइनÓ, 'दक्षिणी रॉकहॉपर पेंगुइनÓ और 'मैकरोनी पेंगुइनÓ प्रमुख रूप से शामिल हैं। पेंगुइन की 18 प्रजातियों में से 11 प्रजातियां अब संकटग्रस्त अथवा विलुप्तप्रायः की श्रेणी में आती हैं। पेंगुइन की आबादी प्रति वर्ष खतरनाक दर से घट रही है, और दुनिया के अधिकांश लोग इस बात से इसीलिए अनजान हैं क्योंकि उन्हें अपने प्राकृतिक आवास में पेंगुइन देखने को नहीं मिलते। पेंगुइन की 72 प्रतिशत प्रजातियों की आबादी घट रही है, और 5 प्रजातियां लुप्तप्राय मानी जाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बेहतर सुरक्षा और संरक्षण उपायों को लागू नहीं किया गया तो इन प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। आईयूसीएन ने पेंगुइन की अनेक प्रजातियों को संकटग्रस्त की श्रेणी में सूचीबद्ध किया है। यही कारण है कि पेंगुइन की सुरक्षा के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय संगठन प्रयासरत हैं, और 2000 से प्रति वर्ष 20 जनवरी को 'पेंगुइन जागरूकता दिवसÓ भी मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पेंगुइन के संरक्षण और उनके आवासों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिवस पेंगुइन संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयास में पेंगुइन के आवासों की सुरक्षा पर जोर देता है। जलवायु परिवर्तन के चलते बर्फ की चादर पिघलने और समुद्री तापमान में वृद्धि होने के कारण पेंगुइन के प्रजनन स्थल और भोजन के स्रोत प्रभावित हो रहे हैं। विषाक्त प्लास्टिक, मछली पकडऩे, तेल रिसाव, आवास विनाश और पर्यटन जैसी तेजी से बढ़तीं मानवीय गतिविधियों के कारण भी पेंगुइन के आवासों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समुद्र में 'लेपर्ड सीलÓ और ऑर्का जैसे शिकारी भी पेंगुइन के लिए खतरा बनते हैं। पेंगुइन अपने बच्चों को अंटार्कटिका की बर्फ पर पालते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वे खतरे में हैं। अमेरिका में 'सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायर्वसटीÓ के जलवायु विज्ञान निदेशक शाय वुल्फ का कहना है कि पेंगुइन का अस्तित्व इस पर निर्भर करता है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सरकार क्या ठोस कदम उठाती है। अमेरिकी सरकार का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इन पक्षियों के असफल प्रजनन का बड़ा कारण बन रहा है। वेडेल सागर में हैलीबे कॉलोनी दुनिया में एम्परर पेंगुइन की दूसरी सबसे बड़ी कॉलोनी है। इस कॉलोनी ने कई वर्षो तक समुद्री बर्फ की खराब स्थिति का सामना किया है। ऐसे में 2016 में सभी नवजात चूजे डूब गए थे, जिससे इनकी कॉलोनी को बहुत नुकसान हुआ था। इसीलिए अमेरिकी सरकार चेतावनी दे चुकी है कि एम्परर पेंगुइन को 'अर्जेट क्लाइमेट एक्शनÓ की सख्त जरूरत है। हालांकि 'वाइल्ड लाइफ एजेंसीÓ का कहना है कि पिछले 40 वर्षो के उपग्रह डेटा और अन्य सबूतों की जांच से सामने आया है कि पेंगुइन पर फिलहाल विलुप्त होने का तो खतरा नहीं है, लेकिन यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो वह दिन भी दूर नहीं है। 'वाइल्ड लाइफ एजेंसीÓ द्वारा इस पक्षी को पर्यावरण समूह, सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायर्वसटी द्वारा 2011 में लगाई गई एक याचिका की मदद लेकर 'ए डेंर्जड स्पीशीज एक्टÓ के तहत रखा गया है। बहरहाल, बढ़ते तापमान के कारण समुद्री बर्फ पिघल रही है, जिससे पेंगुइन की प्रजनन और भोजन खोजने की क्षमता प्रभावित हो रही है। समुद्रों में प्लास्टिक और अन्य प्रदूषण पेंगुइन के लिए बड़ा खतरा बन रहे हैं। पेंगुइन अक्सर प्लास्टिक को भोजन समझ कर निगल लेते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। अत्यधिक मछली पकडऩे के कारण पेंगुइन के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो रही है।

# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी



ललित गर्ग

राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने 'तीसरा विश्व युद्ध' रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा।' निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है। अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है। ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़ बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का



मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर होगा, इसे लेकर विशेषज्ञ कई तरह की उम्मीदें जता रहे। जानकारों के मुताबिक, ट्रंप के आने से भारत और अमेरिका के संबंध और गहरे होंगे। चीन को लेकर दोनों देशों की चिंता इन्हें करीब लाएगी। यह ट्रेंड पिछले पांच अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल जैसा ही रहेगा। क्वाड और मजबूत होगा। प्रशासन के कई विभागों में भारत के अच्छे संबंध बनेंगे। राजनीतिक और वैचारिक तालमेल भी अच्छा रहने की उम्मीद की जा रही। इसके साथ ही रक्षा, खुफिया और सुरक्षा मामलों में दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा। टेक्नोलॉजी में सहयोग की संभावनाएं बढ़ने के आसार हैं। सबसे अहम है भारत की युद्ध एवं आतंक मुक्त विश्व बनाने की योजना, इसको लेकर ट्रंप भी आगे आये है जो नये सूरज का अभ्युदय है। लेकिन ट्रंप का नया दौर कहीं मौखिक हमलों या कटु उद्गारों तक ही सीमित न रह जाए। इसके लिये जरूरी है कि वह भारत की शांतिपूर्ण नीतियों एवं योजनाओं को अग्रसर करें। भारत सहित तमाम दुनिया यही उम्मीद करेगी कि ट्रंप दुनिया में चल रहे बड़े युद्धों और छद्म युद्धों को रोकने में सफलता हासिल करें साथ ही आतंकवाद के खिलाफ ईमानदार रवैया अपनाये ताकि नई उबरती उभरती दुनिया में अमेरिकी सचमुच महानता का वरन कर सके।

# ऑनेस्टी पेज इन द लॉन्ग रन



डॉ. प्रशांत करण

उनसे परिचय सोसाइटी में घूमते हुआ। मैं समय काटने के लिए टहल रहा था, पर समय था कि कटता नहीं था। मुझे संध्या सात बजे एक स्थानीय साहित्यिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होना था। आयोजक वाहन भेजने वाले थे। अभी नया-नया मुख्य अतिथि होने का क्रम चला है। उतावलेपन में पाँच बजे तैयार हो गया और "अभी समय है," सोचकर टहल रहा था। वे तपाक से मिले। नमस्ते की। मैंने ठंडे से उत्तर दिया, "नमस्ते।" फिर मैं आगे बढ़ गया। मेरी दृष्टि आयोजक के आने वाले वाहन पर लगी थी। वे पीछे से आए और बोले, "मैं अमुक। कल ही सोसाइटी में रहने आया हूँ। किराए के घर में हूँ।" मैंने टालने के लिए "हूँ" कहा और आगे बढ़ गया। वे चिपकते हुए साथ चलने लगे। मैं बार-बार घड़ी देखता था और मेरी आँखें आने वाले वाहन पर टिकी थीं। मन ही मन मुख्य अतिथि के भाषण पर सोच रहा था।
वे फिर बोले, "मैं ईडी विभाग में यहाँ नया आया हूँ।" मैंने फिर "हूँ" कहा और पग बढ़ा लिए।
वे फिर बोले, "अमुक स्थान से मेरा स्थानांतरण हुआ है।" घड़ी में साढ़े पाँच ही बजे थे। मुझे समय भी काटना था। मैंने कहा, "क्यों?" वे सकपका गए। बोले, "तीन वर्ष वहाँ हो गए थे।" मैंने टहलना नहीं रोका और वे साथ चलना नहीं रोक रहे थे। मैं जितना उन्हें टालने में लगा था, वे उतना ही चिपक रहे थे।
वे बोले, "आप क्या करते हैं?" मैंने कहा, "कुछ नहीं।" वे फिर बोले, "आप कौन सा समाचार पत्र लेते हैं?" मैंने अब उनसे पीछा छुड़ाने का मन बना लिया। मैंने कहा, "मैं समाचार पत्र नहीं लेता।" वे बोले, "सही है। सभी समाचार तो टीवी और इंटरनेट पर तुरंत मिल जाते हैं।" मैं चुप रहा। मेरा टहलना जारी रहा और उनका चिपकना। जैसे नेता के साथ भ्रष्टाचार।
अब उन्होंने विषय बदल दिया। बोले, "अब ठंड कम होने लगी है।" मैंने अपनी वही बचाव की मुद्रा अपनाई हुई रखी। मैंने "हूँ" कहा और फिर चाल तेज कर दी। घड़ी में पौने छह बजे थे। वाहन साढ़े छह बजे आएगा। अगले पैंतालीस मिनट कैसे कटें, स्मरण में यह भी कि भाषण क्या देना है। यह साहब लगातार मेरे सोचने का क्रम तोड़ रहे थे।
निश्चय किया कि अगले प्रश्न का उत्तर नहीं दूँगा। वे बोले, "झारखंड में भ्रष्टाचार बहुत है। लेकिन ऑनेस्टी इज द बेस्ट पॉलिसी।" मैं चुप रहा। वे फिर बोले, "बड़े-बड़े, नामी-गिरामी की ईमानदारी की पोल खुल रही है।" वे मेरी प्रतिक्रिया जानने को लालायित थे। मैंने चुप्पी साध रखी थी और अपने भाषण के बिंदुओं को क्रमवार करने में मन लगाया हुआ था। वे लगातार साथ चल रहे थे।
वे फिर मुझे उकसाने के प्रयास में कहने लगे, "ऑनेस्टी इज द बेस्ट पॉलिसी।" अब वे इसे ही बार-बार दुहरा रहे थे। मैंने मन ही मन में कहा, "इसी ईमानदारी ने मुझे कहीं का नहीं छोड़ा। पूरी नौकरी खर्च की कटौती करने में बीत गई और अब सिर्फ पेंशन पर गुजारा हो रहा है।" मैंने कहा, "ऑनेस्टी पेज इन द लॉन्ग रन।" अब वे उसे ही बड़बड़ाने लगे, "ऑनेस्टी पेज इन द लॉन्ग रन।" तभी जैसे बिल्ली के भाग्य से छींका फूटा, रवि बाबू सामने से आते दिखे। मैं रवि बाबू से बातें करने लगा। वे साहब अब खिसक चुके थे।
उनके जाते ही रवि बाबू ने पूछा, "ये क्या बोल रहा था?" मैं आश्चर्यचकित रह गया। कहा, "आप उन्हें जानते हैं?" रवि बाबू बोले, "आप बहुत भोले हैं। इसकी छवि सप्ताह भर पहले समाचार पत्रों में निकली है। यह वही ईडी अधिकारी है, जो पचास लाख रिश्वत लेते साल भर पहले अमुक स्थान में सीबीआई द्वारा रंगे हाथों पकड़ा गया था। जेल से महीने भर पहले छूटा है। पंद्रह दिन पूर्व निलंबन की अवधि में इसका मुख्यालय यहाँ हुआ है।" मैं सन्न रह गया। रवि बाबू से बातचीत करते समय हो गया। वाहन आ गया और मैं समारोह में चला गया।
अगले दिन वे संध्या टहलते समय मेरे पास आए। उन्होंने नमस्ते की। मैंने उत्तर में "नमस्ते" कहा। अब वे पास आ गए तो मेरे मुँह से अनायास निकल गया, "ऑनेस्टी पेज इन द लॉन्ग रन बट डिजॉनेस्टी पेज ऑन द स्पॉट।" सुनते ही वे तेजी से दूसरी दिशा में चले गए। बाद में पता चला कि अगले ही दिन वे सोसाइटी छोड़कर अन्यत्र चले गए हैं।

## शब्द पहेली - 8381



**बाएँ से दाएँ**

1. भगवान, ईश्वर, रब-7
6. रुपये का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य, कीमत, दर-2
10. जी, इच्छा, चित-2
11. नलका, टोंटी-2
13. बारीक, सूक्ष्म-3
14. रेखा, लाइन-3
15. रग, नाड़ी-2
17. अधिकार -2
18. वध, कत्ल, मर्डर-2
20. दौड़ने वाला, धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना, प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3

**ऊपर से नीचे**

2. निर्माण, बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2,3
10. चिंतन-3
12. उत्साह, जिज्ञासा-3
16. हद, सीमा, बार्डर-4
17. हमेशा, सदैव-4
19. बलिदान, परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)

**शब्द पहेली-8380 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore




**मेष राशि** : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं।किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को मानसिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। किसी से चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से बच जायेंगे। आज अपने काम को समय से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं। आज जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज आपके मन में स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको नया सीखने को मिलेगा। अन्य लोगों ने जिस प्रकार से अपने काम में प्रगति की है, वैसे ही अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी सेवारत हैं उन लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा।

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा।

**मकर राशि** : आज का दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती है।

**मीन राशि** : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में लाभ लेने के लिए किसी एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। आज आपको किसी और के मामलों से दूर रहना होगा ताकि आप अपना मन काम में लगा सकें। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित/पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'***; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव**। रांची – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com

*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

# मोतिहारी में ऑनर किलिंग,10 दिन में 2 बेटियों की हत्या

## पहली नाबालिग थी, माता-पिता ने मार डाला, दूसरी का शादी के बाद अफेयर था



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में 10 दिन के भीतर 2 ऑनर किलिंग के मामले सामने आए हैं। दोनों ही मामले में पिता ने अपनी-अपनी बेटी की हत्या की है। दोनों मामले लव अफेयर से जुड़े हैं। पहला केस, 20 जनवरी की रात का है। जहां मां-पिता, भाई और चाचा ने मिलकर लड़की की हत्या कर दी। इसके बाद शव को छिपाने के लिए खेत की तरफ ले जा रहे थे, तभी एक ग्रामीण ने देखकर पुलिस को जानकारी दी। देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आरोपी पिता, भाई गुड्डू कुमार और चाचा चतुरी सहनी को गिरफ्तार किया। वहीं, मां कांती देवी मौके से फरार हो गई। परिजन लड़की के लव अफेयर से परेशान थे। वहीं, दूसरा मामला 11 जनवरी का है, जहां माता-पिता ने मिलकर 20 साल की बेटी की हत्या कर दी। फिर शव को नगर में फेंक दिया था। जांच में पता चला कि रोशनी का दूसरी जाति के एक युवक से प्रेम संबंध था। इसी बात से नाराज होकर घरवालों के घटना को अंजाम दिया है।

### 2024 से चल रहा था अफेयर

पहली घटना मोतिहारी के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सिसवा खरार पंचायत की है। मृतक की पहचान गणेश सहनी की बेटी अमीषा कुमारी (15) के रूप में हुई है। साल 2024 से लड़की का गांव के ही एक लड़के से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। 2025 में दोनों शादी करना चाहते थे। अमीषा ने अपने परिजनों से इस संबंध में बात की थी, लेकिन उसके माता-पिता नहीं माने।

### नहर के पास मिली लाश

दूसरी घटना मोतिहारी के कोटवा थाना क्षेत्र की है। जहां तिरहुत कनाल नहर के पास से 12 जनवरी को एक 20 साल की युवती का शव मिला था। इस मामले का खुलासा 19 जनवरी को हुआ। युवती की पहचान रोशनी कुमारी (20) के रूप में की गई थी। सदर एसडीपीओ जीतेश पांडे ने बताया कि 10 जनवरी की रात युवती की हत्या कर शव को नहर के किनारे फेंक दिया गया था। शव 12 जनवरी को मिला। जांच की गई तो पता चला कि युवती की हत्या उसके माता-पिता ने की थी।

### शादी के बाद भी प्रेमी से था अफेयर

दरअसल, 2 साल से रोशनी का एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। रोशनी के माता-पिता लड़के को पसंद नहीं करते थे। इसी वजह से उन्होंने 7 महीने पहले रोशनी की शादी उसकी मर्जी के खिलाफ जाकर दूसरे व्यक्ति से करा दी थी। इसके बाद लगातार रोशनी अपने ससुराल से भाग कर प्रेमी के पास आ जाती थी। इससे नाराज होकर उसके माता-पिता और कुछ अन्य लोगों ने मिलकर रोशनी की हत्या कर दी। इसके बाद शव को तिरहुत कनाल में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने युवती के पिता विनोद प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, फरार मां की तलाश जारी है।

### 17 जनवरी से घरवालों से हो रही थी लड़ाई

17 जनवरी से लगातार अमीषा की घरवालों से लड़ाई हो रही थी। हर दिन के झगड़े से परेशान होकर पिता गणेश सहनी ने हत्या की योजना बनाई। 20 जनवरी की रात पूरे परिवार ने एक साथ खाना खाया। इसके बाद रात करीब 10 बजे लड़की जब अपने कमरे में सोने गई, तो माता-पिता, चाचा-भाई ने मिलकर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

### शव फेंकते हुए ग्रामीण ने देखा

सुनसान जगह देखकर गणेश सहनी जैसे ही शव को फेंकने वाला था, तभी एक ग्रामीण ने उसे देख लिया। मौके से निकलकर उसने कल्याणपुर थाने की पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस 1 घंटे के अंदर मौके पर पहुंची और ग्रामीण की सूचना के अनुसार शव को कब्जे में लिया। फिर ग्रामीण के कहे अनुसार, पुलिस आरोपी व्यक्ति के घर पहुंची। वहां से आरोपी पिता, भाई और चाचा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, मां घर से फरार हो गई। एसडीपीओ सतेंद्र सिंह ने बताया कि एसपी स्वर्ण प्रभात को इस घटना की जानकारी मिली थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं, आरोपी मां की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएयू की छात्रा का एनएएएस के स्कॉलरशिप के लिए चयन

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी कुमारी को नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चर साइंस (एनएएएस) नई दिल्ली की तरफ से स्कॉलरशिप के लिए चुना गया है। उन्हें प्रतिष्ठित 'श्रीमती कनक अग्रवाल एनएएएस गर्ल्स स्कॉलरशिप के लिए चुना गया है। एनएएस और क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से स्कॉलरशिप दी जाती है। यह मासिक छात्रवृत्ति कार्यक्रम कृषि शिक्षा में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम 2024-2025 शैक्षणिक सत्र से शुरू होगा। देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों और संस्थानों में कृषि स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकित मेधावी छात्राओं के लिए इस छात्रवृत्ति का मौका होता है। प्रत्येक बैच में 21 छात्रवृत्ति दी जाती है। यह छात्रवृत्ति महिला छात्रों को वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन प्रदान करती है। जिससे वे कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगी। इस सफलता पर कुलपति प्रो. दुनिया राम सिंह ने साक्षी को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रत्येक छात्रा के लिए उदाहरण पेश करेगी।

### हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने पर सख्ती बरतें अधिकारी

**दरभंगा, एजेंसी।** समाहरणालय सभागार में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। सांसद ने हेलमेट व सीट बेल्ट को लेकर सख्ती का पालन करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। पथ निर्माण विभाग को शहर की सभी सड़कों के किनारे उजली पट्टी लगाने तथा डिवाइडर को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बताया गया कि सड़क किनारे साइनेज की संख्या बढ़ाई गई है, ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं। एनएचएआई के अभियंता ने बताया कि दिल्ली लाईन होटल, शोभन चौक, सिमरी चौक, जीवछ घाट आदि जगहों पर अधिक दुर्घटना होती हैं। सांसद ने पदाधिकारियों से शहरी क्षेत्र में शिवधारा, बेला, बाघ मोड़ जैसे भारी ट्रैफिक वाली जगहों पर सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि महिंद्रा एजेंसी से एनएच-57 पर बंद पड़े अंडरपास को चालू करने से यात्रा को सुरक्षित रखा जा सकता है। बैठक के बाद सांसद के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने तीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद ने कहा कि परिवहन विभाग जिले की हर पंचायत में लोगों के बीच जागरूकता संदेश फैलाए। निजी तथा सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। शहर से गुजरने वाली सड़कों के जंक्शन पॉइंट पर आवश्यकतानुसार संकेतक, साइनेज लगवाने का निर्देश दिया। नगर विधायक संजय सरावगी ने बताया कि शिवधारा चौक, बाजार समिति के पास दुर्घटना की आशंका रहती है। उन्होंने फ्लाईओवर एवं ट्रैफिक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का सुझाव दिया। बैठक में राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सलीम अख्तर, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीप्रकाश, सदर एसडीओ विकास कुमार, सदर एसडीपीओ अमित कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ऑटो ने बालक को रौंदा, मौत :पिता के साथ कबाड़ी चुनने जा रहा था, आरा में अस्पताल लाने के दौरान हुई मौत

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर गांव स्थित ब्रह्म बाबा के समीप मंगलवार को ऑटो ने पिता के साथ पैदल जा रहे बालक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृत बालक टाउन थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव निवासी तिरंगा मुसहर का 10 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है। इधर मृत बालक के पिता तिरंगा मुसहर ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ कायमनगर बाजार में कचरा चुनने के लिए जा रहा था।



## सोलर एनर्जी से रोशन होगा पटना कॉलेज:3 जगहों पर लगेंगी 30 से अधिक सोलर प्लेट

**पटना, एजेंसी।** पटना कॉलेज में सोलर एनर्जी से जल्द ही बिजली आपूर्ति शुरू होगी। ब्रेडा की ओर से कॉलेज में तीन जगहों पर 30 सोलर प्लेट लगाया जाएगा। लाइब्रेरी, भाषा भवन और साइकोलॉजी भवन की छतों पर 40 किलो वॉट, 10 किलो वॉट और 5 किलो वॉट के सोलर प्लेट लगेंगे। इससे कॉलेज में बिजली का खर्च आधा हो जाएगा। अभी लाख रुपए हर महीने बिजली का खर्च कॉलेज पर हो रहा है। सोलर एनर्जी के कारण नैक की मान्यता में भी मदद मिलेगी। वर्तमान में कॉलेज के पास नैक में 'सी' ग्रेड है। अगले साइकिल में इससे नैक ग्रेडिंग बढ़ने की उम्मीद है। पटना कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बिजली बिल अधिक आने से कॉलेज डेवलपमेंट के बजाय बिजली पर खर्च करना पड़ता है। मैंने स्थापना दिवस के दिन सोलर एनर्जी कॉलेज में स्थापित करने की बात कही थी, जो पूरा हो रहा है। एक-दो दिन में इसका काम शुरू होने वाला है। फरवरी से यह काम करने लगेगा।

**पीयू पर सात करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया :** पटना विश्वविद्यालय पर करीब 7 करोड़ रुपए बिजली का बिल बकाया है। ज्यादातर हॉस्टलों पर बिजली बिल का बकाया है। इस संबंध में विवि ने शिक्षा विभाग से बिजली बिल के मद में राशि की मांग की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से सभी विश्वविद्यालयों को पत्र जारी कर कहा कि वह अपना बिजली बिल स्वयं भरें। इसके अतिरिक्त कॉलेजों में प्रीपेड मीटर लग गए हैं। इसलिए पैसा जमा नहीं करने पर तुरंत बिजली कट जाती है। कॉलेजों की आय का बड़ा हिस्सा बिजली पर खर्च हो जाता है। कॉलेजों में ज्यादा से ज्यादा सोलर प्लांट्स की जरूरत है।

## जीतन राम मांझी बोले-लगता है कैबिनेट से देना पड़ेगा इस्तीफा

### झारखंड-दिल्ली विधानसभा चुनाव में सीट नहीं मिलने से नाराज, बिहार में 20 सीट की डिमांड

**मुंगेर, एजेंसी।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने ही गठबंधन के खिलाफ खुलकर बोलना शुरू कर दिया है। मंगलवार को मुंगेर के जमालपुर में जीतन राम मांझी ने कहा कि हमें एनडीए में तवज्जो नहीं दिया जा रहा है। पहले झारखंड, अब दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं दी गई। वक्त आ गया है, हमें अपना वजूद दिखाना पड़ेगा। लगता है कैबिनेट से इस्तीफा भी देना पड़ेगा। बिहार एनडीए में सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर चर्चा के पहले ही केंद्रीय मंत्री बिहार विधानसभा चुनाव में 20 सीट की डिमांड कर रहे हैं।

**अब पहले मांझी के तीन बयान से समझिए बगावत के तेवर:** 21 जनवरीः मुंगेर के जमालपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मांझी ने कहा कि, लगता है कि कैबिनेट हमको छोड़ना पड़ेगा। झारखंड में हम सीट नहीं मांगे तो नहीं मिला। दिल्ली में भी नहीं मिला। कहा गया नहीं मांगे थे, इसलिए नहीं मिला। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, ये कोई न्याय है क्या। हमारा कोई अस्तित्व नहीं है क्या। देखे एनडीए के लोग। जब जनमानस हमारा है, वोटर्स मेरे साथ हैं तो सीट मुझे क्यों नहीं मिले? हम फरियाना नहीं चाहते हैं। जो मेरा वजूद है उसके आधार पर हमे सीट दो।

**19 जनवरी:** जहानाबाद में जीतन राम मांझी ने कहा, दिल्ली और झारखंड विधानसभा चुनाव में औकात देखकर सीट दी गई है। दिल्ली और झारखंड



में जीतन राम मांझी का औकात नहीं समझा गया, इसलिए हमारी पार्टी को सीट नहीं मिली। बिहार विधानसभा चुनाव में हम अपना औकात दिखाना चाहते है। अगर बिहार में भी हमारी पार्टी को हल्के में लिया गया, तो एनडीए गठबंधन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

**16 जनवरी:** जहानाबाद में विधानसभा चुनाव में हमें 20 सीटें चाहिए। इसकी मांग NDA से करेंगे। कार्यकर्ताओं की डिमांड 40 सीटों की है। हमारी पार्टी को विधानसभा चुनाव में 20 सीटें मिल जाती है तो हम मांग पूरी करवाने में सफल होंगे। हम NDA के सच्चे साथी हैं। समय-समय पर सरकार की उपलब्धियों और कमियों पर टिप्पणी करते रहते हैं।

**बेटे की सफाई- हम एनडीए के साथ मजबूती से खड़े हैं:** मांझी के बयान के बाद उनके बेटे और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन ने 20 जनवरी को जहानाबाद में ही सफाई दी। उन्होंने कहा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते अधिकृत तौर पर बयान दे रहा हूं कि हमें एनडीए में कम नहीं आंका जा रहा है।

**हर जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन कर रहे हैं मांझी :** जीतन राम मांझी अपनी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन हर जिले में कर रहे हैं। वे हर दिन अलग-अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं। मंगलवार को मुंगेर के जमालपुर में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां मांझी ने कहा कि 2025 के चुनाव में पार्टी 20 सीटों की मांग करेगी। यह मांग पूरी हुई तो सभी पेंशनधारकों का पेंशन 2000 रुपए बढ़ाने के साथ पढ़े-लिखे डिग्रीधारी बेरोजगारों को 5000 रुपए नियोजित भत्ता दिलवाया जाएगा। मांझी ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड और दिल्ली चुनावों में हमारी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी गई, जबकि दो-तीन सीटें मिलने पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। उन्होंने बिहार में मुसहर और भुईया समाज की आबादी का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी राजनीतिक ताकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए मांझी ने कहा कि जब तेजस्वी यादव और उनके माता-पिता सत्ता में थे, तब न तो उन्हें मां याद आई, न बहन। उस समय वे सिर्फ मलाई काटने में लगे हुए थे। अब बिहार की महिलाओं को बरगलाने का काम कर रहे हैं। जनता अच्छी तरह समझती है।

## सामुदायिक भवन समेत कई योजनाओं पर लगा ब्रेक: निगम में 3 महीने से सशक्त स्थायी समिति की बैठक नहीं हुई



**पटना, एजेंसी।** नगर निगम में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। तीन महीने से पटना नगर निगम में सशक्त स्थाई समिति की बैठक ही नहीं हो सकी है। बैठक नहीं होने का सीधा असर शहर में निर्माण के साथ ही विभिन्न योजनाओं पर दिखने लगा है। करीब 14 ऐसी योजनाएं और प्रोजेक्ट हैं, जिनपर ब्रेक लग गई है। इसमें श्री कृष्णापुरी में जर्जर सामुदायिक की जगह पर नई बिल्डिंग बनाने का प्रोजेक्ट शामिल है। करीब छह कट्ठा में बेसमेंट के साथ तीन मंजिला भवन बनाने के लिए सालभर पहले ही एस्टीमेट तय कर दिया गया। इसके लिए 13.95 करोड़

### 14 प्रोजेक्ट प्रभावित

रुपए खर्च होने का अनुमान है। लेकिन आजतक इस प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाया जा सका है। इस तरह से दर्जनभर प्रोजेक्ट पर कोई काम नहीं हो रहा है। सशक्त स्थाई समिति और पर्षद दल की बैठक नहीं होने के चलते कई परियोजनाएं फंस गई हैं।

**पार्षदों को नहीं मिली 1 करोड़ की राशिः** शहर के सभी 75 वार्ड पार्षदों को प्रत्येक वर्ष 1-1 करोड़ रुपए की राशि दी जाती है। लेकिन नए वित्तीय वर्ष में किसी भी पार्षद को यह राशि मुहैया नहीं कराई गई है। इसके चलते शहर के पार्षद अपने वार्ड में किसी भी कार्य को करने में असमर्थ हैं। इसके अलावा जिन पार्षदों के वार्ड में सड़क, नाली,जलापूर्ति व भवन समेत अन्य प्रोजेक्ट पहले से प्रस्तावित हैं, वह कार्य भी नहीं हो रहा है। सशक्त स्थाई समिति और बोर्ड की बैठक के बाद ही कई योजनाओं को जमीन पर उतारा जा सकता है।

**आउटसोर्स एजेंसियों के लिए नहीं हो रहा टेंडरः** नगर निगम में 5 ऐसी मुख्य एजेंसियां हैं, जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। इनकी जगह नई आउटसोर्स एजेंसियों के लिए निगम को नए सिरे से टेंडर करना है। लेकिन लगातार एजेंसियों के अनुबंध को तीन-तीन महीने के लिए बढ़ाया जा रहा है। यह काम सालभर से चल रहा है। इसमें मौर्यन कार्ट नाम की एजेंसी भी शामिल है, जिसपर कार्यों में लापरवाही करने के कई गंभीर आरोप लग चुके हैं।

## वर्ष 2025-26 के बजट के लिए लोगों से मांगे सुझाव

### उद्योगों के लिए 10 हजार एकड़ भूमि का अधिग्रहण होगा : उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



**पटना, एजेंसी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, सड़क, रोजगार, ग्रामीण क्षेत्र के विकास सहित अन्य मुद्दों को ध्यान में रखकर बजट बनाना चाहती है। इसके लिए मंगलवार को एक होटल बैठक हुई। इसमें उद्योग, कृषि, शिक्षा, खेल, पर्यटन, आईटी, स्वास्थ्य, व्यापार और पूंजी जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ-साथ आम लोगों से भी सुझाव मांगा गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उद्योगों की स्थापना के लिए लगभग 10000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। चौथा कृषि रोडमैप लागू है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। खेतों तक बिजली पहुंचाने के लिए कृषि फीडर लगाए जा रहे है। बिहार को समृद्धि वाला बजट बनाने में सबके सहयोग की आवश्यकता है। बिहार में 24000 करोड़ रुपए के बजट से आगे बढ़ते हुए 2 लाख 78 हजार करोड़ का वार्षिक बजट बनाने की उपलब्धि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हासिल हुई। बैठक में बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का सुझाव राज्य में तीन से चार औद्योगिक परिक्षेत्र बनाने का रहा, जहां उद्योगों के अनुकूल आधारभूत संरचना हो। इसके लिए उसकी ओर से कई स्थल सुझाए गए। बीआईए के पदाधिकारियों ने कहा कि कैमूर, ठाकुरगंज, पूर्णिया, बेगूसराय, सोनपुर, हाजीपुर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए प्रोजेक्ट बनाया जा सकता है। उद्योगों के लिए अलग से भूमि का वर्गीकरण हो और औद्योगिक भूमि की अलग दर निर्धारित की जाए।

पीएनजी के लिए एक राज्य-एक दर के साथ फार्मास्युटिकल सेक्टर में निवेश आकर्षित करने के लिए नीति बनाने का सुझाव दिया। वहीं, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने उद्योग, आईटी एवं टैक्सेशन प्रक्षेत्र से संबंधित ज्ञापन सौंपा। चैंबर ने उद्योग विभाग का बजट बढ़ाने, उद्यमों को भूमि का आवंटन, भूमि बैंकों की स्थापना, बिजली दर को पड़ोसी राज्यों के समान करने समेत अन्य मांग की।

### बैठक में ये उपस्थित थे

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, विज्ञान, प्रावैधिकी व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार, वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, बीआईए अध्यक्ष केपीएस केशरी, उपाध्यक्ष प्रेम नारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष अरविन्द कुमार, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी, उपाध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, टूरिज्म कमेटी के सुनिल कुमार सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोयनका आदि थे।

## बिहार में अगले 2 दिनों तक ठंड से राहत नहीं, 18 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले 2 दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र की माने तो प्रदेश में पछुआ हवा चल रही है, जो जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से ठंडक लिए आ रही है।

इससे बिहार में ठंड महसूस हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 18 जिलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। इससे न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस नीचे आने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, न्यूनतम तापमान गिरने से ठंड बढ़ेगी। पिछले दो दिन मौसम सामान्य रहा। दिन में धूप निकली। लेकिन, मंगलवार को अचानक मौसम बदल गया। सुबह में पटना समेत कई जिलों में घने कोहरे छाए रहें। रात में घना कोहरा होने की वजह से दिल्ली और मुंबई से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट पटना आने के बाद डायवर्ट हो गई। दिल्ली और मुंबई से आने वाले करीब 320 यात्री वापस चले गए। दिल्ली से पटना आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई5008 को वापस दिल्ली डायवर्ट किया गया है। इस फ्लाइट में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत 152 पैसेंजर्स सफर कर रहे थे। जिन्हें फिर से दिल्ली लैंड करना पड़ा।

**पटना समेत 7 जिलों में 8वीं तक के स्कूल बंद :** ठंड बढ़ने के कारण पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने पहली से आठवीं कक्षा तक के स्कूल को 23 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही गोपालगंज, मोतिहारी, भागलपुर, मुंगेर, सुपौल और दरभंगा में भी पहली से आठवीं कक्षा तक के स्कूल को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। वहीं, 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 9 से दोपहर साढ़े तीन बजे तक चलेगी।

### अधिकतम और न्यूनतम तापमान में होता रहेगा उतार-चढ़ाव

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, अभी राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा के साथ पहाड़ों से ठंडी हवा प्रदेश में पहुंच रही है। इसके साथ ही ला नीना भी एक्टिव है। इसकी वजह से समुद्र तल की नमी और ठंड जेट स्ट्रीम के साथ आ रही है।

# काशी-प्रयागराज समेत सात जिलों के धार्मिक क्षेत्र को योगी कैबिनेट की मंजूरी, कई अन्य प्रस्ताव पास

**प्रयागराज , एजेंसी।** महाकुंभ में बुधवार को हुई योगी कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें प्रयागराज हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल, संगम के पास अरैल में भी एक सामानंतर पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है।

योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि च्गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोड़ने के लिए एक और चार लेन का



पुल बनाया जाएगा। यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा...

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा...ज्। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि च्प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक सतत विकास बनाने के लिए, हम एक विकास क्षेत्र विकसित करेंगे। इसके बुनियादी ढांचे के लिए, गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार दिया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मिर्जापुर, भदोही से काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा...ज् यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है, च्वाराणसी और चंदौली से, यह (गंगा) एक्सप्रेसवे सोनभद्र को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा।

सीएम योगी ने कहा कि हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल बनेगा, अरैल में भी एक पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है।

### प्रयागराज, वाराणसी और आगरा के लिए बॉन्ड जारी किए जाएंगे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम हैं। इन तीनों के लिए बॉन्ड जारी किए जाएंगे... पिछले एक हफ्ते में 9.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है... प्रयागराज नगर निगम प्रयागराज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बॉन्ड जारी करेगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवाचार, आविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

### राज्य के विकास से जुड़ी नीतियों पर चर्चा हुई-योगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा विशेष कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि पूरी कैबिनेट पहली बार महाकुंभ में मौजूद है। राज्य के विकास से जुड़ी नीतियों पर चर्चा हुई। प्रयागराज से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा तथा रोजगार नीति को पांच साल पूरे हो गए हैं। इसे नवीनीकृत किया जाएगा। अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए नए प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रा के अगवा होने की कहानी निकली झूठी, घर से अकेली जाती दिखी छात्रा

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में बिठूर के गोरहा नई बस्ती निवासी छठवीं की छात्रा के अपहरण की कहानी फर्जी निकली। वह घर से स्कूल जाने के बजाए शिवराजपुर पहुंच गई। उसने खुद ही एक दुकान से कपड़े खरीदे। खरीदारी करते सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई और दुकानदारों ने भी इस बात की तस्दीक की। पुलिस अब छात्रा से पूछताछ कारणों का पता लगाने में जुटी है।

छात्रा ने सोमवार को खुद के अपहरण की कहानी परिजनों के जरिये पुलिस को सुनाई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामले में देर रात अज्ञात स्कूटी सवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी। पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो पता चला कि छात्रा स्कूल न जाकर अकेले ही पैदल जाती दिखी। इसके बाद पुलिस की टीम शिवराजपुर पहुंची। जांच में पता चला कि छात्रा सुबह करीब 10:30 बजे शिवराजपुर बाजार स्कूल ड्रेस में पहुंची थी। उसने जमीन पर कपड़े बेचने वाले नूर आलम की दुकान से पांच सौ रुपये में जींस और टॉप खरीदा। फिर टीम ने नूर आलम के अलावा पास में ही कपड़ों की दुकान चलाने वाले नूर आलम के भाई इमरान और कॉस्मेटिक दुकानदार आशु के बयान भी दर्ज किए। डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में छात्रा द्वारा लगाए गए आरोप झूठे पाए गए हैं। छात्रा ने झूठ क्यों बोला, इसकी जांच की जा रही है। बिठूर पुलिस ने मंगलवार को मुस्कान का मेडिकल करवाने के साथ ही उसके बयान दर्ज किए। बयानों में उसने पूर्व में बताए गए आरोपों को ही दोहराया है। पुलिस का मानना है कि अगर स्कूटी सवार महिला ने उसे नशीला इंजेक्शन लगाया तो वह 40 किमी तक कैसे पहुंच गई। अब तक की जांच में छात्रा द्वारा लगाए गए आरोप झूठे पाए गए हैं।

### ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई कार

**अलीगढ़ , एजेंसी।** जीटी रोड पर टोल प्लाजा के पास मंगलवार की शाम एक ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें कार सवार बाल-बाल बचे। गांव गोपी निवासी भारत सिंह के अनुसार मंगलवार की शाम वह कार से अलीगढ़ जा रहे थे। शाम करीब पांच बजे एक ट्रक चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी कार में टक्कर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने ट्रक चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

### सेवानिवृत्त एडीएम हत्याकांडः लेनदेन के साथ संपत्ति के बिंदु भी जांच में शामिल

**कासगंज , एजेंसी।** कासगंज में रिटायर्ड एडीएम राजेंद्र प्रसाद कश्यप की हत्या के मामले में पुलिस कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने कई टीमों को मामले की जांच पड़ताल व खुलासे में लगाया है। एसपी और एएसपी स्वयं इस मामले की जांच पड़ताल की निगरानी कर रहे हैं।

रिटायर्ड एडीएम की हत्या के मामले में परिवार के लोगों ने तहरीर में चोरी के मामले को लेकर एक युवक पुष्पेंद्र पर आशंका व्यक्त की है। पुलिस बेटे द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी की जांच पड़ताल तो कर ही रही है। इसके अलावा पुलिस ने रिटायर्ड एडीएम के नौकर धर्मेंद्र व एक अन्य युवक से भी पूछताछ की है। पूछताछ में जो बिंदु सामने आए हैं उनकी तहकीकात हो रही है। वहीं, संपत्ति व लेनदेन के बिंदु भी पुलिस की जांच के दायरे में हैं।

एसपी अंकिता शर्मा एवं एएसपी राजेश कुमार भारती ने इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस की टीम के अलावा क्राइम ब्रांच, सर्विलांस को सक्रिय किया है। वहीं, सोरोंजी पुलिस की टीम को मामले की जांच पड़ताल में लगाया है। घटना के बाद से यह टीमें मामो, गोरहा व रिटायर्ड एडीएम के संपर्क के लोगों से भी जानकारी जुटाई। जिससे हत्या के कारणों पर पुलिस पहुंच सके और हत्यारे की सही शिनाख्त कर सके। गैस्ट हाउस पर सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। पुलिस की टीमें गैस्ट हाउस के भवन में सीसीटीवी कैमरों को देखती रहीं, लेकिन वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला। उसके बाद पुलिस ने मामो पर गैस्ट हाउस के पास के भवनों के सीसीटीवी कैमरे भी पुलिस ने देखे हैं, लेकिन सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल में पुलिस का क्या मिला है यह स्पष्ट नहीं है।

# एक लाख के इनामी समेत चार बदमाशों को ढेर करने वाले एसटीएफ इंस्पेक्टर का निधन

**शामली, एजेंसी।** गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती मुठभेड़ में घायल हुए एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह शामली में बदमाशों से हुई मुठभेड़ में सोमवार रात घायल हुए थे। डाक्टरों की टीम ने मंगलवार को सुनील के पेट से एक गोली निकाल ली थी लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने कहा कि इंस्पेक्टर की मौत की सूचना के बाद एक टीम को गुरुग्राम भेजा गया है। यूपी के शामली जिले में सोमवार की रात एसटीएफ मेरठ की मुकीम काला और कग्गा गैंग के सदस्यों से मुठभेड़ हुई। उदपुर गांव के पास 30 मिनट तक जमकर गोलीबारी हुई। दोनों ओर से 40 राउंड से अधिक गोलियां चली। चार बदमाशों को मार गिराने के बाद घटनास्थल को सील कर दिया गया था। एसटीएफ मेरठ यूनिट के इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, सोमवार सुबह 11 बजे ही उन्हें मुखबिर से एक लाख के इनामी अरशद और उसके साथी के आने और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की सूचना थी, जिस पर पुलिस ने दिन में ही उदपुर ईंट भट्ठे के पास अपनी फील्डिंग जमा ली थी। पुलिस को सफलता रात तक मिली। दोनों ओर से 30 मिनट तक जमकर फायरिंग हुई जिसमें पूरा क्षेत्र दहल उठा। बदमाशों के पास से तमंचे, कारबाइन, कारतूस और कार को पुलिस ने जब्त कर लिया। मौके



पर पहुंचे डीआईजी अजय साहनी ने टीम का हौंसला बढ़ाया। एसपी ने बताया कि इंस्पेक्टर सुनील ने अपनी एके 47 से भी फायर किया, जबकि टीम के अन्य साथी प्रमोद कुमार ने पिस्टल से तीन, जयवीर सिंह ने एक, हेड कांस्टेबल प्रीतम सिंह ने दो, विवेक ने एक, हेड कांस्टेबल जोशी राणा ने एक, विकास धामा ने एक, रोमिश तोमर ने एक, आकाशदीप ने एक, अंकित कुमार आदि ने एक फायर कर बदमाशों को मार गिराया। एसटीएफ एसपी बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मुठभेड़ में घायल इंस्पेक्टर सुनील मेरठ के मसूरी गांव के रहने वाले हैं। सुनील पूर्व में आर्म्स फोर्स में तैनात थे। पूर्व में पीएसी में कंपनी कमांडर थे। 25 साल पहले ही एसटीएफ में आए थे। वह ददुआ समेत ठोकिया समेत कई एनकाउंटर में शामिल रहे। कई बदमाशों को उन्होंने मार गिराने में अहम भूमिका निभाई है।

### रंगदारी मांगने के आरोप में पत्रकार समेत तीन गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 कोतवाली पुलिस और सीआरटी टीम ने पत्रकार व नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष समेत तीन लोगों को रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि तीनों सरिया माफिया रवि काना गिरोह के बदमाश हैं। तीनों की पहचान सीनियर सिटीजन सोसाइटी निवासी पंकज पाराशर, ग्रेनो वेस्ट के वेदपुरा गांव निवासी देव शर्मा और सेक्टर डेल्टा वन निवासी अवधेश सिसोदिया के रूप में हुई है। आरोप है कि तीनों रवि काना के नाम से धमकी देते थे और फर्जी न्यूज चलाने के नाम पर उगाही कर रहे थे। आरोपियों के पास से अवैध उगाही के 6.30 लाख नकद, दो लग्जरी कारें और रवि काना की 14 गाड़ियों की आरसी और 12 फोटो व हस्ताक्षर वाले पर्चे बरामद हुए हैं। पंकज न्यूज पोर्टल चलाता है और नोएडा मीडिया क्लब का अध्यक्ष है। पुलिस ने दावा किया है कि तीनों आरोपी सरिया माफिया रवि काना गिरोह के सदस्य हैं। आरोप है कि 8 नवंबर को मनोज कुमार को परी चौक पर बाइट देने के नाम पर बुलाया गया। वहां पीड़ित को सरिया माफिया रवि काना गिरोह का आदमी बताकर पैसे मांगे गए।

## अखिलेश ने महाकुंभ में बैठक को बताया राजनीतिक, बोले- वक्फ की जमीन कब्जाना चाहती भाजपा



**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को सपा ने जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर सपा मुखिया ने सूबे की भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने महाकुंभ में हो रही योगी कैबिनेट की बैठक को राजनीतिक बताया।

सपा मुखिया ने कहा कि महाकुंभ राजनीति की जगह नहीं है। भाजपा वहां पर राजनीति कर रही है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन पर भी सवाल खड़े किए। मिल्कीपुर चुनाव को लेकर भी सरकार को घेरा। कहा कि मिल्कीपुर चुनाव को लेकर भाजपा ने पुलिस को आगे कर दिया है।

एक दिन पहले लखनऊ में वक्फ संशोधन अधिनियम पर हुई जेपीसी की बैठक पर भी सपा मुखिया ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को लोग वक्फ की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। ये लोग समाज में नफरत फैलाना चाहते हैं।

# चिड़ियाघर में हाथी के लिए बनेगा एक और ठिकाना, बढ़ेगा हाथियों का कुनबा

**गोरखपुर एजेंसी।** चिड़ियाघर में हाथी रेस्क्यू सेंटर के प्रथम फेज का काम पूरा होने के बाद वहां गंगा प्रसाद को शिफ्ट कर दिया गया है। जल्द ही वहां एक और हाथी का ठिकाना बनाया जाएगा। इसमें भी पहले की तरह सारी सुविधाएं होंगी। करीब सवा एकड़ में रेस्क्यू सेंटर बनाया जाएगा।

शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) में सवा एकड़ में एक और हाथी रेस्क्यू सेंटर बनेगा। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि अगर चिड़ियाघर में हाथियों का कुनबा बढ़ता है तो दिक्कत न हो। राजकीय निर्माण निगम ही इसे बनाएगा। शासन ने हाथी रेस्क्यू सेंटर के लिए करीब 18 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी।

इसमें 12 करोड़ की राशि मिल चुकी है, जिससे एक रेस्क्यू सेंटर



बनाया जा चुका है। अब दूसरे रेस्क्यू सेंटर की तैयारी राजकीय निर्माण निगम ने शुरू कर दी है। इस सेंटर में भी विश्राम के लिए दो नाइट सेल कीपर हाउस के साथ बनाया जाएगा। इसके अलावा दो फीडिंग प्लेटफॉर्म, फूड स्टोरेज, स्नान और हाथियों के खेलने के लिए तालाब बनाया जाएगा।

राजकीय निर्माण निगम के जीएम डीबी सिंह ने बताया कि जिस तरह पहला हाथी रेस्क्यू सेंटर बनाया गया है। उसी तर्ज पर दूसरा बनाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इससे पहले जहां पर सेंटर को बनाया जाना है, वहां पर पेड़ हैं, उसे कटवाए जाएंगे। इसके बाद काम शुरू किया जाएगा। सेंटर में हाथी के रहने के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# होली पर घर आने वाले यात्रियों की बढ़ेंगी मुश्किलें, 54 दिन पहले ही ट्रेनों की ज्यादातर सीटें फुल

**वाराणसी एजेंसी।** होली में अभी 54 दिन बाकी हैं लेकिन महानगरों से वाराणसी समेत पूर्वांचल लौटने वाली ट्रेनें अभी से फुल हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों की सभी श्रेणियों में लंबी वेटिंग है। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, गुजरात, सूरत और पंजाब से आने वाली ट्रेनों में भी जगह नहीं हैं। अब 14 मार्च को होली में घर जाने वालों के लिए होली स्पेशल ट्रेनें ही सहारा बन सकती हैं। टूर ऑपरेटर आकाश तिवारी ने बताया कि 12 मार्च को सूरत से वाराणसी आने वाली ताप्ती गंगा एक्सप्रेस के स्लीपर और थर्ड एसी में सीटें रिग्रेट हो चुकी हैं। 12 मार्च को दिल्ली से वाराणसी आने वाली शिवगंगा एक्सप्रेस, दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट, काशी विश्वनाथ, श्रमजीवी, पूर्वा, लिच्छवी, महामना, स्वतंत्रता सेनानी, फरक्का, सद्भावना की विभिन्न श्रेणियों में सीटें 50 से 150 की वेटिंग हो चुकी हैं।



यही हाल मुंबई से लौटने वाली महानगरी, पवन, एलटीटी-गोरखपुर, एलटीटी-जयनगर अन्य ट्रेनों का है। सभी ट्रेनों की विभिन्न श्रेणियों में टिकट वेटिंग हैं। 13 मार्च को पंजाब के लुधियाना से लौटने वाली कोलकाता एक्सप्रेस, दुर्गियाना एक्सप्रेस, बेगमपुरा, गंगा सतलज, पंजाब मेल के स्लीपर और एसी के सभी क्लास में कंफर्म सीटें नहीं हैं। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि होली पर रेलवे बोर्ड की ओर से फेस्टिव ट्रेनें चलाई जाएंगी। कुछ स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं, त्योहार के समय इनके फेरे भी बढ़ सकते हैं।

**वंदे भारत और राजधानी में कंफर्म सीटें:** कैंट स्टेशन के मुख्य आरक्षण केंद्र के पर्यवेक्षकों ने बताया कि दिल्ली से वाराणसी आने वाली 22416 वंदे भारत और 22436 वंदे भारत, 20506 राजधानी एक्सप्रेस में 13 और 14 मार्च को सीटें कंफर्म मिल जाएंगी। टिकट फेयर अधिक होने के कारण यात्री इन ट्रेनों में आरक्षण नहीं करवा रहे हैं। हालांकि, 10 दिन में यह ट्रेनें भी फुल हो जाएंगी।

# विकास कार्यों में लापरवाही पर फटकार, तीन अफसरों का वेतन रोका, जिलाधिकारी ने दी चेतावनी

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में एक करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों व सीएम डैश बोर्ड के कार्यों को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जिले के सभी अधिकारियों के साथ देर शाम बैठक की। विकास कार्यों में लापरवाही पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, बिल सुधार में लापरवाही पर केस्को के अधीक्षण अभियंता और एमडीएम में का बच्चों की उपस्थिति पर सभी का वेतन रोकने के आदेश दिए। साथ ही, अन्य अफसरों को काम में सुधार लाने की चेतावनी दी। सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित बैठक में मैस्कर घाट निर्माण कार्य, हृदय रोग संस्थान में भवन निर्माण, जयपुरिया रेलवे क्रासिंग के पास दो लेन उपरिगामी रेलवे पुल, दादा नगर के पास निर्मित रेलवे उपरिगामी सेतु के समानांतर दूसरे सेतु निर्माण, मेडिकल कालेज के प्रथम चरण के अंतर्गत विद्युत सुरक्षा संबंधित कार्यों की प्रगति समझी।

**परियोजनाओं में केवल 46 ही पूरी हुई:** अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग का वेतन इसलिए रोका गया कि 79 परियोजनाओं में केवल 46 ही पूरी हुई। इससे विभाग की रैंकिंग डी श्रेणी में आई। इसी तरह मध्याह्न भोजन योजना में कम बच्चों की उपस्थिति पर जिला विद्यालय निरीक्षक का वेतन रोका गया। धन की कमी के कारण अटकी परियोजनाओं के लिए पत्र लिखने के निर्देश जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ईशा शर्मा को दिए।

**वेतन रोकने के दिए हैं निर्देश:** कहा, रैंकिंग में असर को लेकर पहले से ही विभाग उन्हें अवगत कराएं। विद्युत बिल सुधार का निस्तारण समय से न होने व अधीक्षण अभियंता के उपस्थित नहीं होने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। सहकारी दुग्ध समितियों का गठन समय से न करने व ई रैंकिंग पर महाप्रबंधक दुग्ध विकास को भी चेतावनी जारी की। सीडीओ दीक्षा जैन से कहा, जो विभाग लगातार लापरवाही बरत रहे हैं, उनकी चार्जशीट शासन भेजी जाएगी। निर्देश दिया कि बिना अनुमति के कार्यदायी संस्था के संबंधित नोडल अफसर जिले से बाहर नहीं जाएंगे।

# कानपुर में ऑपरेशन त्रिनेत्र : टीपी नगर में भी इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी विकास ने लगवाए कैमरे

## अपराधियों की जल्द धर पकड़ में अहम भूमिका निभा रहा पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का ऑपरेशन त्रिनेत्र

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां हर तरह के अपराधियों की धर पकड़ में पुलिस का सहयोग करने में अव्वल हाई क्वालिटी के आईपी कैमरे लगवाने का

सिलसिला यहां लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के इसी क्रम में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी की अगुवाई में बाबू पुरवा थाना क्षेत्र में भी अब तक लगभग 500 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगवाए जा चुके हैं।

इसी क्रम में हाल में ही इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर की तेजतर्रार और व्यवहार कुशल टीम चौकी प्रभारी विकास शर्मा द्वारा भी ट्रांसपोर्ट नगर में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए द्वारा मधु फैक्ट्री से सामंजस्य स्थापित कर पॉपुलर धर्म कांटे को ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के क्रम में गोद लिया गया है, जिसके तहत अब ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र में भी सीपी प्लस कंपनी के चार हाई क्वालिटी के आईपी कैमरे एस एण्ड एन



कंप्यूटर कंपनी द्वारा लगवाए गये।

अवगत कराते चलें कि यहां की पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अब तक हजारों कैमरे लगवाई जा चुके हैं। और अब हाई क्वालिटी के यही कैमरे वारदात के बाद फरार होने वाले अपराधियों की अति शीघ्र धड़ पकड़ के मामले में बहुत अहम भूमिका निभाने में भी सफल हो रहे हैं। यह पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के लगातार जारी ऑपरेशन त्रिनेत्र का ही कमाल है कि वारदात के बाद फरार होने वाले सभी अपराधी पुलिस के शिकंजे में जल्द से जल्द फंसने से नहीं बच सके। यही नहीं आम जनता के जो भी लोग ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरे लगवाने में पुलिस की सहायता कर रहे हैं। देश और समाज के लिए उनका यह सहयोग भी सराहना का पात्र है।

## संक्षिप्त समाचार

### कितना बड़ा घूसखोर निकला जेई.....विजिलेंस टीम की कार्रवाई में हुआ इतना बड़ा खुलासा



**पंजाब लुधियाना रिपोटर परमजीत सिंह (पम्मा)**। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने लुधियाना में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जेई कुलदीप सिंह ने चाय की दुकान पर बिजली मीटर लगाने के लिए दुकानदार से 36 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी जेई 10 हजार रुपये पहले ले चुका था, लेकिन वह और रुपयों की मांग कर रहा था। विजिलेंस टीम ने आरोपी जेई को रिश्वत की दूसरी किस्त के तौर पर 5000 रुपये लेते हुए रंगे हाथ काबू किया है।

**सौदा 15000 रुपये में तय-** राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को लुधियाना शहर के शिंगार रोड स्थित राम नगर निवासी जसविंदर पाल सिंह की तरफ से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

शिकायतकर्ता ने विजिलेंस को शिकायत में बताया था कि आरोपी जेई ने उसकी चाय की दुकान पर नया बिजली मीटर लगाने के लिए 36000 रुपये रिश्वत मांगी थी, लेकिन सौदा 15000 रुपये में तय हुआ। जेई कुलदीप सिंह ने पहली किस्त के तौर पर 10 हजार रुपये पहले ही ले लिए थे, लेकिन फिर भी मीटर नहीं लगाया गया। वह बाकी 5000 रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है।

**टीम ने ऐसे बिछाया जाल-** शिकायत की जांच के बाद लुधियाना यूनिट की विजिलेंस टीम ने आरोपी जेई को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। आरोपी जेई को उसके दफ्तर से दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में रिश्वत की दूसरी किस्त के रूप में 5000 रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया

### ED ने PUNJAB सहित कुल 11 जगह मारी रेड........करोड़ो की बहुमूल्य कारें, आभूषण तथा नकदी बरामद, नेताओं से जुड़े है लिंक




**पंजाब अमृतसर रिपोटर मुकेश बावा**। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने पंजाब के साथ अन्य राज्यों को मिलाकर कुल 11 जगह दबिश दी। यह दबिश लगातार 72 घंटा में दी गई। सभी मामले आर्थिक अपराध की श्रेणी से जुड़े हुए थे। पंजाब में जालंधर, अमृतसर, लुधियाना तथा मोहाली में दबिश दी गई। यह सब लोग सरकार को चूना लगा रहे थे। इनके पास से करोड़ों की कारें तथा महंगे आभूषण, नकदी बरामद की गई। यह सारा माल 2 नंबर का था। इसका इनके पास कोई लेन देन का रिकॉर्ड ही नहीं था। इस बात की पुष्टि प्रवर्तन निदेशालय के एक शीर्ष अधिकारी ने की। पता चला है कि इन सब का किसी न किसी प्रकार से राजनीति से जुड़े बड़े नेताओं का हाथ था। फिलहाल, इस बात की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई।

**कहां-कहा ईडी ने की रेड-** जानकारी के अनुसार पंजाब-हरियाणा और मुंबई में कुल 11 जगहों पर मनी लॉन्ड्रिंग केस में लगातार 72 घंटे रेड की। गुरुग्राम, पंचकूला, जींद, मोहाली और मुंबई में व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज, बिग बॉय टॉयज समेत 6 कंपनियों से 2 लग्जरी कार और 3 लाख कैश जब्त किया गया है। सोमवार रात को ED ने इसकी जानकारी दी।

ED ने बताया कि 17 से 20 जनवरी को उनकी टीम व्यूनाउ इंफ्राटेक लिमिटेड, बिग बॉय टॉयज, मंडेशी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लैंकडॉट प्राइवेट लिमिटेड, बाइटकैनवास एलएलपी, स्काईवर्स, स्काईलिंक नेटवर्क और संबंधित संस्थाओं से जुड़े लोगों के ऑफिस और घर पर पहुंची।

**कई सामान जब्त-** व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA), 2002 के प्रावधानों के तहत रेड की गई। रेड के दौरान एक लैंड क्रूजर (2.20 करोड़), मर्सिडीज जी-वैगन (4 करोड़), 3 लाख रुपए कैश, आपत्तिजनक दस्तावेज, रिकॉर्ड और डिजिटल डिवाइस समेत कई सामान जब्त किए गए हैं।

इन सब चीजों से हुई इनकम से व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और उससे जुड़ी अन्य कंपनियों ने लग्जरी वाहनों की खरीद की। शेल कंपनियों के माध्यम से सैकड़ों रुपए के फंड को रूट किया और संपत्तियों में निवेश के माध्यम से आगे डायवर्ट किया

### 24 घंटा , चाइना डोर से जुड़े 2 बड़े हादसे....... 2 युवकों के कटे गले......1 के लगे दर्जन भर टांके...दूसरे की हो रही बड़ी सर्जरी, नहीं है प्रशासन-पुलिस के पास कोई जवाब

**पंजाब लुधियाना रिपोटर परमजीत सिंह (पम्मा)**। अभी-अभी पंजाब के लुधियाना से बड़ी खबर सामने आई। जगराओं के मोहल्ला शहीद भगत सिंह नगर में एक मोटरसाइकिल सवार युवक चाइना डोर की चपेट में आ गया। वह खंभे से टकरा गया। आनन-फानन में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत देखते हुए उसे सीएमसी रेफर किया गया। अति गंभीर घायल युवक की पहचान आर्यन के तौर पर हुई। वह किसी दुकान में काम करता है। पिता मजदूर है। घटनाक्रम से जुड़ी कुछ तस्वीरें सीसीटीवी कैमरा में कैद हो चुकी है।

**जानिए, क्या था पूरा मामला-** दरअसल, आर्यन मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर जा रहा था। जब वह मोहल्ला शहीद भगत सिंह नगर के पास पहुंचा तो वह चाइना डोर की चपेट में आ गया। एकदम वह मोटरसाइकिल सहित खंभे से जा टकराया। आवाज इतनी भयंकर थी कि आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने उसे पास में अस्पताल पहुंचाया। परिवार को घटना के बारे जानकारी दी गई।

पता चलने पर पिता रुबी मौके पर पहुंच गए। उधर, खून का बहाव अधिक होने की वजह से चिकित्सकों ने उसे सीएमसी रेफर कर दिया। पता चला है कि चिकित्सक उसकी सर्जरी कर रहे है। गर्दन पर काफी गहरा घाव बताया जा रहा है। खून बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। परिवार इस घटना के पीछे पुलिस तथा सिविल प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहा है। उनके मुताबिक, सरेआम चाइना डोर से लोग पतंग उड़ा रहे है तथा पुलिस कोई भी कार्रवाई नहीं कर रही है।

**2 दिन, 2 बड़े मामले-** पता चला है कि 2 दिन के भीतर शहर में 2 बड़े मामले सामने आ चुके है। दोनों मामले चाइना डोर के साथ जुड़े हुए है। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम को एक विक्की नामक युवक भी चाइना डोर की चपेट में आ गया था। यह हादसा रेलवे पुल के पास हुआ था। उसकी गर्दन कट जाने से 1 दर्जन टांका लगा था। अब इस मामले में आर्यन नामक युवक की सर्जरी हो रही है।

# यूक्रेन जंग पर ट्रम्प की पुतिन को चेतावनी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



**♦ कहा- बातचीत को तैयार नहीं हुए तो रूस पर प्रतिबंध लगाएंगे, बोले- हर समय मिलने को तैयार**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन जंग के मुद्दे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को चेतावनी दी है। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा अगर पुतिन जंग पर बातचीत के लिए तैयार नहीं होते हैं, तो अमेरिका रूस पर प्रतिबंध लगाएगा। उन्होंने कहा कि वे हर समय पुतिन से बातचीत और व्यक्तिगत तौर पर मिलने के लिए तैयार हैं। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन में जंग कभी शुरू ही नहीं होनी चाहिए थी, यहां भयंकर स्थिति है, लाखों लोग मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा- अगर अमेरिका में एक सक्षम राष्ट्रपति होता, तो यह जंग कभी नहीं होती। अगर मैं राष्ट्रपति होता, तो ऐसा नहीं होता। ट्रम्प ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में रूस ने यूक्रेन पर हमला करने की हिम्मत नहीं की थी। यूक्रेन को हथियार सप्लाई की समीक्षा करेंगे यूक्रेन को अमेरिका से होने वाली हथियारों की सप्लाई पर ट्रम्प ने कहा कि वो इसकी समीक्षा कर रहे हैं। ट्रम्प ने बताया कि वो यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से इस मुद्दे पर बात कर रहे हैं। ट्रम्प जल्द ही पुतिन से भी बात करेंगे। दूसरी तरफ ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन पर अमेरिका की तुलना में यूक्रेन को कम वित्तीय सहायता देने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि हम यूक्रेन के लिए 200 अरब डॉलर दे रहे हैं। यूरोप को हमसे ज्यादा खतरा है, फिर वे कम मदद दे रहे हैं। ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति से अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि जेलेंस्की शांति चाहते हैं। इसके लिए रूस और यूक्रेन, दोनों पक्षों को बातचीत करनी होगी। दोनों में सहमति होना जरूरी है। इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को शपथ के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने के लिए समझौता न करके रूस को तबाह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि रूस बड़ी मुसीबत में पड़ने वाला है। उन्हें समझौता करना चाहिए। जेलेंस्की ने मुझसे कहा है कि वे एक सौदा करना चाहते हैं। मुझे नहीं पता है कि पुतिन ऐसा करते हैं या नहीं। हो सकता है कि वह ऐसा न करें। लेकिन मुझे लगता है कि पुतिन को डील करनी चाहिए।

**ट्रम्प बोले-** रूस के 10 लाख सैनिक मरे, देश चलाने का यह तरीका नहीं ट्रम्प ने कहा कि रूस एक तरह से बड़ी मुसीबत में है। आप उनकी इकोनॉमी पर नजर डालें, उनकी महंगाई दर को देखिए। मैं पुतिन के साथ बहुत अच्छा रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि वह यूक्रेन जंग को खत्म करने को लेकर डील करना चाहेंगे। ट्रम्प ने चुनावी अभियान के दौरान वादा किया था कि वे शपथ लेने के अगले दिन ही रूस-यूक्रेन जंग खत्म कराएंगे।

## कर्नाटक में ट्रक 50 मीटर गहरी खाई में गिरा, 10 की मौत, 15 घायल

**किसान फल-सब्जियां बेचने मेला जा रहे थे**

**एजेंसी, उत्तर कन्नड़**



कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के येल्लापुरा में बुधवार सुबह एक ट्रक 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सावनूर से फल और सब्जियां ले जा रहे ट्रक में 25 से ज्यादा लोग सवार थे। येल्लापुर में लगे मेले में इन फल-सब्जियों को पहुंचाया जा रहा था। इसी दौरान सुबह करीब 5 बजे सावनूर-हुबली हाइवे पर ट्रक ड्राइवर दूसरे वाहन को साइड देने के चक्कर में कट्रोल खो दिया और खाई में गिर गया। SP एम नारायण ने बताया कि हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

15 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें कुछ गंभीर रूप से घायल हुए। सड़क पर घाटी की ओर कोई सुरक्षा दीवार नहीं थी। शवों को निकालने के लिए क्रेन लगाई गई पुलिस ने बताया कि शवों को बाहर निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई। खाई में ऊपर-नीचे जगह होने के कारण पहुंचना मुश्किल हो रहा था। मृतकों की पहचान फैयाज जमखंडी (45), वसीम मुदगेरी (35), एजाज मुल्ला (20), सादिक बाशा (30), गुलाम हुसैन जावली (40), इम्तियाज मुलाकेरी (36), अल्फाज जाफर मंडक्की (25), जिलानी अब्दुल जखाती (25), असलम बाबुली बेनी (24) के रूप में हुई है। कर्नाटक के सिंधनूर में भी सड़क दुर्घटना, 4 की मौत कर्नाटक के रायचूर में भी शनिवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ। यहां एक गाड़ी पलटने से चार लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। पोस्टमॉर्टम के बाद शव उनके घरवालों को सौंप दिया गया। मामला सिंधनूर ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। इस हादसे को लेकर अभी और जानकारी सामने नहीं आई है। सिद्धारमैया बोले- दोनों एक्सीडेंट में जान गंवाने वालों के घरवालों को मुआवजा मिलेगा कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दोनों मामलों को लेकर दुख जताया है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट डॉक्टर रेप-मर्डर के दोषी, विक्टिम फैमिली को सुनेगा

**❒ CBI ने कहा- फांसी के लिए अपील हमारा अधिकार, राज्य सरकार का नहीं**



**एजेंसी, कोलकाता**

आरजी कर रेप-मर्डर केस में दोषी संजय रॉय की सजा के खिलाफ बंगाल सरकार की अपील पर फैसला करने से पहले कलकत्ता हाईकोर्ट दोषी संजय, पीड़ित परिवार और CBI को सुनेगा। बुधवार को हाईकोर्ट ने कहा कि बंगाल सरकार की याचिका मंजूर करने से पहले हम इन पक्षों की बात सुनेंगे। सुनवाई 27 जनवरी को होगी। बंगाल सरकार ने अपील में कहा था कि संजय रॉय ने जो अपराध किया है, उसके लिए उम्रकैद पर्याप्त नहीं है। उसे फांसी दी जानी चाहिए।

सियालदह कोर्ट ने 20 जनवरी को संजय को मरते दम तक उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जस्टिस अनिर्बान दास ने कहा था कि यह मामला रेयरेस्ट ऑफ रेयर कैटेगरी में नहीं आता, इसलिए फांसी की सजा नहीं दी गई है। CBI ने बंगाल सरकार की याचिका का विरोध किया हाईकोर्ट में जस्टिस देबांगशु बसक और जस्टिस मो. शब्बार राशिदी की बेंच के सामने CBI के वकील ने बंगाल सरकार के याचिका दाखिल करने के अधिकार का विरोध किया। CBI के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने कहा कि बंगाल सरकार के पास याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जांच एजेंसी CBI थी।

## 24 घंटा , चाइना डोर से जुड़े 2 बड़े हादसे....... 2 युवकों के कटे गले......1 के लगे दर्जन भर टांके...दूसरे की हो रही बड़ी सर्जरी, नहीं है प्रशासन-पुलिस के पास कोई जवाब

**पंजाब लुधियाना रिपोटर परमजीत सिंह (पम्मा)**

अभी-अभी पंजाब के लुधियाना से बड़ी खबर सामने आई। जगराओं के मोहल्ला शहीद भगत सिंह नगर में एक मोटरसाइकिल सवार युवक चाइना डोर की चपेट में आ गया। वह खंभे से टकरा गया। आनन-फानन में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत देखते हुए उसे सीएमसी रेफर किया गया। अति गंभीर घायल युवक की पहचान आर्यन के तौर पर हुई। वह किसी दुकान में काम करता है। पिता मजदूर है। घटनाक्रम से जुड़ी कुछ तस्वीरें सीसीटीवी कैमरा में कैद हो चुकी है।

**जानिए, क्या था पूरा मामला-** दरअसल, आर्यन मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर जा रहा था। जब वह मोहल्ला शहीद भगत सिंह नगर के पास पहुंचा तो वह चाइना डोर की चपेट में आ गया। एकदम वह मोटरसाइकिल सहित खंभे से जा टकराया। आवाज इतनी भयंकर थी कि आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने उसे पास में अस्पताल पहुंचाया। परिवार को घटना के बारे जानकारी दी गई।

पता चलने पर पिता रुबी मौके पर पहुंच गए। उधर, खून का बहाव अधिक होने की वजह से चिकित्सकों ने उसे सीएमसी रेफर कर दिया। पता चला है कि चिकित्सक उसकी सर्जरी कर रहे है। गर्दन पर काफी गहरा घाव बताया जा रहा है। खून बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। परिवार इस घटना के पीछे पुलिस तथा सिविल प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहा है। उनके मुताबिक, सरेआम चाइना डोर से लोग पतंग उड़ा रहे है तथा पुलिस कोई भी कार्रवाई नहीं कर रही है।

**2 दिन, 2 बड़े मामले-** पता चला है कि 2 दिन के भीतर शहर में 2 बड़े मामले सामने आ चुके है। दोनों मामले चाइना डोर के साथ जुड़े हुए है। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम को एक विक्की नामक युवक भी चाइना डोर की चपेट में आ गया था। यह हादसा रेलवे पुल के पास हुआ था। उसकी गर्दन कट जाने से 1 दर्जन टांका लगा था। अब इस मामले में आर्यन नामक युवक की सर्जरी हो रही है।



## जम्मू-कश्मीर के बधाल में रहस्यमयी बीमारी से 17 मौतें

**एजेंसी, राजौरी**



**3 नए मरीज मिले, गांव अब कंटेनमेंट जोन, भीड़ पर रोक, खाना-पीना प्रशासन देगा**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी के गांव बधाल को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। यहां रहस्यमयी बीमारी से 44 दिनों में 3 परिवारों के 17 लोगों की मौत के बाद बुधवार को यह फैसला लिया गया। यहां अब भीड़ इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। मंगलवार को एक और बुधवार को दो मरीज और सामने आए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को 25 साल के युवक एजाज अहमद की तबीयत बिगड़ी थी। पहले उसे जीएमसी जम्मू लाया गया था। फिर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। गांव में हुई मौतों की वजह अभी सामने नहीं आई है। गांव में 7 दिसंबर से 19 जनवरी के बीच संदिग्ध परिस्थितियों में ये मौतें हुई हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गांव में निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इसके बाद प्रशासन ने गांव को कंटेनमेंट जोन बनाने का फैसला लिया।

**गांव को 3 कंटेनमेंट जोन में बदला गया...** पहला जोन उन परिवारों को कवर कर रहा है, जिनमें मौतें हुई हैं। इन परिवारों के घरों को सील कर दिया गया है और सभी लोगों के लिए यहां पर एंट्री बैन कर दी गई है। परिवार वालों को भी यहां जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्हें यहां जाने के लिए अधिकारियों की मंजूरी लेनी होगी। दूसरे कंटेनमेंट जोन में प्रभावित व्यक्तियों के करीबी संपर्क में आने वालों यानी परिवार वालों को रखा गया है। इन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट कर दिया गया है। उनकी सेहत पर नजर रखी जा रही है। तीसरे जोन में गांव के सभी परिवारों को रखा गया है। तीसरे कंटेनमेंट जोन में मेडिकल स्टाफ लगातार गांववालों के खान-पान पर नजर रख रहा है। यहां अस्पताल की तरफ से तैनात किया गया अफसर ही लोगों को खाना और पानी देगा। यहां पहले से मौजूद कुछ भी खाने पर रोक लगा दी गई है। पुलिस टीम भी यहां मौजूद है। क्या ये बीमार है, हमें इसका जवाब चाहिए मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के CM उमर अब्दुल्ला ने गांव का दौरा किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उमर ने मोहम्मद असलम से मुलाकात की। उसने परिवार के 8 सदस्यों को खोया है।

**उमर ने कहा-** ऐसा क्यों हुआ? हमें इस सवाल का जवाब चाहिए। यह कोई बीमारी नहीं है, इसलिए पुलिस इसकी जांच कर रही है। SIT गठित की गई है। केंद्र सरकार ने भी एक टीम तैनात की है। वो सैंपल कलेक्टर रही है। उमर ने कहा कि मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि प्रशासन, पुलिस और भारत सरकार की कोशिश जारी है, जल्द ही सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे। अगर ये कोई बीमारी है तो हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी ये तय करना होगा कि ये नहीं फैले। मृतकों के नमूनों में न्यूरोटॉक्सिन मिला मंत्री सकीना मसूद ने कहा कि अगर ये मौतें किसी बीमारी के कारण हुई होतीं तो ये तेजी से फैल जाती और केवल तीन परिवारों तक सीमित नहीं रहती।

## कोटा में 2 घंटे में दो स्टूडेंट ने किया सुसाइड

**❒ नीट की छात्रा और जेईई का छात्र फंदे से लटके, हैंगिंग डिवाइस नहीं लगा था**




**एजेंसी, कोटा**

कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में बुधवार को 2 घंटे के गैप में दो स्टूडेंट्स ने सुसाइड कर लिया। दोपहर 12 बजे जेईई की तैयारी कर रहे स्टूडेंट पराग (18) ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। वह असम का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, अगले सप्ताह उसका जेईई-मेन का पेपर था। वह महावीर नगर इलाके में रहता था। फिलहाल उसकी मां भी कोटा में ही है। सुसाइड के कारण सामने नहीं आए हैं। पुलिस ने शव को मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया है। इससे पहले सुबह करीब 10 बजे नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने पीजी के कमरे में पंखे से फंदा लगा लिया। गाइडलाइन के बाद भी पंखे में हैंगिंग डिवाइस नहीं लगा था। सीआई राम लक्ष्मण ने बताया- अहमदाबाद (गुजरात) की रहने वाली अफ्शा शेख (23) करीब 6 महीने पहले कोटा आई थी। अफ्शा प्रतीक्षा रेजिडेंसी में रह रही थी।

## सैफ अली खान के घर बयान दर्ज करने पहुंची पुलिस

**एक्टर ने अस्पताल पहुंचाने वाले ऑटो ड्राइवर से मुलाकात की, मां शर्मिला ने शुक्रिया कहा**



**एजेंसी, मुंबई**

15 जनवरी की रात हमले में घायल होने के बाद एक्टर सैफ अली खान ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे। 21 जनवरी को अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उन्होंने उसी ऑटो ड्राइवर भजन सिंह से मुलाकात कर शुक्रिया कहा। सैफ की मां शर्मिला ने भी सैफ को समय रहते अस्पताल पहुंचाने के लिए शुक्रिया कहा। इधर, हमले के 6 दिन बाद बांद्रा पुलिस सैफ अली खान का बयान दर्ज करने उनके घर पहुंची है। मुंबई पुलिस ने आरोपी शरीफुल को 19 जनवरी की देर रात गिरफ्तार किया था। इस केस की जांच अब सुदर्शन गायकवाड़ की जगह अजय लिंगनुरकर को सौंपी गई है। IO को हटाने की वजह नहीं बताई गई है। मुंबई पुलिस ने मंगलवार सुबह और देर रात क्राइम सीन रीक्रिएट किया था। पुलिस आरोपी शरीफुल इस्लाम को सैफ के घर से करीब 500 मीटर दूर ले गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाथरूम की खिड़की से ही सैफ के घर में घुसा था।

## दिल्ली दंगों के आरोपी की जमानत पर जज बंटे, अब 3 जज की बेंच सुनवाई करेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**♦ AIMIM कैंडिडेट ने दिल्ली चुनाव के लिए बेल मांगी**

दिल्ली दंगों के आरोपी और विधानसभा चुनाव में AIMIM कैंडिडेट ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच में सहमति नहीं बन सकी। बुधवार को हुई सुनवाई में जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ताहिर को जमानत देने के पक्ष में थे, जबकि जस्टिस पंकज मित्तल ने याचिका खारिज कर दी। अब 3 जजों की बेंच बेल पर सुनवाई करेगी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि यह जीवन और स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है, इसलिए रोज सुनवाई की जा रही है। उन्होंने अंतरिम जमानत देने का विरोध कर रही पुलिस से भी सवाल किए। जस्टिस मित्तल ने कहा कि आरोपी को अंतरिम जमानत नहीं दी जा सकती। रिहाई के बाद आरोपी प्रचार करने उस इलाके में जाएगा जहां दंगे हुए और गवाह रहते हैं। उसकी गवाहों से मिलने की संभावना है।

**चुनाव लड़ने के लिए जमानत मांगी:** 4 साल 9 महीने से जेल में बंद ताहिर हुसैन को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए ओवैसी की पार्टी AIMIM ने मुस्तफाबाद से कैंडिडेट बनाया है। उन्होंने दिल्ली चुनाव लड़ने के लिए ही सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। मामले पर 20 जनवरी को भी सुनवाई हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जेल में बंद सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। ताहिर की ओर से पेश एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल ने 21 जनवरी को कोर्ट से सुनवाई का अनुरोध किया था। तब जस्टिस मित्तल ने कहा था- अब तो जेल में बैठकर चुनाव लड़ते हैं। जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। इन सभी को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए।

**हाईकोर्ट ने नामांकन के लिए कस्टडी पैरोल दी थी:** ताहिर पर दिल्ली दंगों के दौरान 25 फरवरी 2020 को IB अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या करने का आरोप है। ताहिर ने चुनाव प्रचार के लिए हाईकोर्ट से 14 जनवरी से 9 फरवरी तक अंतरिम जमानत मांगी थी। 13 जनवरी को हाईकोर्ट ने कहा था कि नामांकन जेल से भी भरा जा सकता है। इस पर ताहिर की वकील तारा नरूला ने तर्क दिया कि इंजीनियर रशीद को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। उनके खिलाफ टेरर फंडिंग का भी मामला चल रहा है। ताहिर को एक राष्ट्रीय पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, गुरुवार, 23 जनवरी, 2025



# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को जीत दिलाने में रोहित और विराट अहम भूमिका निभाएंगे : मोहम्मद कैफ




**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भारतीय टीम के कप्तान एवं दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की तारीफ की है। उनका मानना है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत को जीत दिलाने में रोहित शर्मा और विराट कोहली अहम भूमिका निभाएंगे। दोनों सफेद गेंद के बेहतरीन खिलाड़ी हैं।

कैफ ने अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित शर्मा और विराट कोहली अहम योगदान देंगे। रोहित 37 साल के हैं और कोहली 36 साल के हैं। दोनों लंबे समय तक नहीं खेलने वाले हैं। जितना भी खेलें, उनके लिए प्रार्थना करें, उनका समर्थन करें। वे दो बेहतरीन सफेद गेंद के खिलाड़ी हैं। मुझे विश्वास है कि वे जितना भी खेलेंगे अच्छा खेलेंगे। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो आप दुबई में मैच जीतेंगे। रोहित तेज बल्लेबाजी करके आपको शुरुआत देते हैं और विराट कोहली उस शुरुआत का इस्तेमाल कर आखिर तक बल्लेबाजी करते हैं और रन बनाते हैं, तो ऐसे दोनों दिग्गज बल्लेबाजों को प्यार दो। चैंपियंस ट्रॉफी में इनका बड़ा रोल होने वाला है। विराट कोहली और रोहित शर्मा का हालिया टेस्ट फॉर्म भले ही बहुत अच्छ न रहा हो लेकिन 2023 के विश्व कप में दोनों ने कमाल का खेल दिखाया था। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी को होगी और 9 मार्च तक पाकिस्तान और यूएई में आयोजित की जाएगी। भारतीय टीम हाइब्रिड मॉडल के तहत यूएई में अपने मैच खेलेगी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला दो चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।

**चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा।

## टी20 विश्व कप की योजनाओं को लेकर सूर्यकुमार ने दिया मजेदार जवाब

**एजेंसी, कोलकाता**




भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए हंसी-मजाक के मूड में नजर आये। इस दौरान जब उनसे उनसे अगले साल होने वाले टी 20 विश्व कप की योजनाओं को लेकर सवाल किये गये तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि सारे राज अभी ही बता दूं क्या। साथ ही कहा कि अभी यात्रा का आनंद लेने दो, हमें टीम भी तैयार करनी है, स्थिति देखनी है और एक ईकाई के तौर पर खेलना है। यही मेरा और कोच गौतम गंभीर का मानना है। वहीं टीम के उपकप्तान बने डिप्टी अक्षर पटेल ने कहा कि भारतीय टीम इंग्लैंड से टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए अपने विकल्पों पर अधिक ध्यान देते हुए उनके आंकलन का प्रयास करेगी। अक्षर ने कहा कि एक साल में विश्व कप आ रहा है, इसलिए उसके लिए कैसे आगे बढ़ें इसपर हमें अभी से ध्यान देना होगा। यही इस सीरीज में हमारा मुख्य लक्ष्य है। साथ ही कहा कि लय हासिल करना सबसे अहम है क्योंकि अगर आप अच्छी शुरुआत करते हैं, तो आप इसे जारी रख सकते हैं।

## स्मृति मंधाना एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचीं

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वह आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदीवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। उनके 738 रेटिंग अंक है। बाए हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में 135 रन की पारी खेली थी। तीन मैचों की इस श्रृंखला को भारत ने 3-0 से अपने नाम किया था। इस श्रृंखलामें हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में स्मृति मंधाना ने कप्तानी की भूमिका निभाई थी। वेस्टइंडीज महिला टीम की कप्तान हेली मैथ्यूज भी एकदीवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में लाभ पाने वालों में शामिल हैं। उन्हें चार अंकों का फायदा हुआ है और वह पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। मैथ्यूज ने बांग्लादेश महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की एकदीवसीय श्रृंखला के पहले मैच में नाबाद 104 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इस पारी ने उन्हें चार स्थान ऊपर उठाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया है। अन्य बल्लेबाजों में भारतीय महिला टीम की जेमिमा रोड्रिग्स (दो स्थान ऊपर 17वें स्थान पर) और ऋचा घोष (छह स्थान ऊपर 35वें स्थान पर), ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैकग्राथ (छह स्थान ऊपर 23वें स्थान पर), बांग्लादेश की शर्मिन अख्तर (चार स्थान ऊपर 41वें स्थान पर) और आयरलैंड की ओर्ला प्रेंडरगास्ट (दो स्थान ऊपर 31वें स्थान पर) शामिल हैं।




## जंगल की आग से ओलंपिक, फीफा विश्वकप के आयोजन पर उठे सवाल

**एजेंसी, फ्लोरिडा**



लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग के बाद यहां 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों पर सवाल उठने लगे हैं। यहां तक कि ओलंपिक को डलास या मियामी में स्थानांतरित करने की भी मांग उठी है। इसी को लेकर आयोजन समिति के प्रमुख कैसी वासरमैन ने गत दिनों अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की थी जिसमें ट्रम्प ने कहा था कि यह ओलंपिक अमरीका के हैं। इसलिए इस मामले में हर प्रकार से प्रयास किये जाएंगे जिससे कि खेल का सफल आयोजन हो सके। वहीं लॉस एंजिल्स में ही अगले साल फीफा विश्व कप के मैच भी होने हैं। यह स्थल जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों के करीब है हालांकि इसके बाद भी मैचों को बाहर स्थानांतरित करने के लिए अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। इस दौरान सुपर बाउल 2027 पर भी नजरें होंगी। वहीं कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम कहते हैं कि हमारे पास ओलिम्पिक, सुपर बाउल और फीफा विश्व कप की मेजबानी है। हमारे पास टीम है एक टीम है जो आयोजन की रूपरेखा तैयारी कर रही है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि ओलंपिक का उपयोग किसी आपदा से तबाह हुए क्षेत्र को बदलने के माध्यम के रूप में किया जाएगा। ओलिम्पिक 14 जुलाई, 2028 को शुरू होने वाले हैं। ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान साल 2017 में अमरीका को इसकी मेजबानी मिली थी। लॉस एंजिल्स ने अंतिम बार 1984 में ओलिम्पिक की मेजबानी की थी। वहीं मीडिया दिग्गज चार्ली किर्क आदि ने खेलों को स्थानांतरित करने को कि था। किर्क ने कहा कि ओलंपि रद्द कर दिया जाना चाहिए। यदि आप फायर हाइड्रैंट नहीं भर सकते हैं, तो आप ओलिम्पिक की मेजबानी के योग्य नहीं हैं। उन्हें डलास या मियामी ले जाएं, ताकि दुनिया के एथलीट वास्तव में सुरक्षित रूप से कुछ बनाने और चलाने में सक्षम जगह पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। वहीं लॉस एंजिल्स सिटी कौंसिल के पूर्व सदस्य माइक बोनिन, जिन्होंने ओलिम्पिक के समर्थन में मतदान किया था भी जंगल की आग रोकने में प्रशासन की नाकामी से निराश दिखे। उन्होंने कहा कि यह शहर की ओलिम्पिक आयोजित करने की क्षमता पर सवाल उठाता है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः सबालेंका ने संघर्षपूर्ण जीत के साथ सेमीफाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी, मेलबर्न**

दो बार की गत विजेता बेलारूसी खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने मंगलवार की रात ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के क्वार्टरफाइनल में एक रोमांचक मुकाबले में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 2-6, 6-2, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ सबालेंका ने लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की है।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने निर्णायक गेम में दो बार ब्रेकडाउन से उबरते हुए रॉड लेवर एरिना में 01 घंटे 53 मिनट में 6-2, 2-6, 6-3 से जीत दर्ज की। 2023 के फाइनल के बाद मेलबर्न में सबालेंका ने पहली बार सेट गंवाया था। पहले सेट में सबालेंका को पाव्लुचेनकोवा के आक्रामक खेल के सामने संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने सेट गंवा दिया। लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने शानदार वापसी की और अपने दमदार शॉट्स तथा बेहतरीन रणनीति के दम पर पाव्लुचेनकोवा को बैकफुट पर धकेल दिया। निर्णायक तीसरे सेट में सबालेंका ने अपने अनुभव और ताकत का पूरा इस्तेमाल करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, अपने पांचवें ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रही सबालेंका का सेमीफाइनल में मुकाबला नंबर 11 सीड स्पेन की पाउला बैडोसा से होगा।



## केन्द्रीय खेल मंत्री ने खो-खो विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारत में खेले गए पहले खो-खो विश्व कप का खिताब जीतने वाली पुरुष और महिला टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात करके दोनों टीमों बधाई दी। मांडविया ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर इस बात की जानकारी शेयर करते हुए लिखा, ''पहले खो-खो वर्ल्ड कप को जीत कर इतिहास रचने वाली भारत की महिला और पुरुष टीम के साथ आज भेंट की। भारत के पारंपरिक खेल को विश्व स्तर गौरव दिलाने के लिए दोनों टीम को बधाई एवं भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। पूरे देश को आप पर सभी पर गर्व है।'' नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में बीते रविवार को खेले गए पहले खो खो विश्व कप 2025 के फाइनल मुकाबले में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम किया। महिलाओं के फाइनल में भारतीय महिला खो खो टीम ने शुरुआत से ही नेपाल महिला टीम पर दबदबा बनाये रखा और 78-40 के एकतरफा स्कोर के साथ जीत दर्ज की। खो खो के पहले विश्वकप में भारत की महिला टीम के चैम्पियन बनने के बाद पुरुष टीम ने भी खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की। फाइनल में नेपाल पुरुष टीम को हराकर भारतीय पुरुष टीम विश्व विजेता बनी। कप्तान प्रतीक वाइकर और टूर्नामेंट के स्टार खिलाड़ी रामजी कश्यप के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय पुरुष टीम ने नेपाल के खिलाफ फाइनल में 54-36 से जीत दर्ज की।

## 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैराकी प्रतियोगिता के लिए हल्द्वानी में विशेष प्रशिक्षण शुरू

**एजेंसी, देहरादून**



उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोरों पर हैं। खेल विभाग इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम हल्द्वानी में खिलाड़ियों के लिए तैराकी का विशेष प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है। प्रशिक्षण में उत्तराखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा और प्रदर्शन के लिए स्विमिंग पूल में विशेष पूल हीटिंग सिस्टम भी लगाया गया है, ताकि ठंड के मौसम में भी खिलाड़ी बिना किसी बाधा के प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। यह कदम खिलाड़ियों को उनकी तकनीक और सहनशक्ति को और बेहतर बनाने में मदद करेगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि खेलों में तैराकी की प्रतियोगिता आयोजित करना एक चुनौती थी। तैराकी के लिए स्विमिंग पूल समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं की जरूरत थी। विशेष रूप से सर्दी के मौसम में भी पूल के तापमान को 22 डिग्री के आसपास रखना जरूरी था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर स्विमिंग पूल तैयार किया गया और अब उत्तराखंड तैराकी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक चलेंगे, जिसमें देशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## राष्ट्रीय खेलों में उप्र को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, 31 खेलों में 340 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**एजेंसी, लखनऊ**

उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश ने अब तक की सबसे अच्छी तैयारी की है। 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होने वाले खेलों के लिए उप्र से 31 खेलों के 340 खिलाड़ी हिस्सा लेने जाएंगे। इसमें सबसे ज्यादा एथलेटिक्स के 50 खिलाड़ी होंगे। इसके अलावा खिलाड़ियों के कोच और मैनेजमेंट भी सलाह देने व व्यवस्था के लिए वहां जाएगा। खास बात यह है कि एथेलेटिक्स में जाने वाले खिलाड़ियों में पुरुष की अपेक्षा महिला खिलाड़ी ज्यादा है।

23 पुरुष खिलाड़ी तो 27 महिला खिलाड़ी अपना जौहर दिखायेंगे। इसके अलावा तैराकी, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केटबाल, बाक्सिंग, कयाकिंग, कयाकिंग केनोइंग, साइकिलिंग, तलवारबाजी, जिम्नास्टिक, हैंडबाल, बीच हैंडबाल, हाकी, जूडो,कबड्डी, बीच कबड्डी, मलखंभ, रोइंग, शूटिंग, स्क्वाश, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, ट्रायथलान, बीच वालीबाल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, वुशू, योगासन, कलारीपयट्टी, मार्डर्न पेंटाथलान खेल में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन खेलों में 195 पुरुष और 145 महिला खिलाड़ी हैं। वहीं इन खिलाड़ियों के साथ 94 आफिशियल लोग भी रहेंगे। इस संबंध में उप्र ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने बताया कि इस बार ज्यादा संख्या में गोल्ड आने की उम्मीद है। हमारे खिलाड़ी हर खेल में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भारत ने मलेशिया को 10 विकेट से हराया

### पदार्पण मैच में वैष्णवी शर्मा ने झटके चार विकेट

**एजेंसी, क्वालालांपुर**




महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में भारत की अंडर-19 टीम ने मेजबान मलेशिया को 10 विकेट से हराकर अपने विजयी अभियान को जारी रखा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत के फैसले को सही साबित करते हुए दो बाएं हाथ के स्पिनरों वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला ने मलेशिया की पारी को 31 रन पर ही समेट दिया। वैष्णवी शर्मा ने चार ओवर के स्पेल में पांच रन खर्च कर 5 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान शर्मा ने हैट्रीक भी लगाई। जबकि आयुषी शुक्ला ने आठ रन देकर तीन विकेट चटकाए। मलेशिया का कोई भी बल्लेबाज़ दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। टीम की ओर से सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर एक्स्ट्रा के नाम रहा, जिसके खाते में 11 रन रहे। मलेशिया की ओर से मिले 32 रन के लक्ष्य को भारतीय सलामी बल्लेबाज जी. तृषा और जी. कमलिनी ने 2.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। तृषा ने 12 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 27 रनों की एक आतिशी पारी खेली। भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को श्रीलंका अंडर-19 टीम के साथ होगा।



# बॉस से छुट्टी मांगते वक्त इन बातों का रखें खास ध्यान

**बॉस से छुट्टी मांगना आमतौर पर आसान नहीं होता है। कई बार प्लान बनाने से पहले ही सोचना होता है कि छुट्टी कैसे मिलेगी। हालांकि, कई बार छुट्टी लेने के कुछ और तरीकों को भी अपनाकर आप अपने बॉस से लंबी छुट्टी ले सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि जब आप अपने बॉस से छुट्टी मांगने जाते हैं तो आपको किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।**

## प्री प्लान करें

छुट्टी के लिए अचानक से बोलने पर हो सकता है कि आपको छुट्टी नहीं मिले। अगर आपको छुट्टी चाहिए तो आपको अपने बॉस से पहले से बात कर लेना चाहिए। ऐसे में आपको आसानी से छुट्टी मिल सकती है। इसके अलावा, आपकी गैर-मौजूदगी में आपका काम कौन संभालने वाला है, इसके बारे में भी आपको अपने बॉस से बात कर लेना चाहिए।

## बैकअप प्लान करें

लंबी छुट्टी अप्लाई करते समय आपको बैकअप का प्लान तैयार कर लेना चाहिए, ताकि आपकी गैर-मौजूदगी में किसी भी तरह की दिक्कत आती है, तो आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत ना हो। बैकअप बनाने के बाद अगर आप छुट्टी के लिए अप्लाई करते हैं, तो आपको आसानी से छुट्टी मिल जाएगी।

## छुट्टी का कारण

अगर आपको अचानक छुट्टी चाहिए, तो सॉलिड कारण लेकर ही बॉस के पास छुट्टी मांगने जाना चाहिए। अगर आप यह बोलेंगे कि आपको घूमने जाना है, तो हो सकता है कि आपको छुट्टी न मिल पाए। ऐसे में आपको पहले से कारण तैयार रखना होगा कि आपको अपने बॉस से क्या कहना है।

## बॉस का मूड देखकर बात करें

आपको छुट्टी मांगने से पहले अपने बॉस का मूड देख लेना चाहिए। अगर आपके बॉस का मूड अच्छा है, तो आपको तुरंत छुट्टी मिल सकती है। बॉस का मूड खराब होने पर आपको छुट्टी मिलने में दिक्कत हो सकती है । ऐसे में मूड के हिसाब से ही आपको बात करना चाहिए।



# अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है साइंस की फील्ड

**साइंस के क्षेत्र में अच्छे कोर्स करने के बाद, छात्र मालामाल हो सकते हैं, जो उन्हें अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं। यहां कुछ कोर्स हैं जो छात्रों को साइंस क्षेत्र में सफलता की ओर ले जा सकते हैं। इन कोर्स के साथ-साथ, छात्रों को निरंतर अध्ययन करने का प्रैक्टिकल अनुभव भी मिल सकता है।**

## स्पेस टेक्नोलॉजी

स्पेस टेक्नोलॉजी, विज्ञान की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत कॉस्मोलॉजी, स्टारर साइंस, एस्ट्रोफिजिक्स, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी आदि विषयों का अध्ययन किया जाता है। इस विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप स्पेस साइंटिस्ट, एस्ट्रोनॉमर, एस्ट्रोफिजिसिस्ट, मैटीरियोलॉजिस्ट, क्वालिटी एश्योरेंस स्पेशलिस्ट, रडार टेक्नीशियन, सेटेलाइट टेक्नीशियन आदि के रूप में नासा, इसरो एवं डीआरडीओ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। स्पेस टेक्नोलॉजी के लिए योग्यता फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथमेटिक्स के साथ बारहवीं होनी चाहिए। ये प्रोग्राम पास करने के बाद आप स्पेस साइंस के बैचलर प्रोग्राम में दाखिला ले सकते हैं। इसके लिए आपको ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित प्रवेश परीक्षा पास करनी होगी। स्नातक के बाद आप मास्टर्स कर सकते हैं। आप अगर इस क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको पीएचडी करना होगा।

### कहां से करें कोर्स

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- तिरुवनंतपुरम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, भुवनेश्वर।
- आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जरवेशनल साइंसेज,
- नैनीताल इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, बेंगलुरु।

## फूड टेक्नोलॉजी

अच्छे खानपान का शौक रखने के साथ फूड प्रोडक्ट में प्रयोग होने वाले रसायनों, खाद्य पदार्थों के रखरखाव, उन्हें पैक करने के तरीकों एवं मार्केटिंग से संबंधित बातों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए फूड साइंस एवं टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग में एक बेहतरीन करियर ऑप्शन बन कर उभरा है। एक फूड टेक्नोलॉजिस्ट के रूप में छात्र फूड प्रोसेसिंग कंपनियों, फूड रिसर्च लेबोरेटरी, होटल, रेस्टोरेंटों, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में करियर की संभावनाएं तलाश सकते हैं।



### योग्यता क्या होगी?

इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथ्स या होम साइंस के साथ 12वीं पास होना अनिवार्य है। इसके बाद आप फूड साइंस, केमिस्ट्री या माइक्रोबायोलॉजी में बैचलर डिग्री कर सकते हैं। बैचलर डिग्री करने के बाद फूड केमिस्ट्री, मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस और अन्य क्षेत्रों में एडवांस डिग्री भी कर सकते हैं। आप चाहें तो डायटेटिक्स एंड न्यूट्रिशन और फूड साइंस एंड पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में डिप्लोमा कर सकते हैं। स्नातक के बाद परास्नातक व रिसर्च करने का विकल्प भी है।

### कहां से करें कोर्स

- सेंट्रल फूड टेक्नोलॉजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रॉप प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी
- नेशनल एग्री फूड बायो टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट
- राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कोटा
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन
- नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट अन्ना यूनिवर्सिटी

## मरीन इंजीनियरिंग

मरीन इंजीनियरिंग असल में इंजीनियरिंग की एक शाखा है, जिसमें जहाजों, नावों, पनडुब्बियों और अन्य जलयानों को डिजाइन किया जाता है। मरीन इंजीनियर समुद्री जहाज के सफलतापूर्वक संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं और समुद्र एवं उसके आसपास उपयोग की जाने वाली मशीनों का डिजाइन, रखरखाव, निर्माण करते हैं। इस विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप गवर्नमेंट एवं प्राइवेट शिपिंग कंपनियों, से क्राफ्ट डिजाइनिंग एवं बिल्डिंग, इंजन प्रोडक्शन फर्म में आकर्षक जॉब हासिल कर सकते हैं। मरीन इंजीनियर के लिए भारत और विदेश में भी करियर के अवसरों की एक विस्तृत गुंजाइश है। भारतीय नौसेना के पनडुब्बी विभाग में जॉब कर सकते हैं।

### योग्यता क्या होगी?

- साइंस बैकग्राउंड के छात्र मरीन इंजीनियरिंग या ओशेन इंजीनियरिंग में बीई या बीटेक कोर्स के साथ इस करियर में दाखिल हो सकते हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग के बाद इस विषय में मास्टर्स कर सकते हैं।

### कहां से करें कोर्स

- इंडियन मेरीटाइम यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- आईआईटी मद्रास
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस मरीन इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराते हैं।

## फॉरेंसिक साइंस

फॉरेंसिक साइंस आपराधिक न्याय प्रणाली का एक अहम हिस्सा है। फॉरेंसिक साइंटिस्ट किसी घटना से जुड़े छोटे-छोटे सुराग के जरिये मुजरिम तक पहुंचने और उनसे संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं को समझने के काम करते हैं। आप अगर साइंस बैकग्राउंड के छात्र हैं और जुर्म करने वाले को किसी भी हाल में सामने लाने का जुनून रखते हैं, तो फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट के लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में जॉब के मौके उपलब्ध हैं। गवर्नमेंट सेक्टर में आप इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई), स्टेट पुलिस फोर्स के क्राइम सेल, गवर्नमेंट व स्टेट फॉरेंसिक लैब में काम कर सकते हैं। वहीं, प्राइवेट सेक्टर में प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी में फॉरेंसिक एक्सपर्ट बन सकते हैं। आप चाहें तो फॉरेंसिक टीचर के रूप में भी करियर बना सकते हैं।

### योग्यता क्या होगी?

साइंस स्ट्रीम से बारहवीं पास करने के बाद आप फॉरेंसिक साइंस में स्नातक कर सकते हैं। स्नातक के बाद फॉरेंसिक साइंस और क्रिमिनोलॉजी में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं, मास्टर करने के लिए आपको फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी, बॉटनी, बायो केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, बी फार्मा, बीडीएस और एप्लाइड साइंस में से किसी एक विषय के साथ न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों से स्नातक पास करना होगा। अगर आप फॉरेंसिक स्पेशलिस्ट बनना चाहते हैं, तो आपको एमबीबीएस डिग्री प्राप्त करनी होगी और इसके बाद फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी में एमडी भी करना होगा।

### कहां से करें कोर्स

- लोक नायक जयप्रकाश नारायण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिमिनोलॉजी एंड फॉरेंसिक साइंस, दिल्ली
- सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, हैदराबाद
- सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, चंडीगढ़
- डॉ भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, आगरा
- गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी
- बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी

इन संस्थानों से आप बीएससी इन फॉरेंसिक साइंस, डिप्लोमा इन फॉरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी, डिप्लोमा इन फॉरेंसिक साइंस एंड लॉ, एमएससी इन क्रिमिनोलॉजी एंड फॉरेंसिक साइंस, एमएससी इन साइबर फॉरेंसिक्स एंड इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी आदि कोर्स कर सकते हैं।



# नीट यूजी के लिए ऐसे करें अप्लाई

भारत में मेडिकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने के लिए, उम्मीदवारों को नीट के लिए परीक्षा दिशानिर्देशों का पालन करना होता है, जो कई कैटेगरी से आने वाले छात्रों के लिए अलग-अलग होती हैं। नीट में शामिल होने के लिए, उम्मीदवारों को एनटीए के तरफ से तय की गई नीट की एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरी करनी होगी। चूंकि, इस बार एनटीए ने नीट के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया बदल दी है, इसमें बिना जीव विज्ञान विषय पढ़े छात्र भी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। आयोग ने नीट में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा क्षेत्र के में विस्तार करने का अहम फैसला लिया है। अब, अलग से विषय के तौर पर जीव विज्ञान या जैव प्रौद्योगिकी पढ़ने वाले उम्मीदवार भी नीट की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इस तरह ऐसे छात्र डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा कर सकते हैं।

## नीट यूजी के लिए स्टेप-बाय-स्टेप ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन

- सबसे पहले, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ऑफिसियल वेबसाइट https://neet.nta.nic.in/ पर जाएं।
- अब, वेबसाइट पर "New Registration" के लिंक को सर्च करके क्लिक करें। अपनी पर्सनल जानकारी, जैसे नाम, डेट ऑफ बर्थ, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज करें। कोशिश करें कि स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरी कर लें।
- फिर अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल करके लॉग इन करें।
- इसके बाद "Fill Application Form" के सेक्शन में जाएं और सभी जानकारी सावधानी से भरें। आपको अपनी निजी जानकारी, एकेडमिक एलिजिबिलिटी, एग्जाम सेंटर से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। यह ध्यान रखें कि सभी जानकारी सही और सटीक हैं।
- डॉक्यूमेंट अपलोड करें, जैसे पासपोर्ट साइज फोटो, सिग्नेचर, 10 वीं और 12 वीं की मार्कशीट आदि। अपलोड किए गए डॉक्युमेंट के साइज और फॉर्मेट वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों के मुताबिक होनी चाहिए।
- एप्लीकेशन फीस का ऑनलाइन पेमेंट करें। पेमेंट के लिए आपको क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- पूरी जानकारी भरने और डॉक्यूमेंट अपलोड करने के बाद, एप्लीकेशन फॉर्म को अच्छी तरह से चेक कर लें। फॉर्म में सारी जानकारी सही होने पर "Final Submit" बटन पर क्लिक करें।

## जरूरी बातें

- अप्लिकेशन फॉर्म भरते समय सावधानी बरतें और किसी भी गलती से बचें, वरना अप्लिकेशन फॉर्म रिजेक्ट हो सकता है।
- एप्लीकेशन फीस का पेमेंट समय से पहले ही कर लें।
- सभी जरूरत के डॉक्यूमेंट अपलोड करें।
- एप्लीकेशन जमा करने से पहले उसकी प्रूफरीडिंग कर लें।
- अधिक जानकारी के लिए एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट से संपर्क करें।

### इन टिप्स को करें फॉलो

- परीक्षा की तैयारी के लिए NCERT की किताबों को पढ़ें।
- पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर का प्रैक्टिस करें।
- पेपर से पहले ऑनलाइन मॉक टेस्ट दें।





**किसी भी छात्र के लिए उसके करियर ऑप्शन का चयन करना एक बेहद ही महत्वपूर्ण निर्णय है। एक बार जब छात्र अपनी ग्रेजुएशन कंप्लीट कर लेते है तो वे अपने करियर को एक शेप देना चाहते है। आर्ट्स में बैचलर डिग्री यानी बीए एक ऐसा कोर्स है, जिसे अधिकतर बच्चे चुनते है।**

# बी.ए. करने के बाद इन करियर फील्ड में करें ट्राई

आटर्स स्ट्रीम के बच्चों के लिए बीए करना एक बेहतर ऑप्शन माना जाता है। हालांकि, इसके बाद आप पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं। इसमें आप इंग्लिश से लेकर पॉलिटिक्स और मनोविज्ञान तक किसी खास विषय को चुनते हैं।

अमूमन यह माना जाता है कि बीए करने के बाद करियर ऑप्शन सीमित हो जाते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आप बीए करने के बाद कई अलग-अलग फील्ड में अपना करियर देख सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि बीए करने के बाद आप किन फील्ड में करियर बना सकते हैं-

## जर्नलिज्म में आजमाएं हाथ

बीए करने के बाद एडवरटाइजिंग या जर्नलिज्म की फील्ड में करियर के अवसर देखे जा सकते हैं। आप बीए करने के बाद जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन से जुड़ा कोर्स कर सकते हैं। इसके बाद आप टीवी से लेकर रेडियो, अखबार व ऑनलाइन वेबसाइट्स आदि के लिए काम कर सकते हैं। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग से लेकर डिजिटल जर्नलिज्म, पॉडकास्ट, ब्लॉग और एड आदि सभी इस फील्ड से जुड़े हुए हैं।

## सिविल सर्विसेज की करें तैयारी

अगर आप चाहें तो बीए करने के बाद सिविल सर्विसेज एग्जाम जैसे यूपीएससी आदि की तैयारी कर सकते हैं। इसके अलावा, स्टेट लेवल एग्जाम का हिस्सा बनें।

अगर आप इसे क्लीयर कर पाते हैं तो आपको बिना किसी परेशानी के आसानी से गवर्नमेंट जॉब मिल जाती है और गवर्नमेंट सर्विसेज का हिस्सा बन जाते हैं।

## करें प्रोफेशनल राइटिंग

बीए करने के बाद आप प्रोफेशनल राइटिंग के क्षेत्र में भी हाथ आजमा सकते हैं। आमतौर पर, यह एक क्रिएटिव फील्ड है, जिसमें आप अपने विचारों को बेहद ही खास तरह से पेश करते हैं। यदि आपके पास साहित्य में डिग्री है, तो आप निश्चित रूप से क्रिएटिव राइटिंग की फील्ड में काम कर सकते हैं। आप स्क्रिप्ट, से लेकर भाषण, स्क्रीनप्ले, कविताएं आदि लिख सकते हैं। अगर आपका लेखन अच्छा है तो आप प्रोफेशनल राइटिंग करके अच्छी खासी कमाई कर सकती है।

## करें लॉ

अगर आप बीए की डिग्री हासिल करने के बाद अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं, तो आप बैचलर ऑफ लॉ या एलएलबी चुन सकते हैं। इस तीन साल के कोर्स के बाद आपको लीगल रीजनिंग से लेकर एनवायरनमेंटल लॉ, इंश्योरेंस लॉ आदि की गहन जानकारी हो जाती है। आप चाहें तो इसके बाद एलएलएम भी कर सकते हैं।

## करें बिजनेस मैनेजमेंट

बीए करने के बाद आप बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह एक साल का शॉर्ट टर्म कोर्स है, जिसमें छात्रों को अलग-अलग बिजनेस एक्टिविटीज और मैनेजमेंट से जुड़े सिद्धांतों का ज्ञान मिलता है। इसके बाद आप कई अलग-अलग आर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस भी सेटअप कर सकते हैं।



# आराध्या की परवरिश को लेकर बोले अभिषेक बच्चन

बेटी की परवरिश और अपने निजी जीवन को लेकर अभिषेक बच्चन ने बात की है। उन्होंने कहा कि माता पिता हमेशा सबसे अच्छे शिक्षक हों जरूरी नहीं है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने पैरेंटिंग को लेकर अपना दृष्टिकोण पर विचार साझा किया। साथ ही उन्होंने युवा पीढ़ी की बदलती मानसिकता पर भी अपने विचार बताए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि माता-पिता सबसे अच्छे शिक्षक हैं या नहीं। मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मुझे लगता है कि हमारी भावनाएं आड़े आती हैं। हमारे बच्चों की यह इच्छा कि वे सब कुछ सही करें और सफल हों और खुद को चोट न पहुंचाएं ऐसा नहीं हो सकता। हम अपने बच्चों के लिए जो सोचते हैं, उससे उन्हें भी नुकसान पहुंच सकता है।

### माता-पिता से सीख मिली

अभिषेक बच्चन ने कहा कि मैंने अपने माता-पिता से जो कुछ भी सीखा उसे समझा। वह उनके व्यवहार को देखकर है, जरूरी नहीं कि उन्होंने मुझे जो बताया है, उससे ही सीखा है।卐 अभिषेक बच्चन ने कहा कि मेरे माता पिता ने हमेशा मुझे अपने फैसले खुद लेने की स्वतंत्रता दी। मैं खुद ये सोचता हूं, कि अगर परिस्थिति में मेरे पापा होते तो क्या करते। उसी हिसाब से मैं भी चीजें करता हूं।

### परवरिश के लेकर बोले अभिषेक

आराध्या की परवरिश को लेकर अभिषेक ने कहा, मुझे लगता है कि आज की जनरेशन वाकई बहुत अलग है। उन्हें किसी भी तरह की पहले से चली आ रही चीजों को जरूरी समझने की जरूरत नहीं है, जैसे हम करते आ रहे हैं। उन्हें लगता है कि वे ये काम बस इसलिए नहीं कर सकते कि उनके माता पिता ने ये काम नहीं किया या मना किया। वे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि अगर माता पिता हैं, या कोई उम्र में बड़ा है तो जरूरी नहीं कि वह सही सलाह दे या हर बात का सही जवाब ही दें।

### इस फिल्म में नजर आए अभिषेक बच्चन

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन को हाल ही में आई फिल्म आई वांट टू टॉक में देखा गया। हालांकि, यह फिल्म फैंस पर अपना कुछ खास जादू नहीं चला सकी थी। आई वांट टू टॉक अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। इसकी घोषणा खुद सुजीत सरकार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की।



# फिल्म धूम धाम में प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं यामी गौतम

**प्यार, हंसी और शादी की रस्मों से सजी फिल्म धूम धाम ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में यामी गौतम प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन ऋषभ सेठ ने किया है। फिल्म का प्रोडक्शन आदित्य धर और लोकेश धर ने किया है। फिल्म 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली है।**



### ऐसी है फिल्म की कहानी

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की जोड़ी को फिल्म में देखा जाने वाला है। ये कहानी है कोयल और वीर की। वीर एक मम्मा बॉय है जो कि एक एनिमल डॉक्टर भी है। वहीं, यामी गौतम के किरदार कोयल चुलबुली सी लड़की है। फिल्म का टीजर आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ है। इसमें कोयल और वीर की लव स्टोरी में ड्रामा और कॉमेडी की मिली जुली झलक दिखाई दे रही है। फिल्म को लेकर आदित्य धर ने कहा कि वह कुछ अलग और मनोरंजक बनाना चाहते थे। जहां हंसी, एक्शन और रोमांस शामिल हो। फिल्म में फैंस को यामी और प्रतीक की जोड़ी देखने को मिलने वाली है।

### इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म धूम धाम ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। ओरिजन फिल्म की निर्देशक रुचिका कपूर शेख ने कहा, धूम धाम एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जो शादी के दिन कुछ अलग सी ही चीजें लेकर आता है। इस फिल्म के जरिए हम अपने दर्शकों का मनोरंजन कर सकेंगे।



# बॉलीवुड में करियर बनाना चाहते हैं यशवर्धन

बॉलीवुड स्टार किड्स का फिल्मों में आना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने फिल्म आजाद के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन फिल्म में राशा का डांस और अभिनय प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। वहीं अब गोविंदा के बेटे यशवर्धन भी बॉलीवुड फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं।

गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा और बाबिल एक फिल्म में साथ काम सकते हैं। कथित तौर पर यशवर्धन आहूजा, साई राजेश द्वारा निर्देशित आगामी अनाम रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में एक और स्टार किड भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ सकता है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान हैं।

### पिता के नक्शेकदम पर यशवर्धन

दरअसल, कथित तौर पर फिल्म निर्माता अपनी रोमांटिक फिल्म के लिए नए चेहरा चाहते हैं, जिसके चलते बाबिल खान और यशवर्धन आहूजा को कास्ट करने की योजना बनाई जा रही है। अल्लू अरविंद और एसकेएन फिल्म्स के सहयोग से मधु मंटेना द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन साई राजेश करेंगे, जो कलर फोटो, हृदय कलेयम और बेबी जैसी बेहतरीन तमिल फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं।

# धूम 4 की स्टार कास्ट फाइनल? अभिषेक बच्चन को विक्की कौशल ने किया रिप्लेस

बॉलीवुड की एक्शन ड्रामा फिल्म धूम 4 को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि इस फिल्म में नई स्टार कास्ट को फाइल कर लिया है। अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के रोल में कथित तौर पर इस बार बॉलीवुड के ये स्टार्स नजर आएंगे। धूम 4 में विक्की कौशल इस फैंचाइजी में शामिल हो सकते हैं और अभिषेक की जगह ले सकते हैं। धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य खलनायक की भूमिका में होंगे। हालांकि जूनियर बच्चन की जगह कोई और ले सकता है, लेकिन उदय चोपड़ा की जगह कौन ले सकता है? मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्की कौशल ने वाईआरएफ के प्रमुख आदित्य चोपड़ा से मुलाकात की, जिन्होंने अभिनेता को दो प्रोजेक्ट्स में कास्ट करने के लिए कहा है, जिनमें से एक धूम 4 है। विक्की को अभिषेक बच्चन (एसीपी जय दीक्षित) की पुलिस वाले की भूमिका मिलेगी। धूम 4 के अलावा, विक्की को आलिया भट्ट की अल्फा में भी देखा जा सकता है। बहरहाल, अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



# हॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्रियों के बराबर हैं बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश अदाकारा मौनी रॉय

मौनी रॉय को भारत की सबसे स्टाइलिश स्टार्स में से एक के रूप में तेज़ी से उभरना सरप्राइज से कम नहीं है। प्रेस इवेंट में चमकदार उपस्थिति से लेकर लंदन फैशन वीक में धूम मचाने और यहां तक कि इबीसा में आकर्षक हॉलिडे लुक पेश करने तक, मौनी की फैशन यात्रा ग्लोबल ट्रेंड और व्यक्तिगत आकर्षण का एक बेहतरीन मिश्रण दर्शाती है। जो चीज़ उन्हें अपने कई समकालीनों से अलग करती है, वह अपने विशिष्ट, फैशन-फ़ॉरवर्ड सौंदर्य के प्रति सच्चे रहते हुए सहजता से हॉलीवुड-स्तर के ग्लैमर को प्रसारित करने की उनकी क्षमता है। चाहे वह बोल्ड मोनोक्रोम सूट, रॉकिंग स्ट्रक्चर्ड कॉउचर गाउन, या जीवंत वेकेशन वियर को अपनाना हो, मौनी की पोशाक पसंद हमेशा सही केंद्र पर होती है। विस्तार पर उनकी पैनी नज़र, त्रुटिहीन एक्सेसरीज़ का चयन, और क्या काम करता है इसकी सहज समझ उन्हें हर जगह महिलाओं के लिए स्टाइल प्रेरणा बनाती है।

**सहज फैशन** – मौनी रॉय की फैशन पसंद सोफेस्टिकेशन, टाइमलेस और कॉन्टेंप्रोरी स्वभाव के बीच एक आदर्श संतुलन दर्शाती है। चाहे वह रेड कार्पेट इवेंट हो या इबीसा में छुट्टी पर एक आकस्मिक दिन, उनका लुक शानदार, ठाठदार और हमेशा अंतरराष्ट्रीय रुझानों के साथ तालमेल में होता है, जो उन्हें अपने साथियों के बीच अलग बनाता है।

**हॉलीवुड आइकॉन के बराबर रेड कार्पेट ग्लैमर** – कान्स के ग्लैमर को उजागर करने वाले शानदार गाउन से लेकर हॉलीवुड के सर्वश्रेष्ठ संरचित एलबीडी तक, मौनी की रेड कार्पेट उपस्थिति अनुग्रह और शिष्टता में एक मास्टरक्लास होते है। वह सुनिश्चित करती हैं कि उनका लुक विश्व स्तर पर प्रासंगिक और इंस्टाग्राम-योग्य हो।

**रुझानों के प्रति एक साहसी दृष्टिकोण** – हॉलीवुड के ट्रेंडसेटरों की तरह, मौनी प्रेस मीट, मूवी स्क्रीनिंग और डेट नाइट्स में फैशन-फ़ॉरवर्ड शैलियों के साथ प्रयोग करने में निडर हैं। उन्होंने विविध सौंदर्यशास्त्र को अपनाने में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए, बोल्ड मोनोक्रोमैटिक पावर सूट से लेकर अलौकिक लहंगे तक सब कुछ सफलतापूर्वक किया है।

**बेदाग स्टाइल और बारीकियों पर ध्यान** – मौनी अपने लुक को सटीकता के साथ तैयार करती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर चीज़-बाल और मेकअप से लेकर पोशाक समन्वय तक – सहजता से फिट बैठता है और एक कहानी कहता है। विस्तार पर उनका बहुत ध्यान और उच्च गुणवत्ता वाली टेलरिंग के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें हॉलीवुड के अभिजात वर्ग की तुलना में एक शानदार बढ़त देती है।





# साउथ फिल्म कन्नप्पा में महादेव के किरदार में नजर आएंगे अक्षय कुमार

साउथ फिल्म कन्नप्पा का एलान पिछले साल हुआ था। फिल्म से लगातार हर एक अभिनेता का लुक सामने आ चुका है। विष्णु मांचू से लेकर माता पार्वती के किरदार में काजल अग्रवाल का लुक भी सामने आ चुका है। वहीं आज कुछ ही देर पहले अक्षय कुमार का महादेव के रुद्र अवतार में लुक जारी किया गया है। इस लुक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच आज फिल्म निर्माताओं ने साउथ फिल्म कन्नप्पा से अक्षय कुमार के लुक का एक पोस्टर जारी किया है, जिससे साफ हो गया है कि अक्षय कुमार फिल्म में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे।

कन्नप्पा मूवी से अक्षय कुमार का फुल लुक सामने आ चुका है। वह कन्नप्पा में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में डमरू लिए हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके माथे पर भस्म लगी हुई है। भगवान शिव के अवतार में उन्हें एक बार फिर से देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। इस फिल्म से पहले अक्षय फिल्म ओ माय गॉड में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं। अक्षय कुमार ने कन्नप्पा से अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखते हुए। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करने का गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय।

मोहन बाबू निर्मित कन्नप्पा में लीड रोल में विष्णु मांचू निभा रहे हैं। भगवान शिव पर आधारित पौराणिक फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, मोहनलाल, सरथकुमार, मधु, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल और ब्रह्मनंदन जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# दलपति 69 के बाद एक और फिल्म करेंगे विजय? आधिकारिक घोषणा का इंतजार

दलपति विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दलपति 69 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हालांकि, पहले यह जानकारी सामने आई थी कि इस फिल्म को पूरी करने के बाद वह फिल्मों से संन्यास ले लेंगे, लेकिन अब जानकारी के अनुसार दलपति 70 भी आ सकती है, जिसने प्रशंसकों की उत्सुक्ता को और अधिक बढ़ा दिया है।

विजय की अगली फिल्म का नाम दलपति 70 हो सकता है?

कथित तौर पर पिछले साल विजय ने अपने प्रशंसकों से कहा था कि दलपति69 के सिनेमाघरों में आने के बाद वह फिल्में छोड़ देंगे और सक्रिय राजनीति में अधिक समय बिताएंगे। लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दलपति 69 के बाद दलपति70 में भी नजर आ सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह विजय के प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। पिछले कुछ दिनों से, अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय अपनी 70वीं फिल्म में अभिनय करने पर विचार कर रहे हैं। जाहिर है, अभिनेता ने अपने द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम निर्देशक वेंकट प्रभु से अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए स्क्रिप्ट लिखने के लिए कहा है। तमिल प्रोडक्शन हाउस 7 स्क्रीन स्टूडियो, जिसने विजय की मास्टर और लियो को बनाया था, दलपति 70 को बनाएगा। कहने की जरूरत नहीं है कि विजय के प्रशंसक चल रही चर्चा से बहुत खुश हैं, और वे इस आगामी परियोजना के बारे में आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

